राष्ट्रीय दैनिक

प्रात: किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 पेपर लीक कैसे हुआ है, कोन है...

रूस पर अमेरिकी हमला हुआ तो... 12

वर्ष : 11 | अंक : 306 | पटना, मंगलवार, 19 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 26°C
न्यूनतम तापमान 19°C

बाजार

सोना 67,465
चांदी 77,800
संसेक्स 72,748
निफ्टी 22,055

लोस चुनाव : बिहार में एनडीए के बीच सीट शेयरिंग फाइनल

भाजपा 17 व जदयू 16 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

- लोजपा (आर) 5 तो हम और रालोमो को एक-एक सीट
- एकजुटता से 40 सीटों पर लड़ेंगे और जीत कर आएंगे : तावड़े

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी 17, जनता दल यूनाइटेड जदयू 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में एक साथ इसका ऐलान किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। सभी नेताओं ने सीट बंटवारे पर संतोष व्यक्त किया। श्री तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल-भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव चिह्न भले ही अलग हों लेकिन सभी पांचों दल एक साथ सभी 40 सीटों पर ताकत लगाएंगे और जीत कर आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा पांच सीटों पर तथा हम एवं रालोमो एक एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। भाजपा महासचिव ने कहा कि भाजपा जिन सीटों पर लड़ेगी, वे हैं -पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर एवं सासाराम। जदयू जिन सीटों पर लड़ेगी, वे हैं - वाल्मीकिनगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद एवं शिवहर। लोजपा को वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया एवं जमुई सीटें मिलीं हैं। हम को गया और रालोमो को काराकाट सीट दी गयी है। इससे पहले भाजपा के कोर समूह की बैठक में सीटों के बारे में मुहर लगायी गयी। आशा है कि जल्दी ही उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी जाएगी।

इंडी गठबंधन जीरो पर होगा आउट : सम्राट

पटना। बिहार एनडीए में लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों के बंटवारा के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में एनडीए पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने कहा कि एनडीए के कौन सा दल कितनी-कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा, इसकी आधिकारिक घोषणा के साथ ही धटक दलों के कार्यकर्ता कमर कस कर मैदान में उतर चुके हैं। बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए एकजुट होकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के संकल्प के साथ चुनाव लड़ेगा और सभी सीटों पर जीत हासिल करेगा। बिहार की जनता पहले से ही एनडीए के पक्ष में वोट करने का मन बना चुकी है, क्योंकि उसे नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में परिवारवादी, भ्रष्टाचारी इंडी गठबंधन का कोई अस्तित्व नहीं है। इंडी गठबंधन का यहां खाता भी नहीं खुलने वाला है। वह बिहार में जीरो पर आउट होगा।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर किया करारा प्रहार

शक्ति पर वार का मतलब देश की माताओं-बहनों पर वार है : मोदी

अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है

प्रात : किरण

शिवमोगा/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर हिन्दू धर्म में समाहित शक्ति के विनाश का ऐलान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नारी और शक्ति का हर उपासक उसे इसका जवाब देगा। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, कल मुंबई में इंडी अलायंस की तरफ से एक खुला ऐलान किया गया है। वे लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का उन्होंने ऐलान कर दिया है। अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है। शिवमोगा की रैली में मोदी ने कहा, मैं जब सार्वजनिक जीवन में आया जब मैंने अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण लोगों की सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया तो मुझे इसी शक्ति ने ऊर्जा दी। आज भी मैं शक्ति की उपासना करता हूं, देश के कोटि-कोटि लोग हिंदू धर्म की इस शक्ति के उपासक हैं। मेरे लिए देश की नारी शक्ति, इसी शक्ति का प्रतिबिंब है। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडी अलायंस के लोग इस शक्ति को कुचलना और तबाह करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री विपक्षी गठबंधन को अक्सर इंडी गठबंधन कहते हैं।

मोदी ने कहा, इन्हें मां भारती की बढ़ती शक्ति से नफरत हो रही है। भारतीय नारी का उत्थान इन्हें पसंद नहीं है। शक्ति पर वार का मतलब है देश की माताओं-बहनों पर वार। नारी कल्याण की योजनाओं पर वार। मां भारती की शक्ति पर वार। यही शक्ति है जिसके अवतरण से भारत की भूमि से आतंक और अत्याचार का अंत होता है। इंडी ने इसी शक्ति को ललकारा है। कांग्रेस को इसका जवाब हर नारी और शक्ति का हर उपासक देगा। चार जून को पता लग जाएगा। प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दल शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पर भी निशाना साधा और कहा कि कल शिवाजी पार्क में शक्ति के विनाश का ऐलान हो रहा था तब वह सोच रहे थे कि बाला साहेब ठाकरे की आत्मा को कितना दुख पहुंचा होगा। उन्होंने कहा, वह भी शिवाजी पार्क में। उस भूमि पर जहां का बच्चा जन्म से जय भवानी, जय शिवाजी का जयकारा लगाता है। नारी को शक्ति का प्रतिबिंब करार देते हुए मोदी ने कहा कि आजादी के बाद आज तक किसी सरकार ने महिला सशक्तीकरण पर इतना बल नहीं दिया जितना उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दिया है। कांग्रेस को सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने वाली पार्टी करार देते हुए उन्होंने उसपर देश को जाति, धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्र और भाषा में बांटने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने सत्ता के लिए देश का बंटवारा भी कर दिया। इतने से संतोष नहीं हो रहा है। अब वह फिर देश को बांटने वाले खतरनाक खेल खेलने लगी है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक के एक कांग्रेस सांसद ने देश को बांटने का बयान दिया लेकिन ऐसे सांसद को निकाल फेंकने के बजाय कांग्रेस उसका बचाव कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री ने फिर से रूस का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर पुतिन को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को फिर से रूस का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर व्लादिमीर पुतिन को बधाई दी और कहा कि वह आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी विशेष एवं विशेषाधिकृत रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। रूस में राष्ट्रपति पद के लिए रविवार को संपन्न हुए एकतरफा चुनाव के शुरूआती रुझान के अनुसार, सत्ता पर करीब 25 साल से काबिज राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 88 प्रतिशत वोट मिले हैं। रूस के केंद्रीय निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतदान समाप्त होने पर 24 प्रतिशत क्षेत्रों में मतों की गिनती के शुरूआती रुझानों से पता चला कि पुतिन के समर्थन में लगभग 88 प्रतिशत वोट पड़े। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, व्लादिमीर पुतिन को रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में उनके पुनः निर्वाचन पर हार्दिक बधाई। मैं आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी विशेष एवं विशेषाधिकृत रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

सीट बंटवारे को दो-तीन दिन में दे दिया जाएगा अंतिम रूप : तेजस्वी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। रविवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस द्वारा आयोजित एक रैली में भाग लेने के बाद यहां आए राजद नेता ने कहा कि ज्यादातर मुद्दों को सुलझा लिया गया है और केवल एक या दो सीटों पर मुद्दे बचे हैं। यादव ने यहां संवाददाताओं को बताया, दो-तीन दिन में सब कुछ तय हो जाएगा। यह अंतिम चरण में है। एक-दो सीटों को लेकर कुछ मुद्दे हैं, लेकिन सब कुछ सुलझा लिया जाएगा। राजद, कांग्रेस, वामपंथी दल और कुछ अन्य छोटे दल लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से मुकाबला करने के लिए सीटों के बंटवारे पर बातचीत कर रहे हैं।

कोलकाता : निर्माणाधीन इमारत ढहने से सात लोगों की मौत

- ममता ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में एक निमाणार्धीन पांच मंजिला इमारत ढहने से दो महिलाओं सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटनास्थल पर बचाव अभियान में लगे अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कम से कम चार लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। उनमें से केवल एक के ही जीवित होने के संकेत हैं। कोलकाता के महापौर फिरहद हकीम ने कहा कि घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है जहां यह इमारत अवैध रूप से बनायी जा रही थी। हाकिम ने बताया कि इमारत के प्रवर्तक मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शहर के पश्चिमी इलाके

में अजान मुल्ला लेन में घटनास्थल का दौरा किया और स्थानीय निवासियों को अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। हाकिम ने कहा, एक भीषण हादसे में आधी रात के करीब एक निमाणार्धीन पांच मंजिला इमारत ढह गयी जिसमें दो महिलाओं सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कोलकाता नगर निगम के गार्डन रीच इलाके में एक निमाणार्धीन इमारत ढहने की खबर के बारे में जानकर दुख हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक मृतक और घायल व्यक्ति के परिजनों को मुआवजा देगी। ममता ने कहा, हम पीड़ित परिवारों के साथ हैं और बचाव अभियान जारी रहेगा।

खगड़िया में एसयूवी-ट्रैक्टर की टक्कर में आठ लोगों की मौत, छह घायल

- ट्रैक्टर से टकरा कर एसयूवी वाहन खड्ड में पलटा

प्रात : किरण

खगड़िया/एजेंसी। बिहार के खगड़िया जिले में सोमवार को सुबह एक ट्रैक्टर के साथ टक्कर के बाद एक एसयूवी वाहन के सड़क के किनारे खड्ड में पलट गया जिससे उस पर सवार तीन बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गए। खगड़िया जिला पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पसराहा थाना क्षेत्र में दो वाहनों की टक्कर में आठ लोगों की जान चली गई और तीन व्यक्ति घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। सोमवार की सुबह पांच बज कर करीब पंद्रह मिनट पर पसराहा थाना पुलिस को सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर एक पेट्रोल पंप से लगभग 200 मीटर दूर सड़क दुर्घटना हुई है। वरिष्ठ पदाधिकारियों को सूचित कर पसराहा थाना पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुँची।

घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पता चला कि चार पहिया एसयूवी वाहन एवं सीमेंट की बोरियों से लदे एक ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई और फिर एसयूवी वाहन सड़क के किनारे एक गड्ढे में पलट गया। हादसे में सात लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

चार अन्य घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए पुलिस की मदद से खगड़िया सदर अस्पताल भेजा गया। वहां इलाज के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि तीनों घायलों को बेहतर ईलाज के लिए भागलपुर रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों एवं घायल व्यक्तियों ने बताया कि एसयूवी वाहन में सवार सभी लोग एक बारात में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे। घटनास्थल पर गोगरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा पसराहा थानाध्यक्ष मौजूद हैं। मृतकों के नाम गौतम कुमार, मोनू कुमार, दिलखुश कुमार, अमन कुमार, बंटी कुमार, अंशु कुमार, पालेश्वर ठाकुर और प्रकाश सिंह हैं। सभी मृतक खगड़िया जिला के परबत्ता और भरतखंड थाना क्षेत्र के निवासी हैं ।

मैंने जिस शक्ति का उल्लेख किया उसके अर्थ को बदल दिया गया : राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शक्ति वाले अपने बयान पर खड़े हुए राजनीतिक विवाद की पृष्ठभूमि में सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की है, जबकि उन्होंने जिस शक्ति का उल्लेख किया था उसका मुखौटा प्रधानमंत्री खुद हैं। उन्होने यह दावा भी किया कि जिस शक्ति के खिलाफ वह लड़ने की बात कर रहे हैं उसने सभी संस्थाओं और संवैधानिक ढांचे को अपने चंगुल में दबोच लिया है। राहुल गांधी ने रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है? जैसे किसी ने यहां कहा कि राजा की आत्मा ईवीएम में है। सही है सही है कि राजा की आत्मा ईवीएम में है हिंदुस्तान की हर संस्था में है। ईडी में है, सीबीआई में है, आयकर विभाग में है। इसको लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर मुंबई की रैली में शक्ति के विनाश का बिगुल फूंकने का आरोप लगाते हुए

सोमवार को कहा कि उनके लिए हर मां-बेटी शक्ति का स्वरूप है और वह उनके लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे। तेलंगाना के जगतियाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में लड़ाई शक्ति के विनाशकों और शक्ति के उपासकों के बीच है तथा चार जून को स्पष्ट हो जाएगा कि कौन शक्ति का विनाश करने वाले हैं और किसे शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त है। राहुल गांधी ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, मोदी जी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मैंने एक गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं।

आदेश | **भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा**

एसबीआई चुनिंदा रवैया नहीं अपना सकता, उसे चुनावी बॉण्ड संख्याओं का खुलासा करना पड़ेगा : न्यायालय

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक चुनिंदा रवैया नहीं अपना सकता और उसे चुनावी बॉण्ड की सभी संभावित जानकारियों का खुलासा करना पड़ेगा जिसमें विशिष्ट बॉण्ड संख्याएं भी शामिल हैं जिससे खरीदार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दल के बीच राजनीतिक संबंध का खुलासा होगा। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड मामले में अपने फैसले में बैंक से बॉण्ड के सभी विवरण का खुलासा करने को कहा था तथा उसे इस संबंध में और आदेश

का इंतजार नहीं करना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से कहा, हमने एसबीआई से सभी जानकारियों का खुलासा करने के लिए कहा था जिसमें चुनावी बॉण्ड संख्याएं भी शामिल हैं। एसबीआई विवरण का खुलासा करने में चुनिंदा रुख न अपनाए। पिछले सप्ताह न्यायालय ने देश के सबसे बड़े बैंक को अपने निदेर्शों के अनुपालन में विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा न करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था और कहा था कि एसबीआई उन संख्याओं के खुलासे के लिए कर्तव्यबद्ध था। उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड मामले में औद्योगिकी निकायों, एसोचैम और कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की गैर-सूचीबद्ध याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार किया। उसने बॉण्ड विवरण का खुलासा करने पर उसके फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध करने वाले ह्यसुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के पत्र पर विचार करने से भी इनकार कर दिया। सीजेआई ने एससीबीए अध्यक्ष से कहा, आपने मेरी स्वतः संज्ञान संबंधी शक्तियों को लेकर पत्र लिखा है, ये सभी प्रचार संबंधी चीजें हैं, हम इसमें नहीं पड़ेंगे। याचिकाकर्ता गैर लाभकारी संगठन की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि प्रमुख राजनीतिक दलों ने दानदाताओं का विवरण नहीं दिया है, केवल कुछ दलों ने दिया है। उच्चतम न्यायालय ने 12 अप्रैल 2019 को एक अंतरिम आदेश पारित कर राजनीतिक दल, उन्हें मिले चंदे और आगे मिलने वाले चंदे के बारे में जानकारी एक सीलबंद लिफाफे में निर्वाचन आयोग को देने के लिए कहा था।

सीटों की अदला-बदली से तीन सांसदों का पत्ता साफ !

पटना। सीटों के अदला बदली में तीन सांसदों का पत्ता साफ हो गया है। अब पार्टी इन सांसदों को दूसरे सीटों पर मौका देती है या नहीं। यह आने वाला समय बताएगा। बताते चलें कि दिल्ली के बीजेपी कार्यालय में हुए प्रेस कांफ्रेंस में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे का एलान किया गया। इसके मुताबिक भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा रामविलास पांच सीटों पर, उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो एक सीट पर और जीतन राम मांझी की हम एक सीट पर चुनाव लडेगी। दरअसल, पिछली दफे बीजेपी और जदयू 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। लोजपा को 6 सीट मिली थी। लोजपा बाद में दो हिस्सों में विभाजित हुई। सिर्फ एक सांसद वाली चिराग के नेतृत्व वाले लोजपा(रामविलास) को पांच सीट दी गयी है। सीट बंटवारे में तय फामूर्ले के मुताबिक जदयू ने अपनी दो सीटिंग सीट छोड़ी है।

छह विधायकों को अयोग्य ठहराने के विस अध्यक्ष के फैसले पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर राज्यसभा चुनाव के दौरान मतदान के लिए अयोग्य ठहराए जाने के फैसले के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के छह कांग्रेस विधायकों की याचिका पर सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया लेकिन उनके फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उन छह विधायकों की याचिका पर विचार करने का फैसला किया, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के 29 फरवरी के आदेश पर रोक लगाने की उनकी गुहार ठुकरा दी। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई मई में करेगी। पीठ ने कहा, हम नोटिस जारी कर सकते हैं। अध्यक्ष के आदेश पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अयोग्य घोषित विधायकों का पक्ष वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने रखा। उन्होंने अदालत से विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। दूसरी ओर, वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने विधानसभा अध्यक्ष का पक्ष रखा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई छह मई

2024 को करेगी। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 29 फरवरी 2024 को कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार ए एम सिंघवी को वोट न देने को पार्टी व्हिप का उल्लंघन मानते हुए छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। छह विधायकों में- राजिंदर सिंह राणा, सुधीर शर्मा, चैतन्य शर्मा, रवि ठाकुर, इंदर दत्त लखनपाल और दविंदर भुट्टो शामिल हैं। माना जाता है कि राज्यसभा चुनाव में इन विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी।

जेनरल ओटी सर्जरी का दोनों लेप्रोस्कोपी मशीन छह माह से खराब

बिना मशीन के निश्चेतना विभाग में पीजी छात्रों को लेप्रोस्कोपी विधि को बताया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेनरल सर्जरी आपरेशन थिएटर में दो लेप्रोस्कोपी मशीन है। फिलहाल दोनों मशीन पिछले करीब छह माह से खराब पड़ा है। इस कारण से निश्चेतना और सर्जरी विभाग के पीजी छात्रों को सीखने और काम करने का मौका नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर मरीज का लेप्रोस्कोपी मशीन के खराब रहने से वह बिना आपरेशन कराए लौटने को विवश होना पड़ रहा है। बताया जाता है कि वर्ष 2004 में एक लेप्रोस्कोपिक सेट आया था। इसके बाद दूसरा वर्ष 2013 में आया था। मरीजों को दोनों मशीन का लाभ मिल रहा था। आपरेशन भी अधिक हो रहा था। मगर पिछले नवंबर, 23 से दोनों लेप्रोस्कोपी सेट खराब पड़ा है। लेप्रोस्कोपी सेट से आपरेशन कराने को लेकर मरीज एनएमसीएच में आते हैं, मगर इंडोर में भर्ती होने के बाद जब पता चलता है कि मशीन खराब है, तो ओपेन सर्जरी कराने के बजाए लौट जाते हैं। इसी साल मार्च के दूसरे सप्ताह में निश्चेतना विभाग में लेप्रोस्कोपिक विधि से न केवल ऑपरेशन बल्कि उपचार भी किया जाता है। इसमें किडनी स्टोन, किडनी कैंसर, कार्निया, अपेंडिक्स आदि शामिल है। इस बारे में पीजी के छात्रों को सर्जरी में निश्चेतना की विभिन्न विधि की जानकारी दी गई थी। हालांकि इस संबंध में सर्जरी और निश्चेतना विभाग में चर्चा का विषय रहा कि जब लेप्रोस्कोपिक मशीन पिछले छह माह से बंद है, तो सर्जरी या एनेस्थीसिया विभाग के पीजी छात्रों का एक्स्पोजर कहां से होगा। बताया जाता है कि एनेस्थीसिया और सर्जरी विभाग के द्वारा अनेक बार अधीक्षक को लिखकर दिया गया है, मगर अब तक नया लेप्रोस्कोपिक मशीन की आपूर्ति नहीं की जा सकी है। इस संबंध में जब अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह को इस समस्या को लेकर बात की गई, तो उनका कहना था कि मामला गंभीर है। वह इसे गंभीरता से लेते हुए पहल करेंगी।

नगर निगम की ओर से हटाया गया पोस्टर-बैनर, वॉल राइटिंग को मिटाया

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। पटना नगर निगम के सिटी और अजीमाबाद अचंल की ओर से सरकारी संपत्ति पर लगे अवैध बैनर और पोस्टर को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में अजीमाबाद अंचल के मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि गायघाट, डंका इमली, आंबेडकर गोलंबर, अगमकुआं आदि स्थानों पर से अवैध पोस्टर और बैनर को हटाने का अभियान चलाया गया। दोनों अंचल में टीम ने लगभग अनेक अवैध बैनर-पोस्टर को हटाया गया। अभियान में टास्क फोर्स के सदस्यों में मिथिलेश कुमार, चंदू कुमार आदि शामिल थे। अजीमाबाद अंचल के ईओ श्रेया कश्यप ने कहा कि जिला निर्वाचन शाखा के आदेश के आलोक में शुरू किया गया अभियान निरंतर चलता रहेगा।

श्रेया कश्यप ईओ बनीं: पटना नगर के अजीमाबाद आंचल के कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर श्रेया कश्यप ने पदभार संभाल लिया है। वे भोजपुर के पीरो एसडीओ के पद से स्थानांतरित हो यहां पदभार ग्रहण की हैं।

संक्षिप्त खबरें

गड्ढे में गिरने से एक कार सवार युवक की मौत

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत देर रात अनियंत्रित कार कोथवां नहर रोड स्थित नाले में जां पलटी। पानी अधिक होने से कार उसमें डूब गया। जिससे चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गभीरावस्था में लोगो ने चालक निकाल कर पटना स्थित निजी अस्पताल ले गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची रूपसपुर पुलिस मामले की छानबीन में लगी। मिली जानकारी के अनुसार खगौल थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर निवासी राम बालक सिंह का पुत्र रणधीर कुमार उम्र30 विती रात घर से अपने ससुराल कुरथौल जाने के लिए कार से निकला था। इसी क्रम में कोथवां नहर रोड में कार अनियत्रित होकर नाले में जा कर पलट गयी। कार के साथ रणधीर भी नाले के पानी में चला गया। लोगो ने किसी तरह कार और रणधीर को बाहर निकाला। जख्मी हालत में रणधीर को अस्पताल भेजा।

इमामबाड़ा में सात रोजा तरावीह कुरान का पाठ का इहतेमाम किया गया

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत बड़ी खगौल इमामबाड़ा में सात रोजा तरावीह कुरान का पाठ का इहतेमाम किया गया था ,तरावीह की नमाज , हजरत अल्लामा हाफिज वा कारी मोहम्मद मुस्तफा रजा खां कुम्मा सीतामढ़ी ने पढ़ाई ,इनकी केरात वा तकारीर से तरावीह पढ़ने वाले बहुत मुतास्सिर थे ,इन्हे खूब दुवाओ से नवाजा ,सात ही तरावीह के ऐखतेताम पर उन्हे नजराना पेश किया गया ,इस मोका पर सभी नमाजी हजरात ने खुदा की बारगाह में मुल्क की तरक्की वा बाहामी भाई चारे के फरोग के लिए खुसूसी दुवा की गई , इस मोका कारी शमशाद साहब इमाम जामा मस्जिद जमालुद्दीन चक खुसीशी तौर पर शामिल हुए इनके इलावा अशफाक आलम ऊर्फ बबलू, वकील अहमद , फरोग महमूद ऊर्फ रिंकू , शहजादा आलम , महफूज आलम ,वसीम अकरम , ,आजाद खान ,अबु तलहा महमूद वा बड़ी तादाद में बड़े बुजुर्ग मौजूद थे।

भाजपा ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

फतुहा। सोमवार को भाजपा नेता केशर प्रसाद के आवास पर लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा विस्तारक सुरेश प्रसाद ने किया। बैठक में भाजपा नेता केशर प्रसाद, पूर्व मुखिया मिथलेश कुमार, नगर उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, सत्येन्द्र पासवान, राजेश्वर प्रसाद, विरेन्द्र कुमार सिन्हा, किसान मोर्चा महामंत्री सच्चिदानंद यादव, सागर गुप्ता, बबलू साह, दिलीप पासवान, प्रदीप जी, गणेश सिंह, किरण देवी, प्रमीला देवी, शांति देवी एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

आज दो घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

फतुहा। मंगलवार को सुबह 10:30 बजे से 12:30 दोपहर तक फतुहा ग्रिड में मेंटेनेंस के कार्य किए जाएगा जिसके चलते सभी 33 केवी फीडर अल्ट्राटेक फतुहा, दनियावां, खुसरूपुर इंडस्ट्रियल इत्यादि सभी बंद रहेंगे और इस दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी सहायक विद्युत अभियंता आजाद कुमार सिंह ने दिया।

बदमाशों ने दवा छिड़काव कर फसल को किया बर्बाद

फतुहा। बदमाशों द्वारा साढ़े तीन बीघे की खेत में लगे प्याज की फसल को दवा छिड़काव कर जला देने का मामला सामने आया है। यह घटना थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव की है। इस सन्दर्भ में पीड़ित खेत मालिक सह किसान शशि शेखर मयूख ने बदमाशों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पीड़ित शशि शेखर की माने तो प्याज की फसल के देखरेख के लिए बगल के गांव के ही एक प्रहरी को रखा गया था। बीते रात जहानाबाद के दो तीन लोग आए और प्रहरी को जान मारने की धमकी देकर खेत पर से भगा दिया। इसके बाद बदमाशों ने खेत में दवा का छिड़काव कर प्याज की फसल को बर्बाद कर दिया। प्रहरी के द्वारा मिले सूचना पर जब खेत पर आया तो देखा कि प्याज की सारी फसल बर्बाद हो गयी है।

श्री मद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन

पटना। दीघा फेयर फील्ड कालोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का षष्ठम दिवस में कथा श्रवण कर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। श्री धाम वृंदावन से पधारे परम श्रद्धेय श्री कृष्ण मुरारी जी महाराज ने योगेश्वर श्री कृष्ण की अनन्य लीलाओं के साथ रुक्मणी विवाह का प्रसंग श्रवण कराया जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। भागवत कथा को सुनने के लिए हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे। इस पावन पुनीत कथा के मुख्य यजमान श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, खुशवबू सिंह उनके माता पिता, तथा श्री कृष्ण कुमार सिंह जी, विक्की जी सबने मिलकर इस आयोजन में अपनी सहभागिता दी। पूज्य महाराज श्री के श्री मुख से प्रतिदिन हजारों श्रोता अपने आप को धन्य मान रहे हैं।

पिस्टल के बल पर एक महिला से सोने की चेन बदमाशों ने छीना

दानापुर। नगर के अंतर्गत गोला रोड इलाके में चेन स्नैचिंग, मोबाइल व बाइक की चोरी में काफी वारदात सामने देखने को मिल रही है। सोमवार की सुबह भी दिनदहाड़े मंगलम विहार रोड पर पिस्टल के बल पर एक महिला से सोने की चेन छीनने का घटना सामने आया है। वारदात के बाद जहां पीड़ित महिला डरी सहमी है वहीं इलाके लोगों का खौफ सा माहौल बना हुआ है।

जजेज कॉलोनी, मंगलम विहार इलाके के देवेन्द्रम लक्ष्मी अपार्टमेंट में रहने वाली रूपेश कुमार की पत्नी गुड़िया कुमारी सोमवार की सुबह 9:30 बजे अपने स्कूटी से पुत्र को पास के डीएवी स्कूल में छोड़ने जा रही थी। मंगलम कॉलोनी मोड़ के पास पहुंचने बाइक पर सवार दो बदमाश महिला की स्कूटी को ओवर टेक कर रोक लिया। एक बदमाश ने कमर से पिस्टल निकाल महिला पर तान दिया। महिला पिस्टल देखकर स्कूटी समेत गिर पड़ी। पीछे बैठा उसका पुत्र भी गिर पड़ा। पुत्र संभलते हुए डर कर भाग खड़ा हुआ और पास के एक अपार्टमेंट में जा छुपा। वही बदमाश दिनदहाड़े बीच सड़क पर पिस्टल के बल पर महिला के गले से सोने का चेन छिनने लगा। महिला जमीन पर गिरी हाथ जोड़कर मिन्नते करती रही। मगर बदमाश उसका चेन छीनकर बाइक प सवार होकर फरार हो गया। वारदात की सारी घटना पास के अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई।

बंद घर का तालाकाट कर चोरों ने चोरी की

दानापुर। नगर के अंतर्गतचोरों द्वारा नगर के सैनिक कॉलोनी स्थित एक घर से मोबाइल एवं अन्य कीमती समान की चोरी कर डाली। इतना ही नहीं चोरों द्वारा पीड़ित की पत्नी का चोरी किये मोबाइल से फेसबुक एकाउंट हैक कर प्रोफाइल पिक्चर में स्वयं का फोटो लगाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ज्ञानेन्द्र कुमार सिन्हा ने स्थानीय थाने में चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत किया है। पीड़ित अपने लिखित शिकायत में बताया है कि विगत 7 मार्च की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर का ताला तोड़ कर उनकी पत्नी का बैग जिसमें सोने की चैन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, 15 हजार नगद रुपए व मोबाइल चोरी कर ले गया।

मालसलामी थाना की पुलिस ने बालू लदा छह ट्रैक्टर व डाला किया जब्त

आलमगंज घेरा पर की गई गोलीबारी, लिखित आवेदन नहीं

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने दमराही घाट पर अवैध खनन कर बालू लाद रहे छह ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं आलमगंज थाना क्षेत्र के आलमगंज घेरा पर अपराधियों ने गोलीबारी कर दहशत फैलाने का काम किया। मालसलामी थाना की पुलिस ने बताया कि दमराही घाट पर अवैध रूप से बालू का खनन किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को जब्त किया। जब्त किए गए ट्रैक्टर के नंबर के आधार पर मामले में कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी पुलिस ने अभियान चला कर ट्रैक्टर और पोकलेन मशीन को जब्त किया था।

पुलिस के द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से बालू के अवैध रूप से खनन करने वालों के बीच हड़कंप मचा है। इधर आलमगंज थाना क्षेत्र के आलमगंज घेरा पर अपराधियों ने गोलीबारी कर दहशत फैलाने का काम किया। इस संबंध में एएसपी शरथ आरएस ने बताया कि मुहल्ला में दुकान में बैठे लोगों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी के बाद कुछ बदमाश किस्म के लोग आकर हवाई फायरिंग किया। गोलीबारी की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। फायरिंग की सूचना मिलते ही मौके पर आलमगंज थाना की पुलिस भी पहुंची। पुलिस मामले की जांच -पड़ताल की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है। किसी के भी द्वारा अब तब लिखित शिकायत नहीं दिया गया है। गोलीबारी की घटना से वहां अफरा-तफरी की स्थिति मच गई थी। मुहल्ले के लोग डर से कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी ने निर्वाचन प्राधिकार से मांगा मार्गदर्शन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के निर्वाचन 2023 के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन होना है। इसके लिए बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के द्वारा कार्यक्रम निर्धारित करते हुए निर्वाचन से संबंधित अनेक दिशा निदेर्शो के साथ निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप उक्त निर्वाचन करने का निर्देश प्राप्त था। मगर निर्वाचन से संबंधित निर्धारित कार्यक्रम देर से प्राप्त होने के कारण कार्य संपन्न नहीं कराया जा सका है। इस संबंध में 15 मार्च, 24 को पत्रांक 93 जारी कर पटना सिटी के एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी ने तख्तश्री कमेटी के निर्वाचन के संबंध में जरूरी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के बाबत पत्र भेजा है, ताकि उस पर आगे की कार्रवाई की जा सके। इसमें कहा गया है कि तख्तश्री कमेटी के निर्वाचन के संबंध में पटना उच्च न्यायालय में सात दिसंबर, 10 को सीडब्ल्यूसी 18827/08 में और जिला एवं पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश एक सितंबर, 17 एवं बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के 25 मई, 10 के अधिसूचना संख्या 2025 के आलोक में तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के द्वारा कराया जाना था। इसके आलोक में प्राधिकार की आठ अप्रैल, 11 के द्वारा अधिसूचना संख्या 6294 के द्वारा प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के निर्वाचन संचालन को पटना के डीएम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसडीओ पटना सिटी को निवार्ची पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। पत्र की प्रतिलिपि जिला विधिक शाखा के प्रभारी पदाधिकारी, तख्तश्री कमेटी के महासचिव और डीएम को भेजी गई है।

दादी फागुन की आयो बहार बुला रहा है सांवरा अपने अपने द्वार

पटना। शक्तिधाम दादीजी मंदिर में दादीजी होली मिलन का भव्य आयोजन किया गया। शक्तिधाम मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया की पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन दादीजी होली मिलन महोत्सव आयोजित किया जाता है। आज दादीजी का श्रृंगार देशी एवं विदेशी फूलों से बड़े हीं मनमोहक ढंग से किया गया था। दादीजी का श्रृंगार अति मोहक एवं दर्शनीय लग रहा था। भक्तगण दादीजी का दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे। दादीजी मंदिर में सैकड़ों महिलायें भक्ति भाव से भजन कीर्तन कर रही थी। महिलायें उत्सव में उड़े गुलाल मईया म्हारो अंगनियां में आज मैयाजी थ्हारी बेटी हूँ मै रखियो मेरी लाज दादी फागुन की आयो बहार, बुला रहा है सांवरा अपने अपने द्वार आदि भजन गा रही थीं।

खेलकुद व सांस्कृतिक समागम का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। नगर के सोमवार को जगजीवन स्टेडियम, खगौल में महिला रेल कर्मचारियों के मध्य खेलकुद एवं सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया गया है ।समागम की शुरूआत महिला कल्याण संगठन, दानापुर की अध्यक्षा श्रीमती शालिनी चौधरी द्वारा गुब्बारा उड़ाकर किया गया ।तीन दिनों तक चलने वाले इस समागम का समापन 20.3.24 को होगा ।विदित हो दानापुर मंडल 966 महिला रेल कर्मी कार्यरत हैं जो कुल रेल कर्मियों का आठ प्रतिशत है ।इस समागम में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबुल टेनिस, कैरम एवं साइकिलिंग के साथ - साथ 200 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ उम्र-45 वर्ष से ऊपर कम दोनों वर्ग में

का आयोजन किया जा रहा है तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता होगा। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु स्वास्थ्य जागरूकता तथा महिला सशक्तिकरण हेतु प्रदत्त अधिकारों पर सेमिनार का आयोजन होगा ।वहीं इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, जयंत कुमार चौधरी जी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला अपने कार्य में चाहे वह गृहणी हों,चाहे जॉब कर रही हों, हर कार्य को बेहतरीन तरीके से निष्पादन करती हैं।

पारदर्शी और जवाबदेह राजस्व प्रशासन उपलब्ध कराना प्राथमिकता : जायसवाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल सोमवार को पहली बार अपने कार्यालय कक्ष पहुंचे। विभागीय अधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर विभागीय सचिव जय सिंह, भू अर्जन निदेशक सुशील कुमार, संयुक्त सचिव चंद्रशेखर

प्रसाद विद्यार्थी समेत कई अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि बिहार के लोगों को एक पारदर्शी और जवाबदेह राजस्व प्रशासन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

कई कारणों से हाल के दिनों में विभाग की बदनामी हुई है, अगले कुछ महीनों में लोगों को बदलाव साफ नजर आएगा।

इंटरनेशनल ब्राइडल शो की विनर बनीं रोजी यादव, फर्स्ट रनर अप स्नेहा गुप्ता, सेकंड रनर अप बनीं प्रियंका सिन्हा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना, राजधानी पटना के यूनिक गार्डन में इंटरनेशनल ब्राइडल शो का ग्रैंड फिनाले धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। रोजी यादव शो की विजेता बनीं जबकि फर्स्ट रनर अप, प्रियंका सिन्हा सेकेंड रनर अप,थर्ड रनर अप अक्षिता कुमारी, ऑल टैलेंटेड सुषमा गुप्ता बनी। वहीं मेकअप आर्टिस्ट की विनर, श्रेया और फर्स्ट रनर अप पूजा मंडल बनीं।

इंटरनेशनल ब्राइडल शो के ग्रैंड फिनाले में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी अनामिका सिंह, मेयर सीता साहू, उप मेयर रेशमी चंद्रवंशी उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गयी। इसके बाद सभी अतिथियों को फैशन इवेंट के डायरेक्टर दीपू राज ने फूल-बुके, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। फिनाले में पूरे बिहार से आयी प्रतिभागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और रैंप पर जलवा बिखेरा। सभी प्रतिभागियों ने मल्टी कलर्स के लहंगों में रैंप पर कर एक से एक बेहतरीन प्रस्तुति दी। आर्यन बाबू, रौनक रतन बाबू, मोनु राज ने प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीता। जूरी मेंबर में सागर कश्यप, डॉक्टर हिना रानी, दीपिका राजपूत, श्रेया सुरभि, शशि शर्मा । मौके पर शो की विजेताओं को मोमेंटो, सैसे और आर्कषक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी मेकअप आर्टिस्ट को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पटना के पुरन्दरपुर स्थित संत जॉर्ज स्कूल परिसर में दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन और मासिक पत्रिका दिव्य रश्मि ने संयुक्त रूप से रविवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया। होली मिलन समारोह में बिहार के संस्कृति की झलक, कलाकारों द्वारा गीत-संगीत से रंग विभोर और होली का खुमार दिखा।

होली मिलन समारोह में मासिक पत्रिका दिव्य रश्मि के दूर दराज से आए पत्रकारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं "दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन" के लोगों ने फूलों की होली मिलन की। पत्रिका के कलाकार सांस्कृतिक मंच पर होली गीतों धूम मचा दी। एक से एक होली का गायन करते हुए खूब

समां बांधा। होली मिलन कार्यक्रम की शुरूआत जगदम्बा सिंह के होली गीतों की से शुभारंभ हुई। होली गायन में गायक कलाकार अभय मिश्र ने ह्यआज अबध में होली रे ..ह्व और ह्यहोली के दिन दिल खिल जाते हैह्व से दर्शको को झूमने पर विवश कर दिया। वहीं दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के कलाकारों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हास्य कवि में प्रतिष्ठित कवि अरबिंद अकेला ने अपनी हास्य कविताओं से लोगों को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार मार्कण्डेय शारदेय ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ करते हुए लोगों को होली की बधाई दी और कहा कि होली पर्व प्रेम, उत्साह, रोमांच और भाईचारे का प्रतीक है। हर किसी को गिले-शिकवे भूलाकर एक-दूसरे को गले लगाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन पत्रिका के उप- सम्पादक सुबोध कुमार सिंह ने किया। समारोह में सदस्यों ने एक-दूसरे को फूलों की होली के साथ अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी। कार्यक्रम में मासिक पत्रिका दिव्य रश्मि के सम्पादक डॉ राकेश दत्त मिश्र, उप सम्पादक सुबोध कुमार सिंह, सुबोध सिंह राठौड़, पत्रकार पप्पू सिंह, बिनोद सिंह, संदीप मिश्र, पियूष रंजन, उमेश सिंह, अरविन्द अकेला, सच्चिदानंद मिश्र, विकास कुमार, दीनबन्धु मिश्र, प्रेम सागर पाण्डेय, विजय कुमार, राजीव रंजन, नागेन्द्र सिंह सहित दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के सभी लोग उपस्थित थे।

आयुष्मान भारत द्वारा फाउंडेशन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना।सेवा समर्पित संगठन आयुष्मान भारत फाउंडेशन ने पटना जिला अंतर्गत नौवतपुर-शिवालय मार्ग स्थित भेलूरा रामपुर में "भारद्वाज आश्रम वैदिक फूड्स रामपुर" स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार को किया। यह आयोजन संगठन अपने परियोजना 'आयुष्मान मोबाइल हेल्थ क्लिनिक' के तत्वाधान में किया था। उक्त जानकारी आयुष्मान भारत फाउंडेशन डाक्टर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि शिविर के प्रेरणास्रोत पूर्व पुलिस महानिदेशक बिहार सुरेश भारद्वाज रहे हैं। शिविर के मुख्य अतिथि आयुष्मान भारत फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर के गुप्ता थे। डॉ गुप्ता ने बताया कि शिविर मेंचर्म रोग चिकत्सक साथ डॉ आर के गुप्ता के साथ डा सोनाली गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ क्लिनिकल साइकोलॉजीस्ट डॉ रजनी कुमारी, डॉ आलोक कुमार तिवारी, एवम ओपथॉमालोजिस्ट आदित्य कुमारी शामिल थे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का संयोजन डॉ सचिन्द कुमार सिन्हा ने किया। शिविर में आस-पास के क्षेत्रो से लगभग दो सौ लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवम दवाएं दी गई। डॉ गुप्ता ने बताया कि 'समर्पण से सेवा तक' हम सब का लक्ष्य है ' शिविर के माध्यम से हम सब का हमेशा यह प्रयास रहता है की लोगो को निःशुल्क और बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क और आसानी से मिल सके। संगठन उत्तर प्रदेश और बिहार के अनेक स्थानों पर बेहतर और अनुभवी चिकत्सक पैनल के साथ अनवरत अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्होंने बताया कि भेलूरा रामपुर में "भारद्वाज आश्रम वैदिक फूड्स रामपुर" स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान भारत फाउंडेशन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा भी अपनी प्रदेश कार्यकारिणी के साथ उपस्थित थे। उक्त अवसर पर जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि संगठन आज उत्तर प्रदेश और बिहार के 15 राज्यों में सक्रीय रूप से कार्य कर रही है और अनेकों सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया है और नियमित रूप से किया जा रहा है। डॉ गुप्ता ने बताया कि शिविर की सफलता के लिए आयुष्मान भारत फाउंडेशन के चेयरमैन अमरनाथ द्विवेदी एवम अजित कुमार सिंह ने संगठन के चिकित्सा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर के गुप्ता और प्रदेश कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि उक्त अवसर पर भरद्वाज आश्रम वैदिक फूड्स के संस्थापक शिलभद्र हर्षवर्धन भारद्वाज, रमाकांत यादव, गौरव गुप्ता, राज किशोर शर्मा सहित सभी ग्रामवासी शिविर में उपस्थित थे।

एनएमसी के स्थापना दिवस के पूर्व हुआ प्रतियोगिता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह दो अप्रैल को मनाया जाना है। इसके पूर्व कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को साहित्यिक और वाद-विवाद आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसका उद्घाटन कालेज की प्राचार्या प्रोडॉ उषा कुमारी के द्वारा किया गया। उनका साथ प्रोडॉ रश्मि प्रसाद, प्रोडॉ मोतीलाल दास, प्रोडॉ गुरमुख प्रसाद, प्रो प्रणव दत्त वर्मा, डॉ संजय शर्मा, डॉ शिल्पी रंजन, प्रोडॉ अजय कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान 2020 सत्र के छात्रों सहित एनएमसीएच के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। निर्णायक मंडली में नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बाहर के जनरल कॉलेज और स्कूल के प्रोफेसर और पूर्व प्राचार्य को शामिल किया गया था। इनमें जेएनवी इंग्लिश स्कूल के

प्रो सचिन कुमार, केंद्रीय विद्यालय कंकड़बाग के डॉ एमके सिंह, केंद्रीय विद्यालय खगौल के डॉ सीबी सिंह, केंद्रीय विद्यालय दानापुर के डॉ राम रक्षा मिश्रा विमल और प्रोडॉ आरआर दास एफएमटी शामिल थे।

इंग्लिश सोलो डिबेट में प्रथम ईएसआईसी की रितिका, द्वितीय आईजीआईएमएस की शुभांगी कुमारी, तृतीय एनएमसीएच के आयुष बसाक, हिन्दी सोलो डिबेट में एनएमसीएच के सत्यम कुमार, एम्स के मनीष कुमार गुप्ता, एनएसएमसीएच के धवल भास्कर, इंग्लिश भाषण में एनएमसीएच में आयुषी प्रिया, एनएसएमसीएच के धवल भास्कर, ईएसआईसी की रितिका, गांधार्बी मंडल, हिन्दी भाषण में एनएमसीएच की शैली श्री, एम्स की अनिष्का कौशिक, एनएमसीएच की शालिनी शांडिल्या, इंग्लिश एक्सटएम्पोर में आईजीआईएमएस के सोहम सार्थक, ईएसआईसी के सचिन शर्मा, एम्स के अश्विनी और हिन्दी एक्सटएम्पोर में आईजीआईएमएस के स्वर्णिम वैभव, ईएसआईसी की प्रीतम प्रियांशु और एनएमसीएच के सत्यम कुमार फर्स्ट, सेकंड और थर्ड रहे।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में सूबे के हर क्षेत्र में हो रहा विकास : हजारी

मंत्री महेश्वर हजारी ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का संभाला पदभार

- कहा- सूचना और जनसंपर्क विभाग राज्य सरकार का आईना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूचना और जनसंपर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने सोमवार को विभागीय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों, कर्मियों व अन्य लोगों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पद ग्रहण करने के बाद महेश्वर हजारी ने कहा कि सूचना और जनसंपर्क विभाग बहुत ही अहम विभाग है। यह राज्य सरकार का आईना है। नीतीश कुमार ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसे निष्ठा से पूरा करूंगा, साथ ही साथ आम जनता की परेशानी को भी दूर किया जाएगा। श्री हजारी ने कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार के कई विभागों में काम करने का मौका मिल चुका है। दिन रात काम करके बिहार की छवि को सुधारा गया है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सूबे के हर क्षेत्र में विकास हुआ है। मुख्यमंत्री ने बिहार को अपनी काबिलियत व कठिन परिश्रम से नई पहचान दिलाई है। पहले बिहार को दूसरे राज्यों में हीन भावना से देखा जाता है। आज स्थिति बदल गई है। दूसरे राज्यों में बिहार का सम्मान बढ़ा है। हर जगहा बिहार के लोगों को सम्मान मिल रहा है। श्री हजारी ने कहा कि शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में विकास हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लाखों युवाओं को नौकरी व रोजगार देने का काम किया है। आजादी के बाद किसी ने इतनी बड़ी संख्या में नौकरी देने का काम नहीं किया। नीतीश कुमार ने एक बुनकर की तरह सूबे को सींचने का काम किया है। प्रदेश के किसी भी कोने से पांच से छह घंटे में लोग राजधानी पटना पहुंच रहे हैं। हर घर बिजली पहुंच गई है। श्री हजारी ने कहा कि नीतीश कुमार जैसा अच्छा मुख्यमंत्री आज तक नहीं हुआ और न कोई आगे होगा। विभागीय चुनौतियों से जुड़े सवाल पर श्री हजारी ने कहा कि हम लोग रात दिन मेहनत करने वाले हैं। हर समय जनता के संपर्क में रहते हैं और उनकी समस्याओं का हल करने का काम करते हैं। आगे भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे। साथ ही मंत्री ने कहा कि जो जिम्मेवारी मिली है उसमें चार चांद लगाएंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों का विकास सरकार की प्राथमिकता : मंत्री

- ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने पदभार ग्रहण किया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने सोमवार को विभागीय कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह गांवों के विकास से जुड़ा विभाग है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में गांवों का विकास हुआ है। सात निश्चय के तहत कई योजनाएं चलाई जा रही है। उन योजनाओं को ससमय पूरा किया जाएगा। वहीं, सीट शेयरिंग से जुड़े सवाल पर मंत्री ने कहा कि एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर कहीं भी कोई भी मामला नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने पहले और दूसरे फेज में सिर्फ अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। उम्मीद है कि जो भारतीय जनता पार्टी की तरफ से तीसरी लिस्ट जारी की जाएगी, उसमें एनडीए के घटक दलों के उम्मीदवारों सहित भारतीय जनता पार्टी अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करेगी। अभी तक किसी भी राज्य में भारतीय जनता पार्टी ने अपने एनडीए समर्थित किसी भी घटक दल के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी नहीं की है। वहीं इलेक्ट्रोल बांड से जो जदयू को 10 करोड़ रुपए मिले, उस पर अशोक चौधरी ने कहा कि ना तो हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और ना ही पार्टी ने हमें इसके लिए अधिकृत किया है और ना ही पार्टी का मैं कोई कोषाध्यक्ष हूं। इसलिए इन सभी मामलों पर मैं कुछ भी नहीं कह सकता। जो प्राधिकार हैं वही इन सभी मामलों पर बता सकते हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा नीतीश कुमार के ऊपर सॉफ्ट होने के मामले पर बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि पहली बार जब नीतीश कुमार महागठबंधन की सरकार से अलग हुए थे तो राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने उनके ऊपर व्यक्तिगत रूप से जमकर हमला बोला था। पर जब दूसरी बार सरकार से अलग हुए तो उन्होंने सर्वे करवाया होगा और इस सर्वे में निकालकर यह सामने आया है कि नीतीश कुमार के ऊपर हमला करने से उनको ही नुकसान हो रहा है। इसलिए, उन्होंने इस बार सॉफ्ट कॉर्नर अपनाने की कोशिश की है। वहीं, मंत्री ने लालू प्रसाद के बेटी रोहिणी आचार्या को छपरा सीट से लोस चुनाव लड़ने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरी शुभकामनाएं हैं वे आगे बढ़ें। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सारण में एनडीए के उम्मीदवार राजीव प्रताप रूढ़ी का क्षेत्र में बड़ा प्रभाव है। उनके सामने टिक पाना आसान नहीं होगा।

श्रमिकों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं : संतोष

- श्रम संसाधन मंत्री ने विभागीय कार्यालय में संभाला पदभार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को विभागीय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। उक्त अवसर पर विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बी राजेन्दर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही विशेष सचिव राजीव रंजन, श्रम आयुक्त रंजिता, निदेशक नियोजन एवं प्रशिक्षण श्याम बिहारी मीना, संयुक्त सचिव राजीव रंजन ने भी पुष्प गुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद मंत्री ने बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में श्रमिकों के लिए चल रही योजनाओं को जमीन पर शत-प्रतिशत उतारना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के सोच के अनुसार, यहां से लोग पलायन ना करें, सबको काम मिले, सबका पंजीयन हो जाए, सबकी सुरक्षा हो। ये हर गांव तक ये सुनिश्चित करना मेरा लक्ष्य होगा। और प्रदेश के गरीब श्रमिकों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी, जो लोग ऐसा करेंगे उन पर न्याय संगत कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास प्रधानमंत्री जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसके तहत गांव के गरीब लोगों और श्रमिकों को स्किल्ड करना लक्ष्य है। उन्होंने जनसंख्या के आधार पर सेंटर की स्थापना करने का निर्देश दिया और श्रमिकों को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रदान करना होगा। सेंटर खोल कर खानापूर्ति नहीं चलेगी और हम पेपर पर काम हम नहीं चलने देंगे। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी कानून अपराध है। ये सब अब नहीं चलेगा, गरीब मजदूर का शोषण करने वाले नहीं बचेंगे। मंत्री ने कहा कि बिहार के मजबूर कई प्रदेशों में भी काम करते हैं और दूसरे देशों में भी काम करते हैं। ऐसे मजदूरों को कैंप लगाकर रोजगार देना और उन्हें बिहार में रोजगार के लिए प्रेरित करना मेरा लक्ष्य होगा। जब तक श्रमिक अपने प्रदेश में काम नहीं करेंगे, तब तक विकसित बिहार नहीं बन पायेगा। गाँव के गरीब युवा श्रमिक पूरी तरह से स्किल्ड हो जाएँ। सरकार की योजनाओं को भौतिक वेरिफिकेशन कर उसका लाभ उन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाये और उन्हें लाभान्वित किया जाये। जिस दिन हर श्रमिकों को विभाग को योजनाओं का लाभ मिल जायेगा, उसी दिन यह विभाग और भी बेहतर बन जायेगा। उन्होंने कहा कि श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश के युवाओं, श्रमिक बंधुओं और असंगठित क्षेत्र के कामगारों को जोड़ना और लाभ देकर उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाना है। श्रम कानूनों को सही रूप से लागू करवाना एवं श्रमिकों को उचित मजदूरी और सामाजिक सम्मान दिलाना हमारी प्राथमिकता है।

पर्यटन विभाग को बेहतर बनाने का करेंगे काम : मिश्रा

- नीतीश मिश्रा ने पर्यटन मंत्री का पद्भार ग्रहण किया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को पुराना सचिवालय स्थित पर्यटन विभाग कार्यालय में मंत्री पद का पद्भार ग्रहण किया। कार्यालय कक्ष में मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं, विरासतों तथा सभी धर्मों के पवित्र स्थलों के केंद्र के रूप में भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में प्रसिद्ध है। पर्यटकों को परिभ्रमण में किसी तरह की कठिनाई उत्पन्न न हो, उनकी संख्या लगातार बढ़े, इस हेतु सरकार प्रयत्नशील रहेगी। मैं स्वयं भी जब एक पर्यटक के रूप में कहीं जाता हूं तो मुझे क्या सुविधाएं चाहिए? क्या समस्याएं होती है? क्या मूलभूत आवश्यकताएं होती है, इसको ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग को बेहतर बनाने का काम करेंगे। पर्यटन विभाग लगातार इस दिशा में कार्यशील भी है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं मिथिला से आता हूं, जहां का आतिथ्य सत्कार बेहद प्रसिद्ध है, हम उस भाव को पर्यटन विभाग के कार्यक्रमों, योजनाओं और नीतियों में लाएंगे। उन्होंने कहा कि कतिपय लोगों को यह महसूस होता है कि बिहार में पर्यटक कम आते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। गत वर्ष ही करोड़ो पर्यटक बिहार पहुंचे थे। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आज राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटक रूक कर सुखद अनुभूति महसूस कर रहे हैं। पर्यटन संपदाओं से समृद्ध इस प्रदेश में पर्यटन उद्योग की असीम संभावनाएं है। पर्यटन को रोजगारोन्मुख बनाने के लिए पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटकों की बुनियादी सुख-सुविधाओं का समुचित प्रबंधन करने का कार्य राज्य सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधा, सहयोग एवं यात्रा परिभ्रमण उल्लासमय हो, इस दिशा में पर्यटन विभाग लगातार प्रयासरत रहेगा।

नीतीश कुमार जो कहते हैं, उसे जरुर पूरा करते हैं : राजीव रंजन

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जेपी का सच्चा अनुयायी बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि जेपी के नाम पर अपनी राजनीति कई नेताओं ने चमकायी है लेकिन उनके दिखाए मार्ग पर चलने वालों में नीतीश कुमार ही सबसे अग्रणी नेता हैं। जिस प्रकार जेपी ने कांग्रेस के कुशासन व भ्रष्टाचार के प्रति संपूर्ण क्रांति का शंखनाद किया था उसी तरह नीतीश कुमार ने भी राजद-कांग्रेस के जंगलराज के खिलाफ बिगुल फूंक उसका खात्मा कर दिया। वास्तव में अपने नीतीश ने अपने कामों से बार-बार यह साबित किया है कि जेपी की ही तरह वह जो कहते हैं उसे हर हाल में पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक के कार्यकाल में नीतीश कुमार ने कई ऐसे काम किये हैं जिन्हें करने की हिम्मत राजद-कांग्रेस कभी नहीं दिखा सके। जिस प्रकार जेपी शोषितों, वंचितों, युवाओं, बेरोजगारों के हक के लिए आवाज उठाते थे, उसी राह पर चलते हुए नीतीश कुमार जी अतिपिछड़े समाज और महिलाओं के अधिकार के लिए आवाज उठाने वाले पहले मुख्यमंत्री बने। उन्होंने ही अतिपिछड़ा समाज के लोगों को बदहाली से निकालने के लिए उनके आरक्षण को बढ़ाकर 18 प्रतिशत किया और बाद में जातिगत गणना के बाद इसे बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया। अतिपिछड़ा समाज की नेतृत्व क्षमता को निखारने के लिए उन्हें नगर निकाय में 20 प्रतिशत व पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार के कारण ही बिहार के हर गांव में सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं पहुंच चुकी हैं। राज्य में निवेश और रोजगार के मौकों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी का लाभ मिल रहा है वहीं जीविका के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं तक आत्मनिर्भर बन चुकी है।

एनडीए में सीट ऐलान के बाद लोजपा रा में जश्न का माहौल

पटना। एनडीए के द्वारा बिहार के सभी 40 सीटों की सूची का ऐलान होते ही लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में जश्न का महौल देखा गया। पार्टी के नेता और कार्यकताओं द्वारा इस खुशी के मौके पर पटाखे छोडे गयें, मिठाईयां बाटी गई। पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने आपस में अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। एक-दूसरे को गलें लगाकर बधाई दी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने 5 लोकसभा सीट मिलने पर पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, हम पार्टी के संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के प्रति इस प्रत्याशित फैसले को लेकर धन्यवाद ज्ञापित की है। श्री तिवारी ने एनडीए के सभी 40 के चालीसों सीटों पर विजय हासिल करने प्रतिबद्धता दोहराई। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास विगत 2014 और 2019 की तरह सभी सीटों पर भारी अंतर से विजय हासिल करेगी। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने बताया कि उक्त अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव डॉ सत्यानन्द शर्मा, अनिल कुमार पासवान, प्रदेश प्रवक्ता जितेन्द्र यादव, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, शंकर शर्मा, कमलेश यादव, प्रदेश सचिव दिलीप कुमार यादव, ओम प्रकाश भारती, परमानंद शर्मा मौजूद थे।

पूर्व सांसद लवली आनंद ने थामा जनता दल यू का दामन

पार्टी को पूरे प्रदेश में नई गति और मजबूती मिलेगी : उमेश कुशवाहा

- विकास नीतीश कुमार का प्रमुख एजेंडा : लवली

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व सांसद लवली आनंद, उनके पुत्र अंशुमन आनंद एवं राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित कुमार वर्मा ने जनता दल यू का दामन थामा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद रजीव रंजन सिंह ललन एवं मंत्री सह वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से श्रीमती लवली आनंद एवं अन्य नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलवाई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उनका स्वागत करते हए कहा कि पूर्व सांसद श्रीमती लवली आनंद के आने से पार्टी को पूरे प्रदेश में नई गति और मजबूती मिलेगी। श्रीमती लवली आनंद के परिवार का स्वंतत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, पूरे बिहार में उनके परिवार का व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। जदयू परिवार में लवली आनंद के साथ आए सभी नए साथियों का हम हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते है। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह ललन ने कहा कि पूर्व सांसद लवली आनंद समता काल से ही पार्टी के साथ रही है। आज उन्होंने पुनः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों एवं विचारों में आस्था व्यक्त करते हुए जदयू परिवार में शामिल होने का निर्णय लिया है। श्री ललन सिंह ने कहा कि जदयू एक पार्टी नहीं परिवार है, इस परिवार में सभी नए सदस्यों का हम हार्दिक स्वागत करते हैं। पूर्व सांसद लवली आनंद ने कहा कि भाड़े के घर को छोड़कर पुनः अपने घर में शामिल होना मेरे लिए प्रसन्नता का विषय है। राजद में हमें उचित सम्मान नहीं दिया गया, हमारे समाज पर कुठाराघात किया गया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि विकास उनका प्रमुख एजेंडा रहा है। वें सभी धर्म एवं समाज को साथ लेकर चलने की बात करते हैं। लवली आनंद ने कहा कि पार्टी हमारी जो भी जिम्मेदारी तय करेगी उसका हम पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मंत्री अशोक चैधरी, मंत्री लेसी सिंह, विधान पार्षद के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ, विधान पार्षद विजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण मुख्य रूप से मौजूद रहे।

पेपर लीक कैसे हुआ है, कौन है दोषी : तेजस्वी

- कहा- लगातार बढ़ती जा रही है अपराधिक घटनाएं

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार एनडीए सरकार पर हमलावार हैं। इसी कड़ी में सोमवार को पटना एयरपोर्ट पर तेजस्वी यादव ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कई मामलों को लेकर बिहार के एनडीए सरकार पर हमला बोला है। वहीं इलेक्टोरल बॉन्ड पर सवाल पूछे जाने पर तेजस्वी यादव ने कुछ भी टिप्पणी करने से मना करते हुए कहा कि बिहार में अभी अहम मुद्दा शिक्षक भर्ती परीक्षा में लीक हुए प्रश्न पत्र हैं।

तेजस्वी ने कहा कि भाजपा औ जदयू को यह बताना है कि पेपर लीक कैसे हुआ। पेपर लीक होने के पीछे का क्या कारण है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जवाब देना चाहिए कि उनके आते ही पेपर लीक होना क्यों शुरू हो जाता है। इस मामले में दोषी कौन है। देश के युवाओं के भविष्य के साथ यह लोग खिलवाड़ क्यों कर रहे हैं? उन्होंने पूछा कि, आखिर यह लोग कौन है? क्या इनके खिलाफ कार्रवाई होगी, किसकी गलती है। इस पर कोई चर्चा क्यों नहीं कर रहा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने कितने मेहनत से राज्य में पद सृजन किया था। नौकरियां देना शुरू किया था, लेकिन इन लोगों के आते ही क्या हुआ। तेजस्वी यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में भी हम लोगों ने इतनी बहाली निकाली थी, लेकिन उसको भी रद्द कर दिया गया। देश में हमलोग इतिहास रच रहे थे। वहीं सीट शेयरिंग को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि, सीट शेयरिंग अंतिम चरण में है। एक दो सीट पर फैसला होना बाकी है लेकिन उसमें कही कोई दिक्कत नहीं है। एक दो दिन में सब क्लियर हो जाएगा। वहीं भाजपा के द्वारा लगातार बिहार में महागठबंधन की सरकार में जंगलराज होने का दावा किया गया है जिसको लेकर तेजस्वी यादव ने पूछा है कि अभी राज्य में कौन सा राज्य है। पटना में बिल्डर को गोली मार दी जाती है, नालंदा में पत्रकार को गोली मार दी जा रही है। लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। अब भाजपा के कोई नेता लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल क्यों नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने इस मामले में पीएम मोदी को भी घेरते हुए कहा कि, अगर हमारे समय में यह हुआ होता तो अब तक प्रधानमंत्री चिल्ला चिल्ला के गला फाड़ के कहते कि जंगलराज है, अब किसका राज है।

राजद ने हमेशा सभी वर्गों को मान सम्मान देने का काम किया : एजाज

- कहा- चेतन आनंद पहली बार राजद से ही विधायक बने

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि जनता दल यू में शामिल होते ही लवली आनंद सच और सच्चाई बताने से इंकार क्यों कर रही हैं। उन्हें यह भी बताना चाहिए था कि जिस किराए के मकान की बात वह कर रही हैं उसी किराए के मकान में उनको राजनीतिक पुनर्जीवन मिला। उनके सुपुत्र श्री चेतन आनंद को पहली बार विधायक बनने का मौका मिला। एजाज ने आगे कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने हमेशा राजनीति में सबको सम्मान और आगे बढ़ने का मौका दिया है, और जो इनके खिलाफ अनर्गल पर प्रलाप करते रहे हैं। विषवमन करते रहे हैं, उन्हें भी राजनीति में पुनर्जीवित होने का मौका दिया और राष्ट्रीय जनता दल को अगर कोई किराए का मकान समझे, और तो यह उनकी अपनी समझ है। राष्ट्रीय जनता दल ने हमेशा सभी वर्गों को आगे बढ़ाने और उन्हें मान सम्मान देने का काम किया है और वह जिस समाज की बात कर रही है उस समाज के प्रति लालू प्रसाद जी का हमेशा मान सम्मान का भाव रहा है।

खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने संभाला पदभार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने सोमवार को विभागीय कार्यालय में अपना पदभार संभाला। इस अवसर पर खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेन्दर, निदेशक महेन्द्र कुमार, उपसचिव निरंजन कुमार, सहायक निदेशक आनंदी कुमार, सहायक निदेशक संजय कुमार, जिला खेल पदाधिकारी गया, नरेश कुमार चौहान, जिला खेल पदाधिकारी मुजफ्फरपुर मिथलेश कुमार एवं खेल विभाग के सभी कर्मचारी ने मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि सूबे में खेल को बढ़ावा देना प्राथमिकता होगी। खेल को आगे बढ़ाने की दिशा में राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। खेल से जुड़ी योजनाओं पर तेजी से काम किया जाएगा।

मॉनसून पूर्व प्लान बनाकर दूर की जाएगी जलनिकासी की समस्या

- पटना नगर निगम द्वारा जलनिकासी के लिए अंतर विभागीय बैठक का आयोजन
- विभागों के साथ जॉइंट विजिट कर दूर की जाएगी नाला उड़ाही की समस्या

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी मानसून को लेकर पटना नगर निगम द्वारा अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। नाला उड़ाही, नाला के आसपास पोल एवं निर्माण सम्बंधित समस्याओं को विभाग वार चर्चा की गई। बैठक में नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर एवं एमडी बुडको योगेश कुमार सागर द्वारा जलनिकासी में आने वाली समस्याओं पर विचार किया गया और नगर निगम के साथ समन्वय कर शार्ट एवं लॉन्ग टर्म प्लान बनाने का निर्देश दिया गया। इन समस्याओं पर हुई चर्चा : विभागों के कार्य के कारण ध्वस्त नाला, नाले के रास्ते में पोल के कारण सफाई में रुकावट, मेनहॉल सफाई में परेशानी, पंपिंग के माध्यम से जलनिकासी की व्यवस्था, नालों के आसपास अतिक्रमण की समस्या, संप हाउस से कनेक्टविटी को जाँच करना, नालों की पूर्ण रूप से सफाई एवं आवश्यकता अनुसार ग्रेटिंग का निर्माण, संप हाउस में बिजली की कनेक्शन का ट्रायल अप्रैल से शुरू किया जायेगा। जॉइंट विजिट कर दूर की जाएगी समस्याएं : बैठक के दौरान जलनिकासी कि इन समस्याओं के लिए संबंधित विभाग के साथ अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अभियंता जॉइंट विजिट कर समस्या को देखेंगे और समन्वय बना कर उसे दूर किया जायेगा।

वाट्सअप ग्रुप से कार्य की प्रतिदिन होंगी निगरानी :

सभी विभागों के कार्य ससमय पूर्ण करने के लिए एक वाट्सअप ग्रुप तैयार किया गया है। जहाँ प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा की जाएगी। सभी वरीय पदाधिकारी को इसके लिए निर्देश दिया गया। बैठक में पथ निर्माण विभाग, पेसु, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, गेल इंडिया लिमिटेड, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, पटना मेट्रो रेल परियोजना, नमामि गंगे, जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

एनडीए में सब कुछ पटरी पर : हिमराज राम

पटना। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पहले अपने इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे की चिंता आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को करनी चाहिए, ना कि एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीटों के बंटवारे की चिंता। ये बातें जदयू प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम ने कही। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आरजेडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, तेजस्वी यादव के फैसले को मानने को तैयार नहीं हैं वहीं गठबंधन में शामिल कम्युनिष्ट पार्टियां भी अपनी मांगों पर अडिग हैं। ऐसे में तेजस्वी यादव को अपने गठबंधन में सीटों का बंटवारा कैसे होगा इसकी चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खुद को गठबंधन का सबसे बड़ा भागीदार और बॉस साबित करने के मकसद से राष्ट्रीय जनता दल कांग्रेस और भाकपा-माले की वाजिब मांगों को भी दरकिनार करने में लगी है। जदयू प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस और भाकपा माले मन मुताबिक सीटें नहीं मिलने पर गठबंधन तोड़ने की बात कह रही हैं वहीं तेजस्वी यादव कांग्रेस और भाकपा माले की बातें सुनने की बजाए, एनडीए गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर बिना मांगे अपनी राय दे रहे हैं।

कटुता भूलो अपनों के संग- होली खेलो फूलों के संग

पटना। श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट का रंगारंग होली मिलन समारोह बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स में मनाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि आयोजन के रंगारंग समारोह का उदघाटन विधान सभा अध्यक्ष माननीय नन्द किशोर यादव, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, महापौर सीता साहू, के हाथो संपन्न हुआ। मंत्री नितिन नवीन,मंत्री लेशी सिंह, विधायक संजीव चौरसिया, मंगल पांडेय एम एल सी, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। अरुण कुमार ने कहा कि होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिस हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। संयोजक मुकेश नंदन एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश कुमार ने कहा कि यह एक ऐसा त्योहार है जो धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाई-चारे का संदेश देता है। संयोजक ने बताया कि समारोह में ऐधना फाउंडेशन के कलाकारों ने शिव पार्वती, राम सीता, एवं राधा कृष्ण का मनमोहक स्वरूप झांकियो के माध्यम से नृत्य के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धनंजय कुमार, मनीष सिन्हा, शंभू बाबा,आशु गुप्ता, सोनू अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, रेणु देवी, धर्मराज केसरी,दुर्गा राय, सुरेश झुनझुनवाला, सुजय सौरभ, सुषमा साहू, कमिटी के युवा सदस्य आर्य नंदन एवं हर्ष नंदन ने मीडिया प्रभारी एम पी जैन के साथ महत्वपूर्ण योगदान दिया। अन्य गणमान्य लोगों में राजद महासचिव, विधायक रणविजय साहू,चैम्बर के अध्यक्ष सुभाष पटवारी, पी के अग्रवाल, समाज सेवी अमर अग्रवाल, वैश्य चेतना समिति के अध्यक्ष सुन्दर साहू, स्नेही इंटरनेशनल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच एन प्रसाद एवं अन्य की उपस्थितियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिरकत किया।

दक्षिण में दुकानों और मकानों पर हिन्दी में भी नाम-पट्टिका लगायी जाएंगी

- साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ हिन्दी-मलयालम साहित्य समागम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केरल में हिन्दी के प्रचार-प्रसार और हिन्दी-साहित्य के मलयालम अनुवाद पर पर्याप्त बल दिया जा रहा है। केरल के सभी शिक्षित लोग हिन्दी समझते और बोलते हैं। वहाँ हिन्दी से भी उतना ही प्रेम किया जाता है, जितना मलयालम से। अब दक्षिण भारत के राज्यों में दुकानों और मकानों पर हिन्दी में भी नाम पट्टिकाएँ लगायी जाएँगी। यह आश्वासन केरल से आए 12 साहित्यकारों के एक समूह ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित हिन्दी-मलयालम साहित्य समागम में,बिहार के हिन्दी-सेवियों को दिया। पर्यटक-समूह का नेतृत्व कर रहे हिन्दी और मलयालम के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा आर सुरेंद्रन ने कहा कि हिन्दी के माध्यम से सभी भाषाओं को जोड़ने का काम केरल में विशेष रूप से किया जा रहा है। डा सुरेंद्रन ने केरल के विशेष सम्मान से सम्मेलन अध्यक्ष डा सुलभ को विभूषित किया। इस अवसर पर सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने डा सुरेंद्रन समेत केरल के 12 कवियों और कवयित्रियों तथा झारखंड के तीन साहित्यकारों को सम्मानित किया। इनमे डा के सी अजय कुमार, डा एम के प्रीता, प्रो के जे रामाबाई, डा षीना ईपन, के राजेंद्रन, ओ कन्नीक्कणारन, सलमी सत्यार्थी, के पी सुधीरा, डा प्रसन्ना कुमारी एन, एम हरिदास, पी आई अजयन, डा मोहित कुमार दूबे, डा उषा, डा अमित कुमार सुमन और डा प्रदीप कुमार दूबे के नाम शामिल हैं। समागम की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि दक्षिण-भारत के प्रांतों में हिन्दी के प्रति प्रेम बढ़ा है। यह परितोष की बात है कि केरल के साहित्यकारों ने आश्वस्त किया है कि वहाँ की हिन्दी संस्थाएँ प्रेरित कर दक्षिण के दुकानों और मकानों पर स्थानीय भाषाओं के साथ हिन्दी में लिखी नाम-पट्टिकाएँ भी लगायी जाएँगी। सम्मानित कवियों और कवयित्रियों के अतिरिक्त वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, प्रो इंद्रकांत झा, डा जंग बहादुर पाण्डेय, कुमार अनुपम, डा पूनम आनन्द, सागरिका राय, चितरंजन लाल भारती, डा रेणु मिश्रा, जय प्रकाश पुजारी, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, ई अशोक कुमार, डा शालिनी पाण्डेय, डा प्रतिभा रानी, मीरा श्रीवास्तव, डा पुष्पा जमुआर, डा सुधा सिन्हा, रौली कुमारी, अटविंद अकेला, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह आदि ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानंद पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

संक्षिप्त खबरें

नशा की सामग्री बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई

मधुबनी नशा बेचने की शिकायत मिलने के बाद मधुबानी पुलिस अधीक्षक ने की बड़ी कार्रवाई। आपको बता दें कि मधुबनी एसपी सुशील कुमार ने भारी दलबल के साथ मधुबनी में लगभग आधा दर्जन स्टेशनरी दुकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नशा की सामग्री बरामद बरामद नहीं हुई लेकिन मधुबनी एसपी ने हिदायत दी कि किसी भी दुकान से इस पूर्ण शराबबंदी वाले राज्य में नशा की सामग्री प्राप्त होने पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एक आरोपी एवं एक वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर गांव से इंद्रजीत महतो के पुत्र भीष्म महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक नामजद आरोपी था। दूसरा गिरफ्तार युवक वारंटी था। जिसे चकमेहसी थाना क्षेत्र के मासूम नगर चकमेहसी कोठी से रामनारायण राय के पुत्र उपेंद्र राय को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चकमेहसी थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि दोनों युवक बहुत दिनों से फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

पोस्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर चकमेहसी थाना क्षेत्र के गोराई गांव में पिछले वर्ष हुई गैंगरेप के नामजद चकमेहसी थाना कांड संख्या 159/24 के आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोराई गांव निवासी चंद्रदेव साह के पुत्र हर्ष कुमार उर्फ अजय कुमार हर्ष को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष अगस्त माह में नानी के घर आई किशोरी के साथ शौच करने के लिए घर से बाहर गई थी। जहां पहले से घात लगाए आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर गैंग रेप किया था। जिस मामले में चकमेहसी थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई थी। जिस मामले में गिरफ्तार युवक नामजद आरोपी था। वहीं थानाध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि फरार चल रहे गैंग रैप के आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

आदर्श आचार संहिता के अनुपालन आदि को लेकर निकाला गया पैदल फ्लैग मार्च

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मधुबनी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक मधुबनी सुशील कुमार के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को लोक सभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा के पश्चात जिले में विधि-व्यवस्था के संधारण आदर्श आचार संहिता के अनुपालन आदि को लेकर समाहरणालय परिसर से पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया।

गौरतलब हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी होने के पश्चात जिला पदाधिकारी के द्वारा आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन कराए जाने को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच कर राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर एवं झंडा आदि पाये जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया था। उक्त के आलोक में समाहरणालय परिसर से फ्लैग मार्च थाना मोड़, स्टेशन चौक होते हुए शंकर चौक होते हुए महंथीलाल चौक, चूड़ी बाजार, बाटा चौक होते हुए पुनः समाहरणालय के समीप तक निकाला गया।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा मीडिया के माध्यम से आम जन से चुनावों में निर्भिक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित मामलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए सीविजिल ऐप पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज करवाने की अपील भी किया। उन्होंने कहा शिकायत दर्ज करवाने के पश्चात 100 मिनटों के अंदर संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा कार्रवाई करते हुए निराकरण किया जायेगा।पैदल फ्लैग मार्च में एसपी सुशील कुमार,अश्विनी कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, राजीव कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, परिमल कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सहित कई अधिकारी एवं काफी संख्या में पुलिसबल ने भाग लिया।

शराब के साथ स्कार्पियो हुआ जब्त, तस्कर फरार

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार को गुप्त सूचना मिला की एक शराब तस्कर शराब की एक बड़ी खेप लेकर हरियाणा नंबर के स्कार्पियो से थाना क्षेत्र में पहुंचने वाले है।सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जयनगर दरभंगा जाने वाली मुख्य मार्ग एनएच 527बी पखरौनी चौक पहुंचे तो शराब तस्कर वाहन घुमाने लगा जिसे रुकने के लिए कहने पर तस्कर स्कार्पियो तेजी के साथ भागने लगा।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने दिलेरी दिखाते हुए शराब लदी स्कार्पियो चालक को खिड़की से पकड़ने का प्रयास किया लेकिन लाख प्रयास करने के बाबजूद भी तस्कर रुकने को तैयार नहीं इस दौरान थानाध्यक्ष जख्मी भी हो गए।तस्कर शराब से भरी हुई वाहन को लेकर भाग निकला और अनियंत्रित होकर स्कार्पियो बिजली की खंभे और झाड़ियों से जा टकराई।जहां स्कार्पियो छोड़ तस्कर मौके का फायदा उठा कर भाग निकला।इसी बीच सूचना पाकर मौके पर अरेर थाना अध्यक्ष नेहा निधि भी दल-बल के साथ पहूंचे। जहां दोनों थानाध्यक्षों के बीच पीओ को लेकर कुछ बातचीत हुई।वही जप्त शराब से लदे वाहन को रहिका पुलिस थाना परिसर लाया जहा जप्त वाहन का तलाशी लेने पर स्कार्पियो से भारी मात्रा में 10सुतली के बोरे से1500बोतल देशी नेपाली सोफी शराब जिसकी कुल मात्रा 450लीटर बरामद किया गया।रहिका थाना अध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्कर के विरुद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है जल्द ही शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रामलोचन ठाकुर असाधारण साहित्य के प्रणेता : प्रो. अशोक कुमार मेहता

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के मैथिली विभाग में मैथिली के वरेण्य कवि,कथाकार, अनुवादक, आलोचक, संपादक तथा व्यंग्यकार रामलोचन ठाकुर की जयंती विभागाध्यक्ष प्रो दमन कुमार झा की अध्यक्षता में मनाया गया। आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. दमन कुमार झा ने कहा कि रामलोचन ठाकुर का जीवन आरम्भ से लेकर जीवन के अंतिम क्षण तक मिथिला एवं मैथिली के लिए समर्पित था। वे अपने निराले स्वभाव के लिए प्रसिद्ध थे। वे अपने साहित्यिक रचनाओं में यथार्थ को प्रमुख रूप से स्थान देते थे। जिस कारण उनकी छवि अन्य साहित्यकारों से भिन्न थी। वे शहर में रहे लेकिन उनकी आत्मा गांव में निवास करती थी। उनकी कविताओं में ग्रामीण स्वर सहजता से प्रकट हो जाता है। वे संपादक भी थे, इसलिए उनकी लेखनी थोड़ी प्रखर और तेज थी। यह तत्व उनकी अन्य रचनाओं में भी दृष्टिगत होती है। प्रो झा ने विभाग के पूर्व प्राचार्य डॉ रामदेव झा का भी हृदय से स्मरण किया जिनकी आज पुण्यतिथि है। विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रो. अशोक कुमार मेहता ने अपने संबोधन में कहा की रामलोचन ठाकुर व्यक्ति भले एक थे परन्तु उनके स्वरूप अनेक थे। देखने मे जितने ही साधारण उनका व्यक्तित्व उतना ही असाधारण उनका साहित्य था। अपनी सेवाकाल में कलकत्ता में रहने के कारण वे बंगला की कई चर्चित रचनाओं एवं पुस्तकों का अनुवाद किया, जिससे मैथिली साहित्य अनुवाद के क्षेत्र में समृद्ध हुआ। संपादकीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जिस प्रकार उन्होंने मिथिला दर्शन नामक मैथिली पत्रिका में आखर लेख का आगाज किया जिससे लगता है कि वे शब्दों के जादूगर थे। डॉ सुरेश पासवान ने कहा की रामलोचन ठाकुर मैथिली के बहुविध रचनाकार थे। वे जिस विधा में लिखे खासे चर्चित रहे। आयोजित समारोह में विभाग के शोधार्थीयों ने भी रामलोचन ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्त्व पर प्रकाश डाला जिसमें प्रमुख थी शालिनी कुमारी, बन्दना कुमारी, भोगेंद्र प्रसाद सिंह, शीला कुमारी, मनोज कुमार पंडित , राजनाथ पंडित, अम्बालिका कुमारी, मिथलेश कुमार चौधरी, नेहा कुमारी आदि। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुरेश पासवान ने किया।

सुक्की साई फन पुल पर रबर पिचिंग तैयार : जेइ गणेश प्रसाद दीपक

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के लाईफ लाईन माने जाने वाले सुक्की कमला साई फन पुल पर सोमवार को जल संसाधन विभाग पश्चिमी कोसी नहर प्रमंडल खजौली के कार्यपालक अभियंता प्रयुष प्रकाश एसडीओ स्वे गीता राय जेई गणेश प्रसाद दीपक के नेतृत्व में मिथिला कंस्ट्रक्शन द्वारा गुण वक्ता पूर्ण रबर पिचिंग बनाया जा रहा है. इस कमला साईफन जर्जर सड़क पुल पर सड़क निर्माण को लेकर विगत दो वर्ष से भकुआ चतरा गोबरौरा उत्तरी मरुकिया भटचौरा सुक्की खजौली के सैकड़ो आम जनताओं ने जल संसाधन विभाग से साइफन पुल पर रबर पिचिंग की मांग की जा रही थी, जो आज विभाग द्वारा सड़क निर्माण शुरू करके आम जनता की मांग पूरा किया गया.जल संसाधन विभाग के जूनियर अभियंता गणेश प्रसाद दीपक ने बताया कि कमला साइफन पुल पर 10 एमएम के गिट्टी सोन नदी की बालू लाईम पाउडर मैस्ट्रिक अलकतरा एव 13 एमएम की गिट्टी को मशीन में मिसिंग करके कमला साईफन पुल पर रबर पिच तैयार किया जा रहा है.वही साई फन कमला पुल पर रबर पिचिंग बनने से जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह, पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद सिंह, अमर राण, प्रदीप कुमार सिंह, सुनील कुमार गुप्ता,राहुल ठरिया, पैक्स अध्यक्ष रमेश पासवान सहित सैकड़ो आम जनता ने विभाग को बधाई दी।

मतदाता जागरूकता रैली, संगोष्ठी एवं संकल्प अभियान का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन आदेशानुसार दरभंगा जिला के सिंहवाड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत बनौली पंचायत में हायाघाट प्रखण्ड अन्तर्गत मिजार्पुर पंचायत में तथा बिरौल प्रखण्ड के साहो पंचायत में जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अन्तर्गत जागरूकता रैली, संगोष्ठी एवं संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अन्तर्गत मेहँदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली एवं संकल्प सभा का आयोजन कर स्थानीय मतदाताओं को सत प्रतिशत मतदान के लिए जगाया गया। जागरूकता रैली के दौरान जीविका दीदी द्वारा नारा लगाया गया कि - जीविका दीदियाँ करें पुकार-अबकी बार शत-प्रतिशत मतदान, वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम जैसे नारों के साथ आम-मतदाताओ को जागरूक किया गया। उन्होंने उक्त अवसर पर लोक सभा चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित किया, दीदियों ने सभी उपस्थित मतदाताओं को बताया कि आपका एक-एक मत कीमती है,इसे बर्बाद नही होने दें। हम भारत की नारी की मतदान में है पूरी भागीदारी उक्त कार्यक्रम में सैकड़ों जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी रही।

पंचायत की कुव्यवस्था से नाराज ग्रामीणों ने लगाई महापंचायत

प्रात: किरण संवादाता

बोचहा। प्रखंड के विशनपुर जगदीश पंचायत के मुखिया के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने का काम किया तो अब ग्रामीणों ने भी मुखिया के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। रविवार को पंचायत के सिर आथर गांव में अमर सिंह स्थान के समीप वार्ड सदस्यों के संग महापंचायत लगाकर पंचायत की मूलभूत समस्याओं की अंबार लगा दी, इतना ही नहीं काम में रिश्वत लेने के बाद ही काम करने का आरोप मुखिया पर लगाया है। हालांकि इस संबंध में पंचायत के मुखिया सुरेश कुमार ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि वार्ड सदस्यों ने पंचायत के लोगों को दिगभ्रमित कर इस तरह का अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं। वार्ड सदस्यों को विकास कार्यों में कमीशन चाहिए, वह हम नहीं दे पाते हैं। जिसके चलते जनता को भड़का रहे हैं। इसको लेकर स्थानीय व जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है।लगी महापंचायत में राम सुंदर साहनी, हरिहर साह, राम अवतार पासवान, बहादुर साहनी, कैलाश साहनी व अन्य ने बताया कि सिर आथर के बच्चे तीन किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाते है, गांव में आंगनबाड़ी, नल जल योजना सबों की स्थिति बद से बदतर हैं, लेकिन पंचायत के मुखिया इस कार्य में हाथ नहीं बटाते है। गांव के लोग आवास योजना, पेंशन योजना या कोई भी काम लेकर पंचायत कार्यालय जाते है तो अवैध राशि की डिमांड की जाती है। बता दे कि एक सप्ताह पहले वार्ड सदस्यों ने पंचायत के मुखिया के खिलाफ अविश्वास का प्रस्ताव का आवेदन का जिला पंचायती राज पदाधिकारी को दिया है। वार्ड सदस्यों का कहना है कि पंचायत के मुखिया सभी वार्ड में न सिर्फ मनमाने तरीके से कार्यों को कर रहे हैं, बल्कि वार्ड सदस्यों के मान सम्मान के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। योजना के लेकर कार्य करने की बैठक में वार्ड सदस्य को नहीं बुलाया जा रहा है और नहीं ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है। योजना का प्रस्ताव वार्ड सदस्यों की सहमति के बगैर लिया जा रहा है। आवेदन देने वाले वार्ड सदस्यों में रमेश साहनी, छोटेलाल, कुंती देवी, लक्ष्मी देवी, प्रमिला देवी, कौशल कुमार,स्वेता कुमारी, सुशीला देवी व अन्य शामिल है।

लोकसभा चुनाव को लेकर कोषांग किया गया गठन

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को कुल 13 विभिन्न कोषाग का गठन किया गया। जिसमें 13 विभिन्न कोषांग बनाए गए हैं। जिसमें कार्मिक कोषांग में नोडल पदाधिकारी के रूप में बीईओ राजकुमार यादव हैं। वहीं सहायक नोडल के रूप में जनसेवक जयप्रकाश सिंह को बनाया गया, प्रशिक्षण कोषांग में राजकुमार यादव सहायक के रूप में पंचायत सचिव तनवीर अंसारी, सामग्री कोसांग में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, सहायक के रूप में पंचायत सचिव राकेश कुमार वाहन कोषांग नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शंकर कुमार झा सहयक बैद्यनाथ मिश्रा, आचार संहिता कोषांग में नोडल पदाधिकारी सीओ शशि रंजन कुमार एवं सहायक नोडल के रूप में प्रधान लिपिक मनोज कुमार झा, नियंत्रण सह हेल्पलाइन कोषांग नोडल पदाधिकारी के रूप में सीडीपीओ मीरा कुमारी सहायक नोडल पदाधिकारी के रूप में ग्राम सेविका आशा देवी, विधि व्यवस्था कोषांग नोडल पदाधिकारी के रूप में सीओ शशि रंजन कुमार, सहायक नोडल पदाधिकारी के रूप में मनोज कुमार झा, सुविधा समाधन सुगम कम्युनिकेशन प्लान कोषांग के नोडल पदाधिकारी के रूप में बीपीआरओ संतोष कुमार चौरसिया सहायक नोडल के रूप में पंचायत सचिव अभिषेक कुमार, स्वीप पीडब्लूडी कोषांग नोडल पदाधिकारी जीविका बीपीएम राजेश कुमार और सीडीपीओ मीरा कुमारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी के रूप में बनाए गए हैं। वहीं कोई बीडीओ देवेंद्र कुमार ने सभी जानकारी दी है।

सभी मुद्रक चुनाव प्रचार से संबंधित किसी भी तरह के पोस्टर-बैनर इत्यादि की चार प्रति मीडिया कोषांग को कराएंगे उपलब्ध

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन द्वारा दरभंगा जिला के सभी मुद्रक (प्रिंटिंग प्रेस) के व्यवस्थापक को दरभंगा कार्यालय भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 16 मार्च 2024 को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए प्रेस नोट निर्गत किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रेस नोट जारी होने के साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए के तहत पोस्टर,पम्पलेट एवं बैनर इत्यादि के मुद्रण पर प्रतिबंध लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि धारा -127 के तहत प्रतिबंध संबंधी कोई भी व्यक्ति चुनाव से संबंधित पोस्टर, पम्पलेट एवं बैनर इत्यादि का मुद्रण नहीं करायेगा, जब तक कि पोस्टर, पम्पलेट एवं बैनर इत्यादि पर मुद्रक एवं संपादक का नाम, पता न हो। कोई भी व्यक्ति किसी भी चुनाव में पोस्टर,पम्पलेट एवं बैनर इत्यादि मुद्रण नहीं करायेगा, (क) जब तक की मुद्रक द्वारा दो व्यक्ति जिसको वह जानता है, दो प्रति में सत्यापन के साथ पहचान की घोषणा न दें तथा (ख) जब तक कि कागजात के मुद्रण के समय मुद्रक घोषणा की एक प्रति एवं दस्तावेज की एक प्रति सहित को यदि राज्य के राजधानी में मुद्रण किया जा रहा है, तो मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को तथा जिला क्षेत्र में मुद्रण किया जा रहा हो, तो जिला के जिला पदाधिकारी को युक्तियुक्त समय के भीतर भेज दिया जाता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी प्रेस प्रबंधक को चुनाव से संबंधित किसी भी तरह के पोस्टर, पम्पलेट एवं चैनर इत्यादि के मुद्रण के साथ मुद्रण पृष्ठ पर उपर्युक्त शर्तों के साथ चार-चार प्रति में एवं परिशिष्ट - ह्लकह्व और ह्लखह्व में विवरणी भरते हुए मीडिया कोषांग को उपलब्ध करने के लिए निर्देशित किया*गया है।

अधिकतम व न्यूनतम तापमान में सामान्य से गिरावट हुई दर्ज, हवा के रुख में भी बदलाव

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

अधिकतम व न्यूनतम तापमान में सामान्य से गिरावट के साथ सोमवार को हवा के रुख में भी बदलाव हुआ। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 31.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 6.6 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दक्षिणी हवा चली। वहीं सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 92 फीसदी व दोपहर में 40 फीसदी रहा। बता दें कि ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा जारी 16-20 मार्च तक का मौसम पूवार्नुमान में बताया गया है कि इस पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल आ सकते हैं। हलाकि मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। इस अवधि में औसतन 9 से 12 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्य रुप से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 75 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 35 से 45 प्रतिशत रहने की संभावना है।

पुलिस गस्ती के दौरान शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

मधुबनी खजौली थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव से खजौली पुलिस गस्ती के दौरान एक बाईक पर लदी बोरी से 128 बोतल नेपाली विदेशी शराब को एसआई जितेश कुमार मिश्रा ने जब्त किया. पुलिस ने शराब धंधेबाज सहित बाईक भी जब्त कर लिया.पकराये धंधेबाज जयनगर थानाक्षेत्र के लसकरिया गांव निवासी रंजीत कुमार सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. एएसआई व्यासदेव कुंवर के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में केस दर्ज हुआ है.थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि लोक सभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र में शराब कारोबारी सहित अपराधी तत्वों पर पैनी नजर रखने रखने को लेकर 24 घंटे पुलिस गश्ती की अभियान जारी है।

प्लेटफार्म पर बने कूलिंग वाटर के ऊपर वायर में लगी आग

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर लगे एक कूलिंग वाटर स्टॉल के ऊपर वायर में सोमवार की दोपहर अचानक आग लग गई और धुआं निकलने लगा। इसके बाद प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गई। प्लेटफार्म पर तैनात आरपीएफ की टीम के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। घटना दिन के 11:30 बजे की बतायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार समस्तीपुर रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर एक कूलिंग वॉटर स्टॉल लगा हुआ है। उसी के ऊपर लगे हुए एसी फिलिंग मशीन में संभवतः शॉर्ट-सर्किट होने की वजह से आग लग गई और धुआं निकलने लगा। हालांकि आरपीएफ के जवानों के प्रयास से बड़ी घटना होते-होते बच गई। बता दें लगभग छह महीने पूर्व प्लेटफार्म संख्या एक पर बने एक मोबाइल चार्जिंग पॉइंट में भी शॉर्ट-सर्किट होने की वजह से आग लग गई थी, जिस पर उस समय आरपीएफ की टीम ने ही काबू पाया था। वहीं इस घटना के बाद रेलवे की इलेक्ट्रिक विभाग संबंधित समस्या को दुरुस्त करने में जुट गई थी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जारी किया आचार संहिता सम्बंधी दिशा निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127-क में वर्णित प्रावधानों के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने निम्न निदेश दिये ।निर्देश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हों, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा। कोई भी व्यक्ति किसी चुनावी पैम्पलेट या पोस्टर को न तो मुद्रित करेगा और न ही मुद्रित करवाएगा जब तक कि उसके प्रकाशक की पहचान के संबंध में हस्ताक्षर सहित घोषणा न की गयी हो और उसे व्यक्तिगत रूप से पहचाननेवाले दो व्यक्तियों के द्वारा अभिप्रमाणित और सत्यापित न की गई हो, उसके द्वारा प्रकाशक को दो प्रतियों में घोषणा न सौंपी गई हो और जब तक की मुद्रण पश्चात दस्तावेज के साथ घोषणा की एक प्रति के साथ उचित समय में प्रस्तुत नहीं कर देता है। उस दशा में जिसमें की वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन अधिकारी को तथा) किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है जिला मजिस्टेज्ट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है। इस प्रकार धारा 127 क के प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन पैम्पलेट या पोस्टर के उपर उसके प्रिंटर और प्रकाशक का नाम और पता होना चाहिए तथा दस्तावेज के मुद्रण के तीन (3) दिनों के भीतर प्रकाशक की घोषणा सहित मुद्रित सामग्री की चार (4) प्रतियॉं जिला मजिस्टेज्ट को भी भेजी जानी चाहिए। इस प्रकार धारा 127 क के उपबंधों तथा आयोग के उपर्युक्त दिशा निदेर्शों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा तथा मामले में यथोचित कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें राज्य के सुसंगत कानूनों के अधीन प्रिंटिंग प्रेस के लाईसेंस को रद्द किया जाना भी शामिल है।

छात्र आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर पूर्व मंत्री ने किया स्मरण साझा

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

●कहा- 50 वर्ष बीतने के बाद भी व्यवस्था परिवर्तन का संकल्प चौराहे पर पड़ा कराह रहा

पूर्व मंत्री व राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने छात्र आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर संकल्प व नमन करते हुए स्मरण साझा करते हुए कहा कि याद करें 18 मार्च 1974 के छात्र आंदोलन को! उस समय बिहार के तमाम छात्र युवाओं के ज्वाला स्फुरित हो रही थी। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार एवं शैक्षणिक अनियमितता का दंश झेल रहे थे। आंदोलन के लिए उस समय छात्र संगठनों ने आंदोलन की पृष्ठ भूमि तैयार की थी। विधानसभा घेरों आंदोलन के क्रम में सरकार द्वारा पुलिस व प्रशासन को आदेश देकर गोली चलाने का काम किया गया, और आंदोलन उग्र होता गया, सैकड़ों छात्रों को गोली खाकर प्राण न्योछावर करना पड़ा था। आंदोलन विशाल रूप लेने लगा और छात्र नेताओं के आग्रह पर लोकनायक को नेतृत्व की कमान संभालने का जिम्मा दिया गया। और यह आवाज उठी कि व्यवस्था परिवर्तन कर ही दम लेंगे। सैकड़ों लोगों को पूणार्हूति देनी पड़ी और हजारों लोग जेलों में कैद हो गये।

आंदोलन प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से परमान चढते रहा फिर आपातकाल की समाप्ति के पश्चात चुनाव की घोषणा हुई। व्यवस्था परिवर्तन के पूर्व सत्ता परिवर्तन हुआ। लोगों की सोच थी कि सत्ता परिवर्तन के पश्चात व्यवस्था परिवर्तन हो जायगा। आज 50 वर्ष बीत गये परन्तु वह संकल्प आज भी चौराहे पर पड़ा कराह रहा है। हम सत्ता में भगीदारी ले लिये पर मुद्दा पड़ाव पर सिसकता रहा। आज पुनः विचार करने की जरूरत है। हम सभी आत्म मंथन कर नयी राह उन संकल्पों के लिए चुनने की आवश्यकता पड़ गयी है। क्यों कि जो समस्या के लिए संघर्ष का रास्ता चुना गया था वह समस्या अब और विराट रूप ले चुकी है। आज युवा वर्ग के सामने अंधकार है। दलित-शोषित, किसान, मजदुर वेवश व पीड़ित हो कर सहने को मजबुर हो चुके हैं। क्या नयी पीढी उन सवालों को लेकर अपनी आंदोलन की पृष्ठ भूमि पर चर्चा नहीं करेगा? जो आंदोलन राह पर ही स्खलन हो चुका था।

हमें कैसे उन सवालों के लेकर एक विश्वास हासिल कर पुनः संघर्ष हेतू खड़ा हो सकते हैं। राजनीति की कुव्यवस्था एक भुल-भुलैया में रह जाये या दृढ संकल्प के साथ संघर्ष करें। छात्र आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर आज इस क्रान्ति दिवस व पुण्य दिन यह संकल्प लेने का आवश्यकता है। परन्तु संकल्प के पूर्व आत्मंथन व आत्मचिन्तन कर दृढता पूर्ण संघर्ष का रास्ता चुनना होगा या यथावत स्थिति में बना रहना होगा। यह विचारणीय विषय है। परन्तु उन शहीदों के तथा उनके बेहाल परिवारों की स्थिति को ऑख बंद कर सबक लेने की जरूरत करनी होगी। हम आज उन शहीद साथियों को नमन करते हैं तथा उनके आश्रित बेहाल परिवारों को नमन करते हैं।

सावधान, पद या पैसे से होना है गुमराह नहीं, सीने पर गोली खाकर भी निकले मुख से आह नहीं। ऐसे वीर शहीदों ने ही, देश की लाज बचायी है। लाख-लाख झोपड़ियों में छायी हुई उदासी है, सत्ता-सम्पत्ति के बंगलों में, हँसती पूरणमासी है। आओ कृषक, श्रमिक, नागरिकों, इंकलाब का नारा दो, गुरूजन, शिक्षक, बुद्धिजीवियों, अनुभव भरा सहारा दो। फिर देखें हम सत्ता कितनी, बर्बर है, बौराई है। जय हिन्द! जय शहीद।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चलाया हस्ताक्षर अभियान

समस्तीपुर एएनडी कॉलेज के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को देखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय शंकर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के क्रम में स्वीप गतिविधि की रूपरेखा के तहत युवा मतदाताओं को निर्वाचन में भागीदारी बढ़ाने हेतु महाविद्यालय के छात्र छात्रों के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है एवं अलग-अलग दिन एवं भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। ताकि नए मतदाताओं सहित आम लोगों का मतदान प्रतिशत सत्य प्रतिशत बढ़े और लोकतंत्र की मजबूत होने के साथ-साथ अच्छे सरकार बने। वहीं इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक डॉ शशि भूषण कुमार, डॉ फतेहुल्लाह कादरी, प्रो. मंजरी नाथ, डॉ राहुल कुमार पासवान, डॉ. असलम, डॉ चक्रवीर कुमार, डॉ नागेंद्र कुमार आदि ने हस्ताक्षर कर युवाओं को मतदाता अभियान जोर-शोर से चलने की अपील की।

स्वरोजगार का बेहतरीन जरिया है, इसे सीखने के बाद महिलाएं परिवार में रहकर कमाई कर सकती है:श्याम शर्मा

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा मिथिला पेंटिंग स्वरोजगार का बेहतरीन जरिया है। इसे सीखने के बाद महिलाएं परिवार में रहकर कमाई कर सकती है। इंटरनेट मार्केटिंग के द्वारा मिथिला पेंटिंग का व्यवसाय देश से विदेशों तक में किया जा सकता है। ये बातें डा प्रभात दास फाउण्डेशन के मिथिला पेंटिंग शिविर में वार्ड पार्षद श्याम शर्मा ने कही। सोमवार को वार्ड नंबर चार के नीम पोखर मुहल्ले में उन्होंने बताया कि मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण लेने से महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। प्राचीन काल की महिलाओं की कला आधुनिक दौर में रोजगार का माध्यम बन चुकी है।प्रशिक्षिका रश्मि देवी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 28 महिलाओं का नामांकन किया गया है। सभी को आगामी दो माह तक मिथिला पेंटिंग का गुर सीखाया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन फाउण्डेशन के अनील सिंह ने किया। मौके पर अंजना चौरसिया,सपना कुमारी,अनन्या चौरसिया, रीतू कुमारी, अंशिका कुमारी, मानसी कुमारी, रानी देवी, संध्या कुमारी, डौली देवी आदि मौजूद थी।

संक्षिप्त खबरें

दो वारंटी को गिरफ्तार

आलमनगर थाना पुलिस द्वारा दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया इस बाबत आलमनगर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि दो वारंटी को रात्रि गश्ती के दौरान एस आई प्रेमचंद पासवान ने भागीपुर निवासी सूर्य नारायण मेहता पिता स्वर्गीय मुनीलाल मेहता, एवं जगेंद्र मेहता पिता बिंदेश्वरी मेहता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेकर उसे जेल भेजा जा रहा।

दुकानदार को मारी गोली,घायल

सराय । सराय थाना क्षेत्र के वंशी चौक सराय स्थित एक मोबाइल दुकानदार को गोली मार गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल दुकानदार पवन कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। घायल की हालत खतरे से बाहर है। मिली जानकारी के अनुसार दुकानदार अपने दुकान बंद कर रहा था इसी - बीच एक बाइक पर सवार दो अपराधी आए और पूछ गोली मार दी। गोली पवन के दाहिने कंधे के नीचे लगी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मणी भूषण कुमार ने बताया की पवन कुमार नामक मोबाइल दुकानदार को गोली लगी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है मामला प्रेमप्रसंग से जुड़ा होने का अनुमान लगाया जा रहा पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे की मदद से अपराधियों की पहचान कर रही है।

सॉर्टसर्किट से मृतक 4 मजदूरों को 20 लाख मुआवजा दे सरकार:माले

दरभंगा भाकपा माले जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की कुशेश्वर निवासी मजदूर रोजगार करने दिल्ली गए थे और पिछले 14 मार्च को गीता कॉलनी में निर्मित तीसरे मंजिल पर बिजली सॉर्टसर्किट से झुलस कर मनोज साह उम्र 30, सुमन देवी उम्र 25, वर्षा कुमारी उम्र 5 वर्ष, नेहालिका कुमारी उम्र 3 वर्ष मृत्यु हो गया और घायल राकेश साह, बेबी देवी, नन्दू साह का इलाज अस्पताल में चल रहा है। विदित हो कि नन्दू साह वार्ड नम्बर 7 कुशेश्वर पंचायत में वार्ड सदस्य है घटना की खबर आई तो भाकपा माले नेताओं की टीम जाकर जानकारी प्राप्त किया।

एक कट्टा व 2 जिन्दा कारतूस के साथ एक अपराधी समेत चार लोग को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगह पर छापेमारी कर एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और एक बाइक के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया।वहीं आर्म्स एक्ट मामले में फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि शराब के नशे में हंगाम कर रहे 2 शराबी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार उक्त सभी 4 आरोपित को पुलिस अभिरक्षा में सोमवार को व्यवहार न्यायालय मधेपुरा में पेश किया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि गस्ती के दौरान थाना क्षेत्र के बैसाढ़ स्थित नहर के बगल में चौराहा के समीप पुलिस गस्ती वाहन लेकर खड़ा थे। इसी दौरान बैसाढ़ की ओर से आ रहे एक बाइक चालक पुलिस वाहन को देख कर भागने लगे। भागने के क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया। पुलिस बल के जवान बाइक चालक को दबोचा लिया। बाइक चालक व थाना क्षेत्र के बैसाढ़ निवासी पुरुषोत्तम कुमार की तलाशी लेने पर इनके कमर से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन व एक बाइक के साथ इनको गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं अररिया जिला के भरगामा थाना क्षेत्र के आर्म्स एक्ट के एक फरार चल रहे आरोपित जयकुमार मेहता को रामटल चौक से गिरफ्तार किया गया इधर थाना क्षेत्र के खुर्दा वार्ड 9 में शराब के नशे में हंगामा कर रहे शराबी व खुर्दा निवासी जगरनाथ कुमार और मधेपुरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी बबलू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उक्त सभी 4 आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में सोमवार व्यवहार न्यायालय मधेपुरा में पेश किया गया है।

घर में आग लगने से दो ट्रैक्टर समेत संपत्ति नष्ट

प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा मुरलीगंज नगर पंचायत वार्ड एक काशीपुर मोहल्ला में रविवार की देर रात एक घर में अचानक आग लगने से दो ट्रैक्टर समेत 20 से 25 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गया। गृह स्वामी ने बताया कि स्थानीय पड़ोसी के द्वारा जानकारी हुई। पहुंचे तो देखा कि घर सहित सब कुछ जलकर राख हो गया था। स्थानीय लोगों के द्वारा आग बुझाई गई। लेकिन तब तक घर, दो ट्रैक्टर इंजन सहित सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। सोमवार को गृहस्वामी नन्दकिशोर यादव ने अंचल और थाना में आवेदन देकर जांचों प्रांत कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि घर में बिजली कनेक्शन भी नहीं है। फिर भी अचानक घर में आग लगने और सब कुछ जलकर नष्ट होने से लगता है कि किसी के द्वारा साजिश के तहत घटना को अंजाम दिये जाने का आशंका जाहिर किया है। सीओ किसलय कुमार ने कहा कि जांचोपरांत कार्रवाई किया जाएगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर एकादश ने पटना की टीम को किया पराजित

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर । राज्यस्तरीय अभियंता अजीत कुमार आजाद मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टरफाइनल मैच मुजफ्फरपुर एकादश एवं एस आर सीए पटना के बीच खेला गया। जिसमे मुजफ्फरपुर एकादश की टीम ने पटना की टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वैशाली जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित हो रहे मैच का टॉस मुजफ्फरपुर टीम के कप्तान ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुजफ्फरपुर की टीम ने सभी ओवरों की समाप्ति पर 215 रनों का स्कोर खड़ा किया। अपने टीम के लिए शिवम कुमार ने 45 रन, अमित कुमार ने 43 रन, आकाश कुमार ने 40 रन तथा आदित्य कुमार ने 35 रनों का स्कोर खड़ा किया। पटना की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए शशि राठौड़ ने 04 विकेट तथा सुनील कुमार ने 02 विकेट लिए। 216 रनों के विजय लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी पटना की टीम सभी विकेटों के नुकसान पर 200 रन ही बना सकी और यह मैच 15 रनों से हार गई। अपने टीम के लिए विकास भारद्वाज ने 52 रन की शानदार पारी खेली लेकिन अपने टीम को जीत नहीं दिला सके। वही सुनील ने 34 रन, यश शर्मा ने 33 रन एवं विकास ने 28 रनों की पारी खेली। मैच समाप्ति के उपरांत विजेता टीम के शिवम कुमार को उनके बेहतरीन खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कांग्रेस नेता डॉ अक्षय शुक्ला ने दिया।

मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता का किया गया स्वागत

प्रात: किरण, संवाददाता

सराय।-भारतीय जनता पार्टी क्रीड़ा प्रकोष्ठ के तत्वाधान मे सराय बाजार मे बिहार सरकार के मंत्री व कुढ़नी विधायक केदार प्रसाद गुप्ता का पटना जाने के दौरान अंग वस्त्र फूल माला से स्वागत किया गया मौके पर बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत किया जायेगा । सरकार की उन सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को पूरी मजबूती के साथ लोगो तक पहुंचाने के काम करेंगे बिहार एक बार पुनः विकास कि रफ्तार मे तेजी से आगे बढ़ेगा स्वागत करने वाले मे भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल कुमार गुप्ता, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव,मोहम्मद पंचायत मुखिया प्रमोद ठाकुर, समिति पप्पू भाई उफ रुपेश कुमार ,समाजसेवी पप्पू कुमार साह,जदयू नेता रत्नेश कुमार गुड्डू,हर्ष कुमार,प्रमोद ठाकुर,रवि गुप्ता,वैभव कुमार, सौरभ कुमार,संभु साह आदि मुख्य थे ।

प्रखंड के सभी स्कूलों में पांचवी और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/ गिद्धौर प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 5 और 8 के छात्र-छात्राओं ने वार्षिक परीक्षा में भाग लिया। बच्चे बिना तनाव के परीक्षा में शामिल हों इसके लिए उन्हें सामान्य माहौल देने के साथ-साथ कदाचार मुक्त परीक्षा का टिप्स दिया गया। यह वार्षिक परीक्षा अठारह मार्च से शुरू होकर अट्ठाइस मार्च तक चलेगी।मध्य विद्यालय रतनपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार ने बताया कि इसके लिए उत्तर पुस्तिका की गोपनीयता के लिए विद्यालयों को सीलबंद प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गयी है।उस उत्तर पुस्तिका को वर्ग शिक्षक की उपस्थिति में लिफाफे पर हस्ताक्षर के उपरांत ही खोला गया। शांत वातावरण में परीक्षा अवधि में अन्य वर्ग कक्ष का संचालन जारी रखी गई है। छात्र-छात्रा में परीक्षा को लेकर काफी उत्साह देखा गया ।परीक्षा अवधि में विद्यालय का पूरा परिवेश भयमुक्त एवं तनाव रहित बनाया गया।कदाचार पर विराम लगाने को लेकर कक्षा 5 और 8 के छात्र छात्राओं को मिलाकर एक कक्ष में सीट प्लान किया गया है।तथा साफ-सफाई एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गयी है।परीक्षा में प्रखंड के सभी विद्यालयों के 3602 छात्र-छात्राओं में मात्र 3367 छात्र परीक्षा में भाग ले रहे है।जिसमें वर्ग 5 के 1881 एवं वर्ग 8 के 1486 छात्रों ने हिस्सा ले रहे है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शमशुल होदा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में कदाचार मुक्त और उत्सवी माहौल में परीक्षा ली जा रही है।

चमकी पर मेडिकल ऑफिसर का हुआ प्रशिक्षण, एसओपी के अनुसार ही इलाज की नसीहत

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। मौसम की तल्खी और चमकी की बढ़ती संभावनाओं के बीच सोमवार को एनएएम स्कूल में चमकी नियंत्रण, प्रबंधन एवं नए एसओपी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ गुड़िया कुमारी के साथ डॉ चंदन कुमार मौजूद थे। डॉ गुड़िया ने बताया कि गर्मी और उष्णता बढ़ने के साथ एईएस/चमकी की संभावना बढ़ जाती है। डॉ गुड़िया ने बताया कि चिकित्सकों को चमकी वार्ड में नए एसओपी के अनुसार ही लक्षण आधारित उपचार करने को कहा गया है। अगर किसी बच्चे में चमकी के एक भी लक्षण दिखे तो उसका उपचार तुरंत करें। किसी भी हालत में बिना उपचार के कोई बच्चा रेफर न हो इसका पालन करें। विषम परिस्थिति में ही जिला अस्पताल या एसकेएमसीएच सुविधापूर्ण एम्बुलेंस के साथ ही भेजा जाए। डॉ गुड़िया ने प्रशिक्षण के दौरान सभी बीसीएम को निर्देश दिया कि वे आशा के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा एईएस पर जागरूकता फैलाएं। जागरूकता के लिए आरबीएसके के वाहन से भी ऑडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आशा जीरो से 15 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष नजर रखें। उनके अभिभावकों को सलाह दें कि बच्चे धूप में ज्यादा न जाएं, रात को खाना खिलाकर ही सुलाएं, रात को खाने में कुछ मीठा जरूर खिलाएं। मंगलवार को दूसरे बैच के मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ और बीसीएम को एईएस के नए एसओपी और नियंत्रणार्थ प्रशिक्षित किया जाएगा। मौके पर डॉ चंदन कुमार, हेल्थ एजुकेटर राकेश कुमार सिंह, भीडीसीओ राजीव कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों से आए एमओ, बीसीएम और सीएचओ मौजूद थे।

वोट डालने को लेकर आशा व फैसीलिटेटर ने निकाली जागरूकता रैली

प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएचसी परिसर से सोमवार को लोकसभा चुनाव में आमलोगों द्वारा अधिक से अधिक मताधिकार प्रयोग करने को लेकर सभी आशा व फैसीलिटेटर ने जागरूकता रैली निकाली। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ डीपी रमण, बीसीएम प्रेमशंकर कुमार व बीएचएम बृजेश कुमार के नेतृत्व में दर्जनों आशा व फैसीलिटेटर ने सीएचसी परिसर से ब्लॉक मुख्यालय परिसर, आईसीडीएस, मनरेगा परिसर होते हुए स्टेट हाईवे पर चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित करने को लेकर जनजागरूकता रैली निकाली। इस दौरान आशा व फैसीलिटेटर ने लोगों से लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले वोटिंग के दौरान अधिक से अधिक संख्या में अपने बूथ पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस महापर्व में मताधिकार का प्रयोग कर सरकार बनाने में अपनी भागीदारी देने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ डीपी रमण, डॉ नवीन प्रसाद भारती, बीसीएम प्रेमशंकर कुमार, बीएचएम बृजेश कुमार, लैब टेक्नीशियन सुनील कुमार यादव,सैमसन कुमार, फैसीलिटेटर मंजू कुमारी, राजकुमारी, ललिता कुमारी, पूनम कुमारी, उषा कुमारी, प्रियंका, लुटनी देवी, विनीता कुमारी, मंजू देवी, समीना खातून, निरंजना भारती, राबिया तबस्सुम, सुनीता देवी, कविता कुमारी, चुन चुन कुमारी, बीणा कुमारी, नाजनी बेगम, कंचन कुमारी, अनिता कुमारी सहित दर्जनों आशा मौजूद थी।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक में जिला इकाई का गठन

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महामंत्री सह चुनाव प्रभारी श्री राकेश कुमार सिन्हा द्वारा वैशाली जिला के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक स्थानीय चित्रांश कम्युनिटी हॉल , हाजीपुर में सम्पन्न किया गया। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से महासभा के वैशाली जिला इकाई का अध्यक्ष के पद पर रॉय दीपक कुमार सिन्हा, पूर्व मुखिया ,बाकरपुर, अजय कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष,महासचिव के पद पर संजीव कुमार श्रीवास्तव,सचिव के पद पर जितेंद्र कुमार वर्मा एवं उमेश कुमार श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किये गए । उक्त अवसर पर प्रदेश महामंत्री सह चुनाव प्रभारी श्री राकेश कुमार सिन्हा के साथ राष्ट्रीय वरीय उपाध्यक्ष श्री मनहर कृष्ण अतुल,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिन्हा,प्रदेश संगठन मंत्री श्री आदित्य नारायण अंबष्ठ , श्री कमल नयन श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष ,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री अमरेश प्रसाद , महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिन्हा एवं वैशाली जिला के सैकड़ो सक्रिय चित्रांश बंधु उपस्थित रहें।

पदाधिकारियों द्वारा वैशाली जिले में संगठन को संगठित एवं मजबूती प्रदान करने के लिए निर्वाचित किये गए सदस्यों को अपना दायित्व निर्वहन करने का आह्वान किया गया।

सीएफएमएस 2.0 का मनोयोग से प्रशिक्षण लें:डीएम

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर । जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा हाजीपुर कोषागार में दीप प्रज्वलित कर सीएफएमएस प्रणाली के अंतर्गत वेतन भुगतान की व्यवस्था 2.0 वर्जन से करने हेतु आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वैशाली के सभी डीडीओ के साथ मेकर - चेकर से कहा कि वे पूरे मनोयोग से ट्रेनिंग लें और जहां समझ में न आए, जरूर पूछें। विदित हो कि वित्त विभाग द्वारा वेतन निकासी के लिए सीएफएमएस 1.0 के स्थान पर सीएफएमएस 2.0 लाया जा रहा है। इसी के निमित जिले के सभी डीडीओ , मेकर, चेकर को विभिन्न मॉड्यूल यथा एडमिन, मास्टर मेंटेनेंस, पेई मैनेजमेंट, बजट एलॉटमेंट और पेंशन मॉड्यूल आदि पर 18 मार्च से 20 मार्च तक ट्रेनिंग आयोजित है। वरीय कोषागार पदाधिकारी किशोर कुमार कामत और ट्रेजरी के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार सिंह, ओएसडी श्री मनोज कुमार और जिला सूचना जन संपर्क पदाधिकारी श्री नीरज कुमार के साथ कई अधिकारी, कर्मी मौजूद थे।

संत गणिनाथ स्मारक सेवा समिति की विशेष बैठक एवं होली मिलन समारोह आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। संत गणिनाथ स्मारक सेवा समिति कौन हारा घाट हरिपुर हाजीपुर की कार्य समिति की विशेष बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन मंदिर प्रांगण में सेवा समिति के अध्यक्ष श्री अजीत कुमार गुप्ता एवं सचिव श्यामानंद कोषाध्यक्ष डा एस के सज्जन के संचालन में संपन्न हुई। दो सत्रों में संपन्न बैठक के प्रथम सत्र में कार्यकारिणी की बैठक हुई सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत को दशकों से संभाल रहे इस सेवा समिति को निबंधन विभाग द्वारा पंजीकृत कराए जाने पर उपस्थित सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर किया। विगत बैठक में लिए गए प्रस्तावों की श्री संपुष्टि राष्ट्रीयकृत बैंक में सेवा समिति का खाता खोलना रुके हुए मंदिर निर्माण कार्य को शुरू करने, शैक्षणिक राजनीतिक स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण आदि योजना पर कार्य करने का निर्णय लिया गया । एक से बढ़कर एक होली गीत के साथ होली मिलन का कार्यक्रम किया गया सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने बाबा गणिनाथ एवं माता क्षमता सती सहित 14 दीवान के चरणों में वीर गुलाल समर्पित कर होली मिलन की शुरुआत हुई।

आग लगने से हजारों की संपत्ति हुआ राख

प्रात: किरण, संवाददाता

राजापाकर । रात्रि में अचानक आग लग जाने से एक झोपड़ी नुमा घर जलकर राख हो गया घटना राजापाकर उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 7 निवासी मुसमात प्रमिला देवी पति स्वर्गीय रामसेवक राय के यहां की है झोपड़ीनुमा घर में मध्य रात्रि में आग लगने से घर में रखें सभी सामान अनाज, बर्तन, कपड़ा, पैसा एवम जमीन के कागज सभी जलकर राख हो गए।वहीं घर के बगल में भूसा से भरा दो भुसौल में भी आग पकड़ लिया जिसमे रखे भूसा एवं 5 क्विंटल गेहूं भी जल कर राख हो गया। जिससे 50हजार के क्षति का अनुमान है।घटना की सूचना पाकर राजापाकर थाने से दमकल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों एवं दमकल के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।इस संबंध में अग्नि पीड़िता प्रमिला देवी ने राजापाकर थाने में आवेदन दिया है।वहीं अंचलाधिकारी राजापाकर को भी आपदा कोष से मुआवजे के लिए आवेदन दिया गया है।अंचलाधिकारी गौरव कुमार के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी अमित कुमार मौके पर जांच को पहुंचे एवं अग्नि पीड़ित परिवार परिवार को हर संभव सहायता देने आश्वासन दिया। वहीं उन्हें तत्काल रहने के लिए प्लास्टिक से सोमवार को पन्नी उपलब्ध कराया गयाहै। जांचोपरांत आपदा कोष से मिलने वाली सहायता राशि भी देने की बात कही। वहीं समाजसेवी कमल राय, भाकपा माले नेता भुल्ला राय, मोहन राय, रामसरीख प्रसाद सिंह, अमरेश कुमार सिंह आदि लोगों ने अग्नि पीड़ित गरीब परिवार को जिला प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर देने की मांग किया है।

मधेपुरा में सत्संग से वापस घर लौट रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने रौंदा

इलाज के दौरान हुई मौत, NH-106 पर हुआ हादसा,मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा के भराही थाना क्षेत्र अंतर्गत तुरकाही गांव के समीप NH-106 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसकी इलाज के दौरान जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। मृतक की पहचान तुरकाही गांव के वार्ड-09 निवासी 75 वर्षीय इंद्रदेव पासवान के रूप में हुई।

मृतक के बेटे मधुसूदन कुमार ने बताया कि रविवार को उनके पिता गांव में हो रहे सत्संग में गए थे। सत्संग से वापस घर लौटने के दौरान तुरकाही चौक के समीप एक अज्ञात वाहन ने उसे रौंदते हुए फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उनलोगों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खून से लथपथ पिता को पहले तो मधेपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन उसे गांव लेकर चले गए और मौत की सूचना भराही थाना को दी। मौके पर पहुंची भराही थाना की पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। भराही थानाध्यक्ष मनोज कुमार बच्चन ने कहा कि सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

मंच को मिला पर्यावरण संरक्षण कार्यों को लेकर इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड

टीम से जुड़े सक्रिय सदस्य शांतनु सिंह ने प्राप्त किया अवार्ड

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई। ग्लोबल यूथ पीस कमेटी नई दिल्ली में द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कार्यक्रम वार्ता में साइकिल यात्रा एक विचार मंच को एक्सीलेंस अवार्ड मिला। यह अवार्ड साइकिल यात्रा एक विचार, जमुई द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए अनवरत 428 सप्ताह से साइकिल यात्रा कर मुहिम चलाने को लेकर दिया गया है। यह अवार्ड विगत दिनों में कमेटी द्वारा पूरे देश भर में लगभग 200 लोगों का चिन्हित किया गया जिसमें विभिन्न प्रक्रिया कर अंतिम रूप से देश भर के 10 लोगों को रचनात्मक कार्य को लेकर चयन किया गया। टीम से जुड़े सक्रिय सदस्य शांतनु सिंह के द्वारा यह अवार्ड प्राप्त किया गया। सदस्य शांतनु सिंह ने बताया की यह अवार्ड प्राप्त करना टीम के हरेक सदस्यों के लिए गौरवान्वित पल है। हमलोगों ने जो प्रयास जमुई जिला में किया है उसकी गूंज पूरे देश विदेश में हो रही है। इस वार्ता कार्यक्रम में मंच के कार्यों को शामिल होने वाले प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। उनके द्वारा यह कार्यक्रम अपने क्षेत्र में इसी तरह करने का रणनीति तैयार की गई। ताकि पूरे देश भर में पर्यावरण संरक्षण का एक अच्छा माहौल बन सकें। अवार्ड प्राप्त होने पर टीम के सदस्य गोलू कुमार, हर्ष कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, विवेक कुमार, राहुल राठौर, शैलेश भारद्वाज, संतोष कुमार, धीरज कुमार सिंह, अरुणेश मिश्रा, लड्डू मिश्रा, प्रिंस राज आदि ने खुशी जाहिर की। टीम को समाज के प्रबुद्ध लोगों ने शुभकामनाएं दी।

आदर्श आचार संहिता लगते ही हटाए जाने लगे पोस्टर-बैनर

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर लोकसभा चुनाव 2024 का ऐलान होने के साथ ही प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए राजनीतिक दलों के होल्डिंग तथा बैनर पोस्टर हटाने का काम शुरू कर दिया गया है।सोमवार को अंचलाधिकारी आरती भूषण व प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में गिद्धौर प्रखंड भर में अभियान चलाकर प्रखंड चौक चौराहों व सार्वजनिक स्थल पर लगाए गए राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाकर जप्त किया गया। पहले दिन गिद्धौर मुख्यालय में से गिद्धौर बाजार सहित विद्युत पोल पर लगे होल्डिंग बैनर पोस्टर को हटाया गया। लगभग 50 से अधिक होल्डिंग व बैनर को हटाया गया।बता दें की शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तिथि का ऐलान करने के बाद जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।पहले चरण जमुई(सु०)लोकसभा का चुनाव होना है प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि चुनाव की तिथि तय होने के बाद जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। अब किसी भी राजनीतिक पार्टी का बैनर पोस्टर प्रखंड कार्यालय से लेकर पंचायतों में भी नहीं दिखेगा और यह अभियान जारी रहेगा अगर कोई नियम का उल्लंघन करता है तो उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया जाएगा।इस मौके पर प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी अजय कुमार,सीओ आरती भूषण,पुलिस पदाधिकारी कमला कान्त प्रसाद आदि उपस्थित थे।

सम्पादकीय

कितने पूर्व सीएम सांसद बनेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 370 सीट जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा इस बार पूरे देश में मजबूत नेताओं को चुनाव लड़ा रही है। प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहे नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्रियों को लोकसभा की टिकट दी गई है। आमतौर पर पूर्व मुख्यमंत्री सांसद बनते हैं और उनकी पार्टी की केंद्र में सरकार बनती है तो वे मंत्री भी बनते हैं। बहरहाल, भाजपा ने अभी तक 267 उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिसमें उसने आधा दर्जन पूर्व मुख्यमंत्रियों को मैदान में उतारा है। हालांकि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की टिकट भी कटी है लेकिन उनके बारे में पहले से अंदाजा था। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा को इस बार टिकट नहीं मिली है। पिछली बार चुनाव जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को फिर से झारखंड से टिकट दी गई है। हालांकि पिछली बार वे बहुत मामूली अंतर से चुनाव जीते थे। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सबार्नंद सोनोवाल राज्यसभा सांसद हैं। इस बार पार्टी ने उनको लोकसभा चुनाव में उतारा है। ये दोनों पूर्व मुख्यमंत्री केंद्र सरकार में मंत्री हैं। इनके अलावा पांच और पूर्व मुख्यमंत्रियों को टिकट दी गई है। राज्यसभा सांसद और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब को पार्टी ने टिकट दिया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस बार चुनाव लड़ रहे हैं तो हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद ही मनोहर लाल खट्टर के नाम का भी ऐलान हो गया। उधर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को भी पार्टी ने चुनाव में उतारा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे त्रिवेंद्र सिंह रावत को भी इस बार लोकसभा की टिकट मिली है।

नीतीश नहीं बचा सके अपने सहयोगी को

बिहार में भाजपा ने अपनी ताकत दिखाई है। उसने जब नीतीश कुमार की वापसी कराई थी तब उनको मुख्यमंत्री तो बना दिया था लेकिन उसी समय साफ कर दिया था कि उनकी वजह से भाजपा अपने किसी पुराने सहयोगी को बाहर नहीं करेगी। लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर जो शुरूआती सहमति बनी है उससे साफ हो गया है कि भाजपा ने अपने पुराने सहयोगियों को तो बचा लिया लेकिन जिनके प्रति नीतीश कुमार का सद्भाव था या जो नीतीश के करीबी माने जाते थे उनको नुकसान हो गया। 2020 के विधानसभा चुनाव में चुन चुन कर नीतीश के उम्मीदवार के खिलाफ अपने प्रत्याशी उतारने और जदयू को हराने वाले चिराग पासवान इस खेल में बड़े विनर बन कर उभरे हैं। भाजपा ने उनकी शर्तें मान कर उनके हिसाब से टिकट दी है। लेकिन उनके चाचा पशुपति पारस, जिनको नीतीश का करीबी माना जाता था वे पूरी तरह से हाशिए में चले गए हैं। गौरतलब है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में हुए नुकसान का बदला लेने के लिए नीतीश कुमार ने पशुपति पारस को आगे करके लोक जनशक्ति पार्टी में विभाजन कराया था। तब पार्टी के छह में से पांच सांसद पारस के साथ चले गए थे और चिराग अकेले बच गए थे। उस समय नीतीश भाजपा के साथ थे और उनके कहने पर भाजपा ने लोकसभा में न सिर्फ पारस गुट को मान्यता दिलवाई, बल्कि उनको केंद्र सरकार में मंत्री बनाया। इतना ही नहीं भाजपा की सरकार ने चिराग से उनके पिता की जनपथ स्थित कोठी भी खाली कराई। लेकिन अब जब मौका आया है, तब एक सीट वाले चिराग को पांच सीटें मिल रही हैं और पांच सांसदों वाले केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस को एक भी सीट नहीं मिल रही है। माना जा रहा था कि नीतीश कुमार उनका पक्ष लेंगे और उनका भी सम्मानजनक समझौता करा देंगे लेकिन ऐसा लग रहा है कि नीतीश ने भी पल्ला झाड़ लिया है। अब भाजपा की ही कृपा से उनको एक सीट मिल जाए तो ठीक नहीं तो उनको राजद और कांग्रेस के साथ बात करनी होगी।

जनादेश का लोकतांत्रिक पर्व

जनादेश का लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर आया है। यह ऐसा पर्व है, जब देश की आम जनता वोट देकर लोकतंत्र को जिंदा रखती है और इस तरह देश के गणतंत्र और संविधान भी प्रासंगिक रहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनावी पर्व भी व्यापक और गहरा होता है। करीब 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर 18वीं लोकसभा, विधानसभाओं और अंततः भारत सरकार का निर्वाचन करेंगे। इससे बड़ा लोकतंत्र और क्या हो सकता है? इतना विशाल और विराट लोकतंत्र अपने अस्तित्व के खतरे में कैसे हो सकता है? ये तथ्य और सत्य नहीं, फिजूल वाचाली है। भारत में जनादेश का यह उत्सव सम्यक सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता, क्षेत्र-निरपेक्षता, समन्वय, कमोबेश हिंसामुक्त और विवेकपूर्ण होता है, लिहाजा जनादेश को ह्यराष्ट्रीयह्व और सर्वसम्मत माना जाता है। जनादेश स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक साबित हो, लिहाजा देश में 81 दिन की ह्यआदर्श चुनाव आचार संहिताह्व लागू हो गई है। समूचे देश का प्रशासन अब चुनाव आयोग के अधीन आ गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री के स्तर पर भी किसी नई नीति की घोषणा नहीं की जा सकती। हमारा यह जनादेशी पर्व व्यापक और पारदर्शी इसलिए आंका जाता रहा है, क्योंकि दूरदराज गांव, इलाका और पहाड़ की चोटियों पर मौजूद मतदाता भी अपनी सरकार चुनने के लिए वोट देने को संवैधानिक आधार पर अधिकृत हैं। जो सैनिक सरहदों पर तैनात हैं अथवा जो नागरिक किसी कार्यवश अपने क्षेत्र और घर से दूर हैं, उनके मताधिकार की भी व्यवस्था चुनाव आयोग करता है। अत्यधिक बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिकों के मतदान उनके घरों पर ही सुनिश्चित कराए जाते हैं। पहली प्राथमिकता मतदान की है। बहरहाल 18वीं लोकसभा के लिए मतदान 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में कराया जाएगा। मतगणना 4 जून को ही सम्पन्न हो जाएगी, लिहाजा उसी दिन शाम तक स्पष्ट हो जाएगा कि जनादेश किसे मिला है? नई सरकार किस पार्टी और गठबंधन की बनेगी? सिर्फ जनादेश की तटस्थता और ईमानदारी के लिए आयोग 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल करेगा और 1.5 करोड़ चुनावकर्मी और सुरक्षाकर्मी जनादेश के पर्व को समानता और शांति से सम्पन्न कराएंगे। ईवीएम पर सर्वोच्च अदालत तमाम याचिकाओं को खारिज करते हुए ईवीएम को मान्यता दे चुकी है। अब इस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रलाप बेमानी है। बहरहाल इन आंकड़ों के मद्देनजर भी हमारा आम चुनाव दुनिया में सबसे बड़ा और निष्पक्षता का उदाहरण है। अलबत्ता कुछ काली भेड़ें इस पर भी कालिख पोतने का दुस्साहस करती हैं, लेकिन वे नाकाम ही रहती हैं। जनादेश का यह सौभाग्यशाली दिन होगा, जब 1.82 करोड़ युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे और जनादेश की मुख्यधारा में जुड़ेंगे। चुनाव बूथ वाले उन मतदाताओं का मुंह मीठा कराएंगे। कुल 21.5 करोड़ मतदाता, जिनका आयु-वर्ग 18-29 साल है, जनादेश के पर्व में शिरकत करेंगे। अधिकतर देशों में इतनी तो आबादी भी नहीं होती और भारत के जनादेश की इतनी व्यापक ताकत है। बहरहाल इस बार का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 और 2019 में लगातार दो राष्ट्रीय जनादेश भाजपा-एनडीए को हासिल हो चुके हैं। यदि तीसरी बार भी जनादेश उन्हीं के पक्ष में रहता है, तो प्रधानमंत्री मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समकक्ष हो जाएंगे, क्योंकि लगातार तीन बार जनादेश प्राप्त करने वाला कोई अन्य प्रधानमंत्री नहीं है। जिस दौर में यह चुनाव हो रहा है, उसमें एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच बड़े उग्र विरोधाभास हैं, नतीजतन नफरती भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। राजनीतिक दल और नेता व्यक्तिगत आक्रमण भी कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने इस संदर्भ में एक खास सलाह दी है और दलों को संयमी, सतर्क और समभावी होने के निर्देश भी दिए हैं। ऐसा भी परामर्श दिया गया है कि जाति और धर्म पर आधारित चुनाव प्रचार न किया जाए। यदि कोई दल किसी आपराधिक व्यक्ति को उम्मीदवार बनाता है, तो आयोग के इस संबंध में भी कुछ निर्देश हैं।

सरकारी पैसे के अपव्यय की किसे चिंता है?

आन्ध्र में तेलुगू देशम फिर से एन.डी.ए. का हिस्सा हो रही है। परन्तु यह चन्द्रबाबू नायडू की मजबूरी होगी क्योंकि भ्रष्टाचार के मामले में वे जेल जा चुके हैं और वर्तमान में जमानत पर हैं परन्तु फिर से गिरफ्तारी का वारंट उनके सिर पर है। वर्तमान में वहां के मुख्यमंत्री अपनी कांग्रेस का विलय भी एन.डी.ए. में चाहते हैं। पिछले दिनों सरकारी विज्ञापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को फटकार लगाई थी कि आपके पास अपने कारनामें विज्ञापन में देने के लिए तो पैसे हैं परन्तु दिल्ली मेरठ रैपिड रेल के लिए अपने हिस्से का पैसा नहीं देते। आजकल हर टी.वी. चैनल पर सरकार की ओर से मोदी की गारंटी के विज्ञापन आ रहे हैं। कोई बसों में चूर्ण बेचने जैसा मोदी की गारंटी का पर्चा बांट रहा है जिसमें 5 साल तक मुफ्त राशन की सौगात है। एक छोटी बच्ची कहती है कि उसकी देखभाल उसकी मां करती है और उसकी मां की देखभाल मोदी जी करते हैं किसी को नल में जल देकर, किसी को गैस का सिलेण्डर देकर किसी को मुफ्त राशन देकर। एक साइकिल में जा रहा बुड्ढा कहता है कि अब तो मोदी की गारंटी पूरी होने की भी गारंटी है। ये विज्ञापन शुद्ध रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर है, परन्तु इनका खर्च पार्टी से न जाकर भारत सरकार के खाते से जा रहा है। पंजाब सरकार के भी खूब विज्ञापन आ रहे हैं। केजरीवाल तो विज्ञापन देने में माहिर हैं ही। उत्तराखण्ड सरकार का समान नागरिक संहिता का विज्ञापन सरकारी खर्च पर खूब आ रहा है। विपक्षी आरोप लगाते हैं कि सन 2014 में मोदी जी दो जगह से खड़े हुये थे। दोनों जगहों से उनकी जीत सुनिश्चित थी। फिर वे गुजरात से क्यों खड़े हुए।

अजय दीक्षित-
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने अपने भाषण में कहा था कि पिछली सरकारों के दौरान सरकारी कोष के पैसे का दुरुपयोग होता रहा है। मोदी जी के सभी चुनावी भाषणों में और अन्यत्र भी वे कांग्रेस को भ्रष्टाचार, परिवादवाद और तुष्टिकरण की खदान कहते हैं। उनके निशाने पर सभी विपक्षी दल हैं, यद्यपि वे बीजू पटनायक को कुछ ज्यादा नहीं कहते, परन्तु उनकी यह तो दिली इच्छा होगी कि उड़ीसा में भी कमल खिले। तेलंगाना में जब भारत राष्ट्र समिति (पूर्व में तेलंगाना राष्ट्र समिति) केसी राव की सरकार थी तो मोदी जी के अनुसार वे एन.डी.ए. में शामिल होने के लिए मोदी जी से प्रार्थना कर रहे थे जिसे मोदी जी ने ठुकरा दिया। कहते हैं आन्ध्र में तेलुगू देशम फिर से एन.डी.ए. का हिस्सा हो रही है। परन्तु यह चन्द्रबाबू नायडू की मजबूरी होगी क्योंकि भ्रष्टाचार के मामले में वे जेल जा चुके हैं और वर्तमान में जमानत पर हैं परन्तु फिर से गिरफ्तारी का वारंट उनके सिर पर है। वर्तमान में वहां के मुख्यमंत्री अपनी कांग्रेस का विलय भी एन.डी.ए. में चाहते हैं। पिछले दिनों सरकारी विज्ञापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को फटकार लगाई थी कि आपके पास अपने कारनामें विज्ञापन में देने के लिए तो पैसे हैं परन्तु दिल्ली मेरठ रैपिड रेल के लिए अपने हिस्से का पैसा नहीं देते। आजकल हर टी.वी. चैनल पर सरकार की ओर से मोदी की गारंटी के विज्ञापन आ रहे हैं। कोई बसों में चूर्ण बेचने जैसा मोदी की गारंटी का पर्चा बांट रहा है जिसमें 5 साल तक मुफ्त राशन की सौगात है। एक छोटी बच्ची कहती है कि उसकी देखभाल उसकी मां करती है और उसकी मां की देखभाल मोदी जी करते हैं किसी को नल में जल देकर, किसी को गैस का सिलेण्डर देकर किसी को मुफ्त राशन देकर। एक साइकिल में जा रहा बुड्ढा कहता है कि अब तो मोदी की गारंटी पूरी होने की भी गारंटी है। ये विज्ञापन शुद्ध रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर है, परन्तु इनका खर्च पार्टी से न जाकर भारत सरकार के खाते से जा रहा है। पंजाब सरकार के भी खूब विज्ञापन आ रहे हैं। केजरीवाल तो विज्ञापन देने में माहिर हैं ही। उत्तराखण्ड सरकार का समान नागरिक संहिता का विज्ञापन सरकारी खर्च पर खूब आ रहा है। विपक्षी आरोप लगाते हैं कि सन 2014 में मोदी जी दो जगह से खड़े हुये थे। दोनों जगहों से उनकी जीत सुनिश्चित थी। फिर वे गुजरात से क्यों खड़े हुए। वहां से त्यागपत्र देकर वाराणसी की सीट रखी कि मां गंगा और पशुपतिनाथ ने उन्हें बुलाया है। जय शिव शंकर जय मोदी जी ! आजकल जहां भी मोदी जी जाते हैं, वहां की परियोजनाओं का लोकार्पण करते हैं। उनकी सुरक्षा इंतजाम में एक अनुमान के अनुसार 10 करोड़ खर्च होता है। वे स्वयं ही इंटरनेट की बात करते हैं। डिजिटल इण्डिया की बात करते हैं, तो विपक्षी आरोप लगाते हैं कि क्यों कर वे स्वयं व्यक्तिगत उपस्थित होकर उद्घाटन या शिलान्यास करते हैं जबकि ऐसा वे डिजिटल भी कर सकते हैं। उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति से सुरक्षा में भी 10 करोड़ खर्च होते हैं। अन्य व्यय अलग से हैं। परन्तु यह आरोप तथाकथित विपक्ष पर भी लगता है। कहते हैं कि राहुल गांधी जहां जाते हैं, वहां उन्हें मिली सुरक्षा के कारण उनकी सरकारी कार भी हवाई जहाज से जाती है। अभी खडगे जी को जेड प्लस सुरक्षा दी गई है। लोकसभा सांसद या राज्य विधानसभा विधायक या मुख्यमंत्री या मंत्री या अन्य कोई जब भी अपनी पार्टी के प्रचार के लिए जाता है तो उसका उस दिन का वेतन, भत्ता, कटता नहीं है। भारत में किस चुनाव आयोग की हिम्मत है कि कहें कि जब ऐसे लोग अपनी पार्टी के प्रचार के लिए जाते हैं तो उसे दिन का वेतन भत्ता उन्हें नहीं दिया जाये। असल में सरकारी खजाने का बहुत बड़ा भाग तो वेतन भोगी कर्मचारी देते हैं क्योंकि उनके वेतन से ही इनकम टैक्स कट जाता है। शेष उद्योगपति या प्राइवेट नौकरी वाले मजे कर रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि बहुत बड़े-बड़े उद्योगपतियों के बैंक से लिए कर्ज माफ कर दिये गये हैं। असल में हम जब आज रामकाज की बात करते हैं तो वाल्मीकि रामायण में बहुत विस्तार से राम जी भरत को शासन करने की नीति समझाते हैं। मनु स्मृति व अन्य धर्म ग्रंथों, व संस्कृत की सार्वजनिक कृतियों में भी राजा के लक्षण बतलाये गये हैं। भागवत महापुराण में इस पर बहुत विस्तार से चर्चा है। नीति तक आदि ग्रंथों में भी विस्तार से राजनीति समझाई गई है। अच्छा हो इन पर आचरण भी हो। यूं ताजा उदाहरण तो अटल जी का राजधर्म पर मोदी जी के लिए है। राजनीति धर्म के बिना अधूरी है। मोदी जी भी दृण-दृण संकल्पी हैं।

तो चौकीदार नहीं हमारी ईवीएम चोर है....

देश में ईवीएम की विश्वसनीयता पहले दिन से संदिग्ध रही है। भाजपा के 10 साल के शासनकाल में ये अविश्वास कम होने के बजाय बढ़ा है। 2019 के आमचुनाव भी उसी संदिग्ध ईवीएम से कराए गए थे जिससे कि 2024 के चुनाव कराए जा रहे हैं। आपको याद होगा की 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इसी ईवीएम मशीन के जरिये चुनाव लड़ते हुए विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया था और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे तमाम अजेय नेताओं को पराजित कर प्रचंड बहुमत हासिल किया था। अकेले भाजपा को 303 सीटें और 37 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। चुनावों में सूपड़ा साफ करना एक तकनीक नहीं है। इसके लिए या तो अंडर करेंट की जरूरत पड़ती है या किसी चमत्कार की। जिस लक्ष्य को भाजपा ने 2019 में पार किया था उसे कांग्रेस 1952, 57, 62, 71 और, 80 में पहले ही पार कर चुकी है। भाजपा के 2024 के निर्धारित लक्ष्य 400 को भी कांग्रेस ने 1984 में बिना गठबंधन के अकेली दम पर 404 सीटें जीतकर हासिल कर दिखाया था। इसके लिए कांग्रेस को किसी अवतार की जरूरत नहीं पड़ी थी। तब ईवीएम नहीं बल्कि कागज की पर्चियां थीं। कांग्रेस की दुर्दशा तो 2009 के बाद से होना शुरू हुई है। इस दुर्दशा में कांग्रेस का नेतृत्व और ईवीएम दोनों बड़े कारण हैं। दुर्भाग्य ये है कि ईवीएम को सरे आम चोर कहने वाले लोग अभी तक ईवीएम के खिलाफ खड़े नहीं हो पाए हैं। ईवीएम को लेकर सभी विपक्षी दलों का व्यवहार अस्पष्ट है। विपक्ष गुड़ भी खाना चाहता है और गुलगुलों से परहेज भी करना चाहता है।

राकेश अचल-
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

तीन कम नब्बे के डॉ फारुख अब्दुल्ला यदि झूठ बोलें तो उन्हें कौआ काटे। फारुख साहब का कहना है कि दरअसल चोर तो हमारी ईवीएम है, इसलिए आम चुनाव में जब वोट डालें तो ईवीएम को ठोक - बजाकर देख जरूर लें। पर्चियों का मिलान कर लें, अपने वोट की रक्षा कारण क्योंकि वोट है आपका। खानदानी नेता डॉ फारुख अब्दुल्ला तजुबेर्कार नेता भी हैं। रंगीन तबियत के हंसमुख नेता हैं। प्रगतिशील हैं, धर्मनिष्ठ और धर्मनिरपेक्ष नेता हैं। मुझे निजी तौर पर पसंद हैं। मोदी जी से ज्यादा, फारुख साहब पसंद हैं, अलवत्ता वे प्रधानमंत्री नहीं हैं। राष्ट्रपति नहीं है। अब होंगे भी नहीं। वैसे उन्होंने प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब तो जरूर देखा होगा। भले ही वे प्रधानमंत्री नहीं बने लेकिन वे देश के किसी भी प्रधानमंत्री से ज्यादा चर्चित और लोकप्रिय नेता हैं। सलीकेदार हैं। किसी को अछूत नहीं मानते। ईवीएम को चोर कहना उतना ही बड़ा दुस्साहस है जितना कि किसी चौकीदार को चोर कहना है। हमारे यहां मिस्टर क्लीन की छवि के एक प्रधानमंत्री राजीव गांधी को भी इस देश में चोर कहा गया। हालांकि राजीव गांधी को चोर कहने वाले लोग इलेक्टोरल बांड के जरिए 60 अरब की चोरी करते रंगे हाथों पकड़े गए, लेकिन दुर्भाग्य न चोरी का पैसा राजसात किया गया और न किसी को इस असंवैधानिक और आपराधिक मामले में जेलों में भेजा गया। हमारे यहां किसी को जेल भेजना या तो बेहद आसान काम है या बेहद कठिन। देश में ईवीएम की विश्वसनीयता पहले दिन से संदिग्ध रही है। भाजपा के 10 साल के शासनकाल में ये अविश्वास कम होने के बजाय बढ़ा है। 2019 के आमचुनाव भी उसी संदिग्ध ईवीएम से कराए गए थे जिससे कि 2024 के चुनाव कराए जा रहे हैं। आपको याद होगा की 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इसी ईवीएम मशीन के जरिये चुनाव लड़ते हुए विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया था और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे तमाम अजेय नेताओं को पराजित कर प्रचंड बहुमत हासिल किया था। अकेले भाजपा को 303 सीटें और 37 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। चुनावों में सूपड़ा साफ करना एक तकनीक नहीं है। इसके लिए या तो अंडर करेंट की जरूरत पड़ती है या किसी चमत्कार की। जिस लक्ष्य को भाजपा ने 2019 में पार किया था उसे कांग्रेस 1952, 57, 62, 71 और, 80 में पहले ही पार कर चुकी है। भाजपा के 2024 के निर्धारित लक्ष्य 400 को भी कांग्रेस ने 1984 में बिना गठबंधन के अकेली दम पर 404 सीटें जीतकर हासिल कर दिखाया था। इसके लिए कांग्रेस को किसी अवतार की जरूरत नहीं पड़ी थी। तब ईवीएम नहीं बल्कि कागज की पर्चियां थीं। कांग्रेस की दुर्दशा तो 2009 के बाद से होना शुरू हुई है। इस दुर्दशा में कांग्रेस का नेतृत्व और ईवीएम दोनों बड़े कारण हैं। दुर्भाग्य ये है कि ईवीएम को सरे आम चोर कहने वाले लोग अभी तक ईवीएम के खिलाफ खड़े नहीं हो पाए हैं। ईवीएम को लेकर सभी विपक्षी दलों का व्यवहार अस्पष्ट है। विपक्ष गुड़ भी खाना चाहता है और गुलगुलों से परहेज भी करना चाहता है। मुझे ये लिखने में कोई संकोच नहीं है कि विपक्षी दल उन तमाम मुद्दों को लेकर देश में सरकार के विरुद्ध कोई आंदोलन अब तक खड़ा नहीं कर पाया। यानि ईवीएम चोर कही जाती है किन्तु कोई भी विपक्षी दल ईवीएम के बहिष्कार की बात नहीं कर रहा। विपक्ष न ईवीएम को मुद्दा बना पाया न इलेक्टोरल बांड को। विपक्ष अभी तक कोई निर्णायक और अपीली करने वाला मुद्दा बना ही नहीं बना सका। विपक्ष की यही कमजोर नस है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के मुम्बई में समापन के मौके पर डॉ फारुख अब्दुल्ला ने एक बार फिर से ईवीएम का राग अलापकर कांग्रेस ही नहीं बल्कि बाकी के राजनीतिक दलों की दुखती रग पर हाथ रख दिया है। डॉ अब्दुल्ला ने कहा है कि जिस दिन इंडिया गठबंधन सत्ता में आएगा उसी दिन से ईवीएम का भी अंत हो जाएगा। फिलहाल तो डॉ अब्दुल्ला का दावा हवा -हवाई है। न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी। इंडिया गठबंधन जिस तरीके से लोकसभा चुनाव लड़ रहा है उसे देखकर नहीं लगता की डॉ फारुख अब्दुल्ला का सपना 2029 में पूरा हो पायेगा। देश से ईवीएम को विदा करना है तो पहले ईवीएम के सहारे एक दशक से जादू कर रखी भाजपा को सत्ता से हटाना होगा। ये असम्भव नहीं किन्तु कठिन काम जरूर है क्योंकि इस समय देश में किसी भी दल के पास भाजपा जैसा संगठनात्मक ढांचा, मजबूत अर्थशास्त्र और भव्य, दिव्य तथा अवतारी नेता नहीं है। भाजपा का नेतृत्व इस समय जो चाहे सो रूप धर सकता है। इस समय भाजपा कामरूप है। उसके पास धनबल, बाहुबल और छलबल इफरात में है। इस मामले में कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष कंगाल है, फटेहाल है। आपको बता दूँ कि तमाम अविश्वास के बावजूद भारत में मतदाताओं की मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में दिलचस्पी बरकरार है। देश के पहले चुनाव में जहाँ 45 फीसदी मतदाताओं ने चुनाव में हिस्सा लिया था वहीं पिछले आम चुनाव में ये भागीदारी 68 फीसदी तक पहुँच गयी था। इस बार ये प्रतिशत यदि बढ़ता है तो समझा जाएगा कि आम जनता को ईवीएम से कोई शिकायत नहीं है, शिकायत केवल राजनीतिक दलों को है। और यदि ये भागीदारी कम होती है तो समझा जाएगा कि ईवीएम का विरोध जायज है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन समारोह में डॉ फारुख अब्दुल्ला ही नहीं जम्मू-कश्मीर से पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती भी थीं और बिहार से तेजस्वी यादव भी, तमिलनाडु से स्टालिन भी। सबके स्वर एक जैसे थे, लेकिन ईवीएम के विरोध को लेकर केवल और केवल डॉ फारुख अब्दुल्ला बोले। लोकसभा चुनाव में लड़ाई मुद्दों से हटकर चेहरों पर सिमट गयी है। चुनाव में एक ही मुद्दा है और वो है भाई नरेंद्र मोदी जी। मोदी जी हर तरह से भाई है। उनका भाईचारा पूरे देश ने देखा है, देख रहा है। मोदी जी का मुकाबला राहुल गांधी के भाईचारे से नहीं है, क्योंकि विपक्ष ने अब तक अबकी बार राहुल गांधी की सरकार का नारा नहीं दिया है। नारा अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकार का भी ढंग से नहीं गूंजा है। विपक्ष को एक स्पष्ट नारा, एक स्पष्ट चेहरा भी मोदी जी के मुकाबले रखना चाहिए था। खैर अब देर हो चुकी है। विपक्ष को सत्तापक्ष से कैसे लड़ना है ये विपक्ष जाने। हमारा काम हम कर रहे हैं। मतदाताओं को अपना काम करना चाहि। मतदाता 60 अरब कमाने मवालों के मुकाबले केवल दो रुपए की रियायत पर ही मुतमईन रहना चाहती है तो रहे, अन्यथा 1975 की तरह समग्र क्रांति का पर्याय तलाशे। या 1985 की तरह व्वक्त आ चुका है जैसा कोई नारा उछाले ! जय सिया राम

भारत में फिर एकबार, चुनौती विहीन राजनीति....!

ओमप्रकाश मेहता-

इतिहास हर जगह अपने आपको दोहराता है, फिर चाहे राजनीति ही क्यों न हो? आज से अर्द्धशतक वर्ष पहले अपनी ह्यदादागिरीह्व के बलबूते पर जहां कांग्रेस नैत्री इंदिरा जी ने देश में आपातकाल लगाकर उन्नीस महीनें तक तानाशाहीपूर्ण शासन चलाया था और प्रतिपक्षी संयुक्त संगठनों को जेल में डाल दिया था, अब थोड़े कुछ बदलाव के साथ पुनः देश में वही हालात बनाने की तैयारी की जा रही है, इंदिरा जी के समय जनसंघ सहित अन्य दलों के नेताओं ने एकजुट होकर जनता पार्टी का गठन कर प्रतिरोध की कौशिश की थी, आज भी कांग्रेस सहित प्रतिपक्षी दल इंडिया नामक संयुक्त गठबंधन तैयार कर मोदी सरकार के प्रतिरोध की तैयारी में जुटे है और अगले माह शुरू होने वाले राजनीतिक चुनावी माहसमर की तैयारी कर रहे है, लेकिन वास्तविकता यही है कि न तो कोई मोदी और न ही भारतीय जनता पार्टी के सामने कोई सक्षम विरोधी दल है, जहां तक कथित रूप से मुख्य प्रतिपक्षी दल कांग्रेस का सवाल है, वह तो वैसे ही मृत्युशैय्या पर अपनी अंतिम सांस का इंतजार कर रही है, कांग्रेस को इस स्थिति तक पहुंचाने में भाजपा का कोई योगदान नही है, वह स्वयं ही इस स्थिति की जिम्मेदार है, ऐसा कहा जाता है न कि जो पैदा करता है, वहीं उसे खत्म करने का अधिकारी होता है, तो कांग्रेस के साथ भी ऐसा ही है, नेहरू खानदान के मोतीलाल नेहरू इस दल के जन्मदाताओं में से एक थे और अब उनकी पांचवीं पीढ़ी ही आज इस दल का अस्तित्व खत्म करने में जुटी है और इसमें कोई शक नही कि उनके ऐसे ही प्रयास चलते रहे तो देश का यह सबसे बुजुर्ग राजनीतिक दल भारत की धरती से विदाई ले लेगा। अभी तो आसार ऐसे ही नजर आ रहे है और इन्ही आसारों के आधार पर मोदीजी यह कह रहे है कि उनकी (आजादी के शताब्दी वर्ष) पर है, इस कथन पर मोदी जी को इसलिए दाद देनी पड़ेगी, क्योंकि वे 2047 अर्थात अपनी 96 साल की उम्र के लिए भी आसमानी हौसले रखते है। क्या उनका यह कथन कि ह्यह्यवे हेड लाईन नहीं, बल्कि डेड लाईन पर काम करते है, उनकी इसी शुभैच्छा का संकेत तो वे नहीं दे रहे है? देश, राजनीति और परिस्थितियों की जो भी स्थिति हो, किंतु हालात तो यही बन रहे है कि अब भारतीय राजनीति का भविष्य एकमेव रूप से मोदी जी और भाजपा के ही हाथों में आ गया है और अब उनके सामने आज और निकट भविष्य में कोई चुनौती भी नहीं है। वे जब तक चाहें राज करें, 2024 क्या, मौजूदा हालात को देखते हुए 2047 में भी मोदी के सामने कोई चुनौती की संभावना नही है। हमारे देश की आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू तथा उनकी बेटी इंदिरा जी ने करीब सत्रह-सत्रह साल प्रधानमंत्री के बतौर राज किया और इस लिहाज से मोदी जी के प्रधानमंत्रित्व काल के तो अभी दस साल याने एक दशक ही गुजरा है, अभी नेहरू-इंदिरा की शासन अवधि की चुनौती के लिए उनके सामने सात-आठ साल का समय है, इसलिए यदि मोदी जी 2047 तक के लिए अपना सुनहरा भविष्य देख रहे है, तो क्या गलत है? और चूंकि देश में भाजपा के बाद एकमात्र कांग्रेस ही राष्ट्रीय दल है और उसकी स्थिति किसी से भी छुपी नही है, इसलिए मोदी जी के कथन को ह्यगर्वोक्तिह्व की श्रेणी में न लेकर उसे वास्तविकता से जोड़कर देखा जाना चाहिए। इसलिए मौजूदा देश व राजनीति की स्थिति परिस्थिति को देखते हुए यदि यह मान लिया जाए कि मोदी जी कतई गलत नही है, तो वह किसी की भी कोई भूल नही होगी। किसी भी देश में ऐसी स्थिति परिस्थिति कभी कभी ही पैदा होती है, इसका भारत ही नही विश्व के कई देश गवाह है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 19 मार्च, 2024

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

रिविलगंज। थाना क्षेत्र के नयका बाजार-रिविलगंज सड़क स्थित कुरई छपरा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक टेकनिवास गाँव निवासी संजय तिवारी उर्फ बम बाबा (40) वर्ष बताये जाते है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संजय तिवारी अपने किसी रिश्तेदार राघवपुर से रविवार की देर रात मोटर साइकिल से अपने घर टेकनिवास गाँव लौट रहे थे। रास्ते में किसी बड़े वाहन के चपेट में आ गए। जिसके कारण उनकी मौत हो गयी। सुचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद सोमवार को परिजनों के हवाले कर दिया। वही मौत के सुचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

रसोइया को दिया गया प्रशिक्षण

परसा : प्रखंड क्षेत्र के बीआरसी भवन सभागार में एमडीएम योजना के तहत स्वच्छता के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन के निर्माण व वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी रसोइया व सहायक रसोइया को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका विधिवत उद्घाटन बीइओ युगलकिशोर सिंह ने किया ये प्रशिक्षण नौ दिन तक चलेगा इसमें प्रशिक्षक व प्रखंड साधनसेवी सुबोध कुमार सिंह ने एमडीएम निर्माण को लेकर रसोइया के स्वयं की स्वच्छता, किचन शेड व बर्तन की सफाई सहित अनेक आवश्यक जानकारी दी। इसके अलावा रसोइया को विद्यालय में मिलने वाले पोषण तत्व युक्त फोर्टिफाइड चावल बनाने की विधिवत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में नगर पंचायत क्षेत्र के 50 रसोइयों को प्रशिक्षण दिया गया।

कुलाधिपति के आदेश पर कुलपति ने जेपीयू का बजट किया पेश

जेपीयू के कुलपति ने पेश किया 19 अरब से अधिक का बजट

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। सोमवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के सीनेट की बैठक में वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया गया। बताते चले कि कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर सोमवार को सुबह 10:30 पर विश्वविद्यालय पहुंचे जहां कुलपति और विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा गाड़ी से उतरते ही सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर के लिए ले जाया गया,सारण जिला पुलिस प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।तदोपरांत कुलाधिपति ने जे पी यू के कुलदेवता जयप्रकाश नारायण के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। माल्यार्पण के बाद कुलाधिपति द्वारा जे पी यू के नवनिर्मित भवनों में परीक्षा भवन,अतिथि गृह और कुलपति आवास का उद्घाटन किया गया। बताते चले के जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर में 4 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बने परीक्षा भवन, 3 करोड़ 55 लाख की लागत से बने अतिथि गृह एवं 1 करोड़ 75 लाख की लागत से बने कुलपति आवास का राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विधिवत उद्घाटन किया। 11 बजे से सीनेट की बैठक के शुरूआत से पहले एन एस एस के छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान गाया गया।कुलाधिपति एवम आगत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद पुनः एन एस एस के छात्राओं द्वारा कुलगीत और स्वागत गीत गाया गया।कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार बाजपेई द्वारा कुलाधिपति को पुष्प गुच्छ,अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया गया। वहीं वरीय संकायाध्यक्ष प्रोफेसर कुमार मोती के द्वारा राजभवन के अधिकारी को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया गया। वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर कृष्ण कुमार के द्वारा कुलपति को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया गया।

युवा चित्रांशों की चहलकदमी से बढ़ने लगी कायस्थ परिवारों में एक ताकत

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। चित्रांश परिवारों से संचालित कई संगठन एवं संस्था काफी सक्रिय होकर कार्य करने लगी है जो अब एक दूसरे के प्रति प्रतिस्पर्धा खुलकर सामने परिलक्षित होने लगा है। राजनीतिक रूप से सजग सारण जिला में बिहार में जातीय जनगणना रिपोर्ट आने के बाद कायस्थ परिवारों की संख्या कम आंके जाने के कारण इस से जुड़े युवा चित्रांशों में खासे नाराजगी होने पर ज्यादा जागरूकता दिखने लगी है,ऐसा कई राजनैतिक पंडितों का मानस है विगत 03 दिसम्बर को राजेन्द्र जयंती समारोह में सैकड़ों की तादाद में चित्रांश परिवारों से जुड़े लोगों ने जो अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी उससे लगा था कि इनमें इस जातीय जनगणना रिपोर्ट के प्रति आक्रोश था।उसी समय यह तय हो चुका था कि आयोजन संस्था कायस्थ परिवार को एक मजबूत शक्ति मिल गई।

बिजली करेंट से बिजली कर्मी का हुआ मौत

● टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन कर यातायात बाधित किया

प्रात : किरण, संवाददाता

परसा। नगर पंचायत परसा बाजार के चेतन परसा में बिजली के तार जोड़ने के दौरान बिजली कर्मी की घटना स्थल पर मौत हो गई।मृतक बिजली कर्मी डेरनी थाना क्षेत्र के खजौली निवासी जय लाल सिंह कुशवाहा बताया जाता है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसा में भर्ती कराया गया।जहाँ चिकित्सक ने शरीर परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर मिलते ही परिजनो के बीच कोहराम मच गया।मौत की खबर मिलते ही पुलिस स्वास्थ्य केंद्र पहुँच शव को पोस्टमार्टम में भेजने का प्रयास किया।लेकिन आक्रोशित परिजन शव को पोस्टमार्टम में भेजने से इनकार कर दिया।और परिजनों ने सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग करने लगे।बिजली विभाग के पदाधिकारी को घटना स्थल पर बुलाने की मांग करने लगे।शव को उठाकर आक्रोशित परिजनों ने दरोगा राय चौक पर शव को रख यातायात बाधित कर दिया।सड़क जाम की खबर पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ पहुँच आक्रोशित परिजनों को समझा बुझा कर अस्पताल भेज दिया।लेकिन सरकारी राशि की घोषणा नही होने से नाराज परिजनों द्वारा पुनः शव को उठा कर दरोगा राय चौक पर शव को रख प्रदर्शन यातायात बाधित कर दिया।और टायर जला कर प्रदर्शन करने लगे।सड़क जाम की सूचना पर परसा थानाध्यक्ष सुनील कुमार,डेरनी थानाध्यक्ष रिंकी कुमारी,दरियापुर थानाध्यक्ष मोहिबुला अंसारी पुलिस बल के साथ पहुँच समझने की कोशिश किया।लेकिन आक्रोशित परिजन एक भी बात मानने को तैयार नही थे।यातायात बाधित होने कि सूचना पर सदर एडीओ संजय राय,बीडीओ डॉ दीपक कुमार सिंह,कार्यपालक पदाधिकारी ओसमा इब्न मसूर सोनपुर इंस्पेक्टर इंद्रजीत कुमार,सोनपुर डीएसपी नवल किशोर,बिजली विभाग के स्कुटीव मदन झा,बिजली विभाग के एसडीओ शंभु प्रसाद यादव,जेई हरिशंकर प्रसाद राकेश सिंह पहुँच परिजनों से मुलाकात किया।और परिजनों को सरकारी राशि सहयोग करने का आश्वसन दिया।

सांसद प्रतिनिधि ने मंत्री का किया स्वागत

● मंत्री ने लोगों व मंदिर कमिटी के प्रति आभार प्रकट किया

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सोनपुर स्थित हरिहरनाथ मंदिर मे बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने अपने परिवार संघ की मंदिर मे पूजा अर्चना को प्रदेश की खुशहाली की कामना की इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने मंदिर परिसर मे अंग वस्त्र बुके देकर और पगड़ी बांध कर स्वागत किया उनके साथ उनकी पत्नी पूर्व एमएलसी नूतन सिंह को भी शाल देकर सम्मानित किया और बच्चे भी साथ मे पूजा किये पूजा पुजारी सुशील चंद्र शास्त्री बमबम बाबा पवन तिवारी ने पूजा अर्चना करवाया इस अवसर पर भाजपा नेता विनोद सम्राट पप्लू सिंह मिथलेश सिंह नगर अध्यक्ष शशि सिंह बबलू सिंह समरजीत सिंह कुंवर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे । मंत्री ने लोगो के प्रति मंदिर कमिटी के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि मंदिर मे हम बराबर आते है और यहाँ कि बेवस्था बहुत अच्छा है।

डीडीसी ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी द्वारा सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर कृषि बाजार समिति, छपरा के परिसर में एश्ट के डिस्पैच एवं संग्रहण हेतु निमार्णाधीन बज्र गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय श्री जावेद एकबाल उप निर्वाचन पदाधिकारी सारण छपरा भी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में वाहनों के समुचित पार्किंग हेतु आवश्यकतानुसार स्थल चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया। परिसर में पेयजल, विद्युत, शौचालय तथा आवश्यक साफ सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही विधानसभावार साइनेज लगाने तथा भवनों का मार्किंग करने का निर्देश दिया गया।

निश्चित रूप से करा लें अपने शस्त्रों का सत्यापन : जिलाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा पूर्व में 10 फरवरी को जिला के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारकों का अनुज्ञप्ति शस्त्र यथा अनिषिद्ध छिद्र, रिवाल्वर/पिस्टल/राइफल / एक नाली/दोनाली बंदुक का थानावार भौतिक सत्यापन दिनांक 20 फरवरी से 29 फरवरी तक निर्धारित किया गया था। उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए शस्त्र अनुज्ञप्ति का थानावार भौतिक सत्यापन की तिथि का विस्तार दिनांक 18. से 23 मार्च तक निर्धारित किया गया है। सभी संबंधित पदाधिकारी/थानाध्यक्ष को निदेश दिया गया है कि तद्नुसार अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए वांछित सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

बिहार की जनता केंद्र को 39 सांसद दिया बिहार को मिला क्या : कांग्रेस

प्रात : किरण, संवाददाता

अमनौर । प्रखण्ड के धर्मपुरजाफर पंचायत स्थित अमनौर जान गांव में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने कार्यकर्ता सम्मेलन सह समीक्षा बैठक आयोजित किया।जिसकी अध्यक्षता कमलेश सिंह ने किया।बैठक में सभी प्रखंडो के प्रखण्ड अध्यक्ष सचिव बरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।लोक सभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने पर महागठबंधन उमीदवार को जीत दिलाने के लिए एक रणनीति के साथ सभी कार्यकर्ता चुनाव में तनमन धन से लग जाने के लिए संकल्पित हुए।कांग्रेस कार्यकताओं ने नारा दिया बीस मई सारण से भाजपा गई।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश के लोगो के साथ एक बड़ी धोखाधड़ी की है।किसी के खाता में 15 लाख नही आया,नही रोजगार मिला पार्टी को मजबूत करने के लिए ईडी सीबीआई का दुरुपयोग कर 400 करोड़ अबैध चंदा जुटाया।बिहार की जनता ने 39 सांसद दिया बिहार को क्या मिला बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से जनता त्रस्त है।मुधो से भटकने के लिए बिना चर्चा के सीएए कानून लागू की गई।इस वार जनता झांसे में नही आने वाली है।प्रो हैदर अल्ली जयंत कुमार सिंह ने कहा भाजपा सरकार सत्ता पैसे के बल पर लोक तंत्र के हर स्तम्भ को खरीद चुकी है।सरकार के बीरुद्ध आवाज उठाने वाले लोगो को अंग्रेजो की तरह जेल भेज रही है।धर्म को राजनीति से जोड़कर कर देश को खंडित करने पर तुली हुई है।लोगो को बिचार करना होगा सविधान बदलने वालो का साथ रहना है या संविधान बदलने वाला के साथ।मुन्ना ठाकुर ने कहा ईवीएम एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है मोबाइल की तरह हैंग किया जा सकता है ।भाजपा लोगो के मत से नही ईवीएम के दम पर सत्ता में बनी हुई है।देश अमृतकाल से नही बिष काल से गुजर रही है।इस मौके पर हरेश यादव, ललन सिंह राजेन्द्र सिंह पूर्व मुखिया शम्भू नाथ त्रिवेदी मनोज तिवारी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर मढ़ौरा में निकला गया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण। मढ़ौरा में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च। डीएसपी नरेश पासवान के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च। इस फ्लैग मार्च में पुलिस चुनाव को लेकर स्थानीय लोगों को भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील की। किसी भी तरह की शिकायत, दबाव, धमकी, की सूचना पुलिस को तुरंत देने को कहा गया। जिससे ऐसा करने वाले लोगो पर सख्त कार्रवाई कि जा सके। डीएसपी नरेश पासवान ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगो में भयमुक्त वातावरण में मतदान करने का संदेश देना है। वही जहां किसी तरह की दिक्कत हो उसकी जानकारी तुरंत मिल सके डीएसपी का कहना था कि स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर चुनाव को शान्ति पुर्ण ढंग से समाप्त होना ही मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया की मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा होने पर स्थानीय प्रशासन से तुरंत संपर्क करें। इस दौरान यह फ्लैग मार्च मढ़ौरा थाना परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए प्रखंड के अन्य कई पंचायत में होते हुए वापस मढ़ौरा थाना परिसर में आकर खत्म हो गया।

राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज के नव नियुक्त प्राचार्य को शिक्षाविदों व बुद्धिजीवियों ने किया सम्मानित

● मेडिकल साइंस एक भेग साइंस है मैं तीस वर्ष का अपना अनुभव बता रहा हूं : डॉ प्रो रविन्द्र कुमार सिंह

प्रात : किरण, संवाददाता

अमनौर। प्रखण्ड के ढोरलाही कैथल गांव निवासी डॉ .रविन्द्र कुमार सिंह राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज मुज्जफरपुर के में व्यख्याता पद को सुशोभित करते हुए नौ मार्च को प्राचार्य पद पर अलंकृत हुए।इसकी खबर सुन परिक्षेत्र के लोगो मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी।इनके गांव पहुचते ही गांव के शिक्षाविद बुद्धिजीवों प्रबुद्धजनों ने एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर डॉ रविन्द्र कुमार सिंह को अंग वस्त्र पुष्प माला पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया।समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य योगेंद्र प्रसाद सिंह सिंह मंच संचालन अम्बिका राय ने किया।इन्होंने कहा कि डॉ रविन्द्र प्राचार्य पद से सुशोभित कर गांव के साथ जिला का नाम रौशन किया है।इनके नेक कार्य से गांव ही नही पूरे क्षेत्र के इनकी भूरी भूरी प्रसंसा होती है।लोगो ने बताया कि डॉक्टर साहब इतने बड़े पद पर जाने के बावजूद अपनी गांव की संस्कृति मयार्दा को नही भुला है।हर रविवार को घर आकर निःशुल्क लोगो को सेवा देते है।दूर दूर से चलकर लोग इनके यहा उपच्चार कराने आते है। मेडिकल साइंस एक भेग साइंस है मैं तीस वर्ष का अपना अनुभव बता रहा हू-डॉ प्रो रविनद्र कुमार सिंह ग्रामीणों द्वारा दी गई सम्मान के लिए सबको आभार ब्यक्त किया। उन्होंने कहा मेडिकल साइंस एक भेग साइंस है।मैं तीस वर्ष के कम्प्लीटली अनुभव बता रहा हु।इसका इतिहास बहुत लंबा है।समाज मे जागरूकता के अभाव के कारण लोग बीमार पड़ते है।अपनी गलती गलत कार्य पूर्वजो के दोषी के कारण हम बीमारी को जन्म देते है। उन्होंने मेडिकल पॉइंट भियु से युवाओ को जागरूक करना चाहा कहा कि जो भी मनुष्य धरती पर आते है सबमे एक ही क्षमता होती है।आस पास के वातावरण लोगो के सार्थक सहयोग आगे बढ़ाने में बड़ा महत्व होता है।एक सकारात्मक सोच बनती है।समय मिले तो एक सेमिनार आयोजित कर लोगो को जागरूक करने का आश्वासन दिया। सम्बोधन करने वालो में पूर्व प्राचार्य राम प्रवेश पंडित प्रो .शिवानन्द उपाध्याय शिक्षक पप्पू सिंह संजय सिंह रत्नेश कुमार सिंह समाजसेवी कुणाल सिंह दिलीप कुमार समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन नीरज कुमार शर्मा ने किया।

प्रखण्ड में रसोइयों का प्रशिक्षण एमडी उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्हौली में शुरू

प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर। प्रखण्ड बिहार के करीब चार सौ से अधिक रसोईयो का प्रशिक्षण एमडी उच्च विद्यालय कन्हौली में प्रारम्भ हुआ। रसोइयों का प्रशिक्षण सोमवार को प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत बीईओ भाग एक रामनाथ बैठा, बीईओ भाग दो रामेश्वर प्रसाद यादव तथा साधनसेवी वीरबहादुर चौधरी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। साधन सेवी ने बताया कि प्रखण्ड के चार सौ से अधिक रसोइयों को प्रशिक्षित करना है। सोमवार को प्रथम चरण में पच्चास रसोइयों को विशेषग्यों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत दिया गया। इस योजना के तहत स्वच्छता के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन के निर्माण व वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी रसोइया व सहायक रसोइया को प्रशिक्षण दिया गया। साधनसेवी ने बताया कि एमडीएम निर्माण को लेकर रसोइया के स्वयं की स्वच्छता, किचन शेड व बर्तन की सफाई सहित अनेक आवश्यक जानकारी दी गयी।

रिविलगंज में हाईबा ट्रक के चालक और उपचालक से मारपीट कर 97 हजार की लूट, प्राथमिक की दर्ज

● रिविलगंज थानाध्यक्ष सुभाष पासवान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी की दर्ज, कार्रवाई करने का दिया आदेश

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र के पहिया ढाला के समीप नवनिर्मित फोर लेन पास रंगदारी नही देने के कारण हाईबा ट्रक चालक व उप चालक से मारपीट कर 97 हजार रुपए की लूट कर ली गई। इस संबंध में ट्रक चालक एवं उपचालक ने रिविलगंज थाना में चार नामजद सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई है। सभी आरोपी रिविलगंज थाना क्षेत्र के पहिया गांव निवासी लालबाबू राय के पुत्र अजीत यादव एवं श्याम बाबू राय के पुत्र अमित यादव उर्फ भाकासू, राकेश कुमार तथा रामेश्वर राय के पुत्र अंकित यादव एवं दो अन्य आरोपी शामिल हैं। हाइबा ट्रक चालक लक्ष्मण राय और उपचालक विनय कुमार ने बताया कि गिट्टी गिराकर चनचौरा से गौतम स्थान स्टेशन आ रहा था, तभी पहिया के पास उक्त आरोपियों ने मारपीट कर 97 हजार रुपए की लूट कर ली गई। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी काफी दबंग एवं अपराधिक किस्म के हैं जो मुझे एवं मेरे परिवार के साथ कोई बड़ी घटना का अंजाम दे सकते हैं। इस संबंध में रिविलगंज थानाध्यक्ष सुभाष पासवान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है और कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

राजेश्वरी देवी की पुण्यतिथि मनायी गयीं

प्रात : किरण, संवाददाता

मकेर (सारण) सोमवार को मकेर प्रखंड प्रमुख की दादी स्वर्गीय राजेश्वरी देवी की पुण्यतिथि तैलचित्र पर फूल माला पहनाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। ज्ञात हो कि राजेश्वरी देवी सेवानिवृत्त शिक्षक एवम समाजसेवी कमला राय की धर्मपत्नी थी ,उनके पुत्र बीरेंद्र राय ठेकेदार है एवम अभिषेक कुमार मकेर प्रखंड प्रमुख हैं ।

चांद रात से ही मस्जिदों में इबादत का सिलसिला हो जाता है शुरू

● माहे रमजान में मौसमी फलों से बाजार रहता है गुलजार, हर घर फलों का होता है सेवन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। रहमतों व बरकतों का पवित्र महीना माहे रमजान का आज सातवां रोजा संपन्न हो गया। रमजान के महीने में अधिकांश मुस्लिम समुदाय नमाज रोजा के पाबंद हो जाते हैं। पूरा रमजान मस्जिदों में इबादत ही इबादत चलता है। बता दें कि लगभग एक माह तक चलने वाला माहे रमजान का त्यौहार बड़े ही पाकीजगी के साथ इसे पूरा किया जाता है। माना जाता है कि मुस्लिम समुदाय का सबसे पवित्र त्यौहार रमजान है, इस माह में रोजा नमाज के साथ-साथ कुरान की तिलावत भी की जाती है। इस माह में चांद रात से ही मुस्लिम समुदाय अपने-अपने मस्जिदों में तराबी की नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू हो जाता हैं। रमजान में गरीबों- यतीमों को आर्थिक रूप से संपन्न मुसलमान दिल खोल कर उन्हें मदद करते हैं ।इस्लाम धर्म का भी मानना है कि रमजान के महीना में गरीबों को मदद करने से अल्लाह ताला उन्हें नेकियों से नवाजता है। इस वर्ष माहे रमजान में रोजा रखने वालों को गर्मी की तापिस से भी निजात मिल रही है। गर्मी ज्यादा नहीं होने से रोजदारों को प्यास कम महसूस हो रही है। यही कारण है कि इस बार रोजदारों को रूह रूह अफजा और बर्फ का सहारा लेना नहीं पड़ रहा है। बड़े बुजुर्ग के साथ-साथ बच्चे भी रोजा रख रहे हैं। विदित हो कि रमजान का महीना मुस्लिम समुदाय का सबसे खचीर्ला त्योहार माना जाता है, एक माह तक चलने वाले माहे रमजान में मौसमी फलों की बिक्री बढ़ जाती है, इस त्यौहार में हर मुस्लिम समुदाय अफतार में मौसमी फलों का सेवन करते हैं। यही कारण है कि अंगूर,सेव, केला, बिदाना, खजूर, खीरा सहित लहसुन, अदरक एवं कागजी नींबू की बिक्री बढ़ जाती है। माहे रमजान में मौसी फलों से बाजार गुलजार रहता है। रमजान का महीना रहमतों बरकतों का महीना माना जाता है, रोजा और नमाज के पाबंद रखने वाले अधिकांश रोजेदार एक माह तक अपने-अपने मस्जिदों में तराबी की नमाज अदा करते हैं। इस्लाम धर्म के अनुयायियों का मानना है कि रमजान महीना में रोजा, रखना और नमाज पढ़ना हर मुसलमान पर फर्ज है, रमजान में जो भी मुस्लिम समुदाय गरीबों, यतीमों,मिस्किनो और मदरसा मस्जिदों में आर्थिक मदद करते हैं, उन्हें अल्लाह ताला नेकीओं और शबाब से नवाजता है। बहरहाल माहे रमजान में मस्जिदों में इबादत का सिलसिला जारी है, इस्लाम धर्म के पाबंद मुस्लिम समुदाय रोजा नमाज रख रहे हैं।

शिक्षक के निधन से शोक सभा आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

नगरा । प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकसरफ विद्यालय के प्रभारी बासुदेव प्रसाद यादव के असामयिक निधन पर पंचायत राज तकिया में एक शोक सभा का आयोजन किया गया.जिसमे स्व बासुदेव प्रसाद की याद में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिजनों को विपदा सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई.मौके पर सदन कुमार, मेवालाल, रामजन्म प्रसाद, बृज मोहन यादव,नगरा प्रखण्ड लोक समिति अध्यक्ष भरत सिंह,सारण जिला लोक समिति,महामंत्री सदन कुमार सिंह,सारण जिला लोक समिति सचिव अम्बिका प्रसाद,नागेन्द्र प्रसाद यादव ,तथा विधालय के शिक्षकगण आदि लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की.उपस्थित विद्यालय के शिक्षक व अन्य लोगो ने विद्यालय प्रभारी को कर्मठ,मिलनसार व दयालु व्यक्तित्व का स्वामी बताया.कहा कि उनके जाने से शिक्षा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है.

रेल पहिया कारखाना में क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ उद्घाटन

● खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय रेल पहिया कारखाना में अंतर्विभागीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया ।जिसका विधिवत उद्घाटन प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता राकेश गौतम द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा की कारखाना में इस तरह के खेल का आयोजन करने से सभी कर्मचारियों के बीच स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देने के साथ ही अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता और समर्पण की भावना को प्रदर्शित करती है ।इस टूनार्मेंट में उत्पादन,रख रखाव, प्रशासन,वित्त एवम कार्मिक सहित विभिन्न विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम शामिल होगी ।इसी क्रम में पहले ऑफिसर तथा कार्मिक विभाग की टीम के बीच मुकाबला हुआ ।जिसमे ऑफिसर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते 12वें ओवर में ही 58 रन पर सिमट गई ।वही जवाब में उतरी कार्मिक विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र दो विकेट खोकर ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

रोट्रैक्ट क्लब ऑफ सारण सिटी ने लगाया रक्तदान शिविर

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। रोट्रैक्ट क्लब ऑफ सारण सिटी ने रोट्रैक्ट सप्ताह के अंतर्गत महादान 8.0 प्रोजेक्ट के माध्यम से स्थानीय सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया. इस दौरान रक्तदान शिविर का उद्घघाटन विधायक रोटेरियन डॉ सी एन गुप्ता ने करते हुए रक्तदाताओं का हौसला अफजाई किया. उन्होंने कहा की क्लब का कार्य काबिले तारीफ है ऐसे आयोजन से समाज में एक सूचिता का संदेश जाता है. शिविर में 15 लोगों ने रक्तदान किया. उपाध्यक्ष अवध बिहारी प्रसाद ने बताया की प्रत्येक वर्ष क्लब महादान प्रोजेक्ट के अंतर्गत रक्तदान कैम्प का आयोजन करते आया है जो आगे भी चलेगा. इस दौरान समाजसेवी धर्मेन्द्र सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष अवध बिहारी प्रसाद,सचिव सैनिक कुमार,अनुज कुमार सिंह,अरुण कुमार यादव,आशिफ अली,सलालुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे.

वैध चलान के साथ उपलब्ध करवाना होगा बालू

प्रात : किरण संवाददाता। डोरीगंज। सदर प्रखंड में एक बार पुनः वैध चालान के साथ सरकारी निर्देश और मापदंड के साथ सफेद बालू की बिक्री केंद्र का उदघाटन पूर्व मंत्री बिहार सरकार सह गरखा विधायक सुरेंद्र राम ने फीता काटकर किया। विदित हो कि जिले में केवल सफेद बालू के खनन और उसकी वैध बिक्री हेतु विगत वर्ष विभिन्न घाट की नीलामी खनन विभाग द्वारा किया गया था। जिसमे लगभग 12 घाट चिन्हित किए गए थे जहां सफेद बालू की बिक्री हेतु निविदा निकली थी ।वही उसी निविदा के पश्चात सफल बोलीकर्ता को गंगा नदी में निकलने वाले सफेद बालू की बिक्री की अनुमति साथ ही बालू की बिक्री के साथ ही खरीदार को वैध परिवहन चलान निर्गत करने की अनुमति मिली थी ।उसी सफल बोली कर्ता द्वारा डोरिंग्ज थाना क्षेत्र के दफ़्तर पुर गांव के समीप नए फोरलेन के पास बिक्री केंद्र सह चालान काउंटर खोला गया है।

संक्षिप्त खबरें

होली को लेकर गीधा थाना में शांति समिति के बैठक

कोइलवर प्रखंड के गीधा थाना क्षेत्र अंतर्गत गीधा थाने में होली को लेकर एक शांति समिति का महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता गीधा ओपी थाना प्रभारी प्रिया शीला ने की। वही इस बैठक में क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। वही इस बैठक में होली को लेकर प्रिया शीला ने कहा की आप सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ होली पर्व को मनाये। साथ ही ईस बार लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अचार संहिता लगा हुआ है। डीजे पर प्रतिबंध रखा गया एवं आपसी सौहार्द बिगड़ना वालों पर पुलिस प्रशासन का पैनी नजर रहेगी। वही इस बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर संजीव कुमार, मुखिया प्रतिनिधि एवं सरपंच सहित कई लोग मौजूद रहे।

एससी-एसटी एक्ट मामले में तीन आरोपी को जेल

नसरीगंज (रोहतास) पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के मामले में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि एक नासरीगंज थाना क्षेत्र के नासरीगंज वार्ड संख्या 2 के रहने वाले मूल निवासी मोजिद अंसारी उर्फ आरिफ अंसारी, मोहम्मद जुल्फेकार अंसारी एवं दानिश अंसारी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध कांड संख्या 107/24 के आलोक में एससी-एसटी एक्ट का मामला दर्ज था।

बाइक सवार युवक को अपराधियों ने मारी गोली, जख्मी

संझौली (रोहतास) थाना क्षेत्र अंतर्गत घिंहु ब्रह्म स्थान के समीप पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने बाइक से जा रहे एक युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया। गोली युवक के पैर में लगी है। जख्मी युवक चांदी इंग्लिश नोनिया टोला निवासी लालबाबू चौधरी का पुत्र नारायण चौधरी बताया जाता है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोगों ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि जख्मी युवक के शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें दो लोगो को आरोपित किया गया है। घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि जख्मी युवक बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां से नटवार के रास्ते अपने घर चांदी इंग्लिश टोला आ रहा था। तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने युवक को गोली मार दी। जिसके कारण युवक जख्मी हो गया। घटना के बाद अपराधी भाग निकले। समाचार लिखे जाने तक जख्मी युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

राजेश्वर पासवान शिष्टमंडल के साथ मृतक के परिजनों से मुलाकात की

आरा। भोजपुर लोजपा रामविलास के शिष्टमंडल के द्वारा विगत दिनों बिहिया में सड़क दुर्घटना में चना केवटिया निवासी रमाशंकर सिंह के पुत्र आकाश सिंह की मृत्यु हो गई थी। लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान शिष्टमंडल के साथ मृतक के परिजनों से मुलाकात की एवम हर संभव मदद की भरोसा दिए। शिष्टमंडल में शामिल प्रदेश महासचिव एससी एसटी संतोष पासवान, जिला उपाध्यक्ष बिनोद पासवान, मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार अविनाश सिसोदिया आदि लोग शामिल रहे।

नंद किशोर यादव का भोजपुर आगमन पर स्वागत किया गया

आरा। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव का आगमन अगिआंव प्रखंड के ननउर मे हो रहे यज्ञ मे आगमन हुआ। विधानसभाध्यक्ष के आगमन पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे फूल माला एवं अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया गया। स्वागत मे दक्षिण बिहार क्षेत्रीय सह प्रभारी मिथिलेश कुशवाहा, रविरंजन सहित कार्यकर्ता थे।

बीएसएनएल टावर की जरनेटर ले भागे चोर

डुमरांव (बक्सर) जिला के नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन स्थित पश्चिमी गुमटी के पास लगे बीएसएनएल टावर से एक जरनेटर चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जरनेटर 15 केवीए का बताया जाता है। इस मामले में कंपनी के अधिकारी अमित कुमार ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि बीटीएस टावर के इस्तेमाल को लेकर महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी का जरनेटर लगाया गया था।

चुनाव का बिगुल बजते ही अनुमंडल में सख्ती से लागू हुआ आचार संहिता

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) 18वीं लोकसभा चुनाव की अधिसूचना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को जारी कर दिया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभाव हो गया है, जिसको अनुमंडल में प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर प्रशासन पूरी तैयारी में जुटी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में लगाये गये राजनीतिक बैनर-पोस्टर को हटाने का सख्त निर्देश जारी कर दी गई है। साथ ही बैनर-पोस्टर नहीं हटाने वाले पार्टी के कार्यकताओं पर आचार संहिता की कार्रवाई की जायेगी। इसको लेकर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक सख्त द्वारा दिशा निर्देश भी जारी किया है। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि संपूर्ण बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसके उलंघन तहत अनुमंडल सहित प्रखंड स्तरीय कार्यालयों में आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन हेतु विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। आदर्श आचार संहिता के तहत प्रशासन ने विभिन्न पार्टियों द्वारा चुनाव के दौरान निकाले जाने वाले रोड शो के दौरान बच्चों के प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी है। ऐसे रोड शो की अनुमति निर्वाचन शाखा द्वारा नहीं दी जायेगी। यदि रोड शो में नाबालिग बच्चें देखे गये तो आयोजकों पर कार्रवाई करने का प्रावधान बनाया गया है। असमाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस प्रशासन ने उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। एसडीएम बसाक ने बताया कि चुनाव से पूर्व अनुमंडल क्षेत्र के वैसे अपराधी जो चुनाव में अशांति फैला सकते है। उन पर कार्रवाई को लेकर उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। जिस लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गयी है। साथ ही पूरे एसडीएम द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू भी कर दिया गया है। जो किसी प्रकार के जुलूस, जनसभा एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसा नही करने पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा, जिस पर नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस मामलें में एसडीएम ने बताया कि सत्र 2024 में 450 लोगों को अपराधिक मामलें में चिन्हित कर उन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जो सभी को मिलकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में 4 हजार 600 लोगों के विरुद्ध 107 धारा लागू कर कार्रवाई जारी है। जिसमें लगभग 1100 अपराधी प्रवृत्ति के लोगों ने लोकसभा चुनाव होने से पहले ही अपना अपराधिक बॉन्ड स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी के समक्ष जमा कर दिया है।

होली मिलन समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। एमपी बिरला सीमेंट के तरफ से होली के शुभ अवसर पे डीलर बंधुओ के लिए होली मिलन समारोह सोमवार को द ग्रीन हेवन रिजॉर्ट चंदवा आरा में रखा गया।

कार्यक्रम का आयोजन महावीर ट्रेडर्स सेल्स प्रमोटर एम पी बिड़ला सीमेंट बीडियो ब्लॉक रोड आरा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुरूवात आरा के महापौर प्रतिनिधि प्रेम पंकज उर्फ ललन जी ब्रांच हेड अरुण सिंह, सेल्स प्रमोटर राजीव रंजन, टेक्निकल मैनेजर कौशल पाठक, सेल्स मैनेजर दीपक कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया। सेल्स प्रमोटर राजीव रंजन ने पूरे भोजपुर जिला एवम पटना जिला से आए डीलरओ को संबोधित करते हुवे कहा की होली खुशीओ का तैयोहर है जिसमे हमसब एक दूसरे से मिल कर एक दूसरे के साथ साझा करते हुए आज का यह मीटिंग इसी का प्रमाण है की हमारे डीलर एक जगह एक जुट होकर एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली की शुभकामना एवम् बधाई दिया। होली मिलन समारोह में सभी डीलर बंधुओं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर एक दूसरे को शुभकामनाएँ दिये और भोजन का भी लुफ्त उठाए साथ साथ रंगा रंग कार्यक्रम का आनंद लेने के बाद उन्हें सम्मानित देकर विदाई किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में आरा महापौर प्रतिनिधि प्रेम पंकज उर्फ ललन सिंह, टेक्निकल ऑफिसर कौशल पाठक और आरा भोजपुर के सैंकरो के संख्या में हमारे सम्मानित डीलर के अलावा आरा महावीर ट्रेडर्स के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस ने तालाब से लड़की का किया शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

दिनारा (रोहतास) थाना क्षेत्र अंतर्गत पोंगाढ़ी गांव के तालाब में एक 17 वर्षीय लड़की का शव देखा गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने तालाब में पड़े लड़की के शव को जब देखा तो घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच शव को देख दहाड़ मार कर रोने लगे। उक्त दौरान ग्रामीणों ने तालाब से शव को बाहर निकाला। उसके बाद शव को मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा दरवाजा पर लाया गया। उसके उपरांत घटना की सूचना मृतक के परिजनों के द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मृतक के दरवाजे पर पहुंच घटना का जायजा लिया। उक्त दौरान पुलिस ने मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों के समक्ष कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को अंत्य परीक्षण कराने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि मृतक थाना क्षेत्र के पोंगाढ़ी निवासी नंदकुमार राम की 17 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी बताई जाती है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त मामले में मृतक के पिता नंदकुमार राम के द्वारा उसी गांव के रहने वाले पवन कुमार पिता वंश नारायण चौधरी एवं पिता वंश नारायण चौधरी के विरुद्ध स्थानीय थाना में अपने पुत्री की हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि मृतक के पिता के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर कांड दर्ज करते हुए मामले में आरोपित वंश नारायण चौधरी के पुत्र पवन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

विद्युत कनेक्शन कटने के बाद बिजली चोरी में तीन पर लगा जुर्माना

दावथ (रोहतास) बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया। ऊक्त जांच के दौरान अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता दावथ अर्जुन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रहे है। परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किए अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। उपभोक्ताओं के बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर मीरा देवी, अयोध्या सिंह, बीरेंद्र सिंह पर राजस्व की क्षति लगाई गई है।

जैनाचार्य जयकीर्ति जी महाराज के आरा आगमन पर हुआ भव्य आगवानी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जैन धर्मावलंबियों की सर्वोच्च तीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी (झारखंड) से अष्टापद तीर्थ बद्रीनाथ के दर्शन के लिए बिहार कर रहे आचार्य श्री 108 जयकीर्ति महाराज जी का आरा नगर प्रवेश पर जैन अनुयायियों के द्वारा भव्य आगवानी की गयी। आरा के धनुपुरा स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य संघ के प्रवेश पर बच्चों के द्वारा रंग बिरंगी रंगोलियों से सम्पूर्ण परिसर को सजाया गया था। जैन बाला विश्राम में आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन ब्र सुलोचना दीदी एवं पं गुलाब चंद्र जैन के साथ उपस्थित भक्तों ने किया। वहां आचार्य संघ के सानिध्य में भगवान बाहुबली स्वामी का भव्य पंचामृत अभिषेक एवं पूजन संपन्न हुआ। तत्पश्चात आचार्य संघ धनुपुरा स्थित भगवान आदिनाथ एवं महावीर स्वामी मंदिर का दर्शन किए। वहां से आचार्य संघ को जैन धर्मावलंबियों ने गाजे बाजे एवं जैन ध्वज के साथ गुरुदेव का जयकारा लगाते हुए नगर प्रवेश कराए। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि नगर प्रवेश करते ही भगवान महावीर स्वामी जल मंदिर प्रांगण में संयोजक मनोज जैन के साथ उपस्थित भक्तों ने पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती किए। तथा वहां से आचार्य संघ विभिन्न मंदिरों का दर्शन करते हुए श्री 1008 अतिशयकारी चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में पहुंचे वहां संयोजक डॉ शशांक जैन के साथ उपस्थित भक्तों के साथ आचार्य संघ की आगवानी किए। भक्तों के जयकारा से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। गुरुदेव के मंदिर दर्शन का बाद एक धर्म सभा आयोजित की गई थी। जिसमें आचार्य श्री ने बताया की मंदिरों की नगरी आरा का बहुत नाम सुना था आज कई मंदिरों का दर्शन कर मन प्रसंचित है यहां अनेकों प्राचीन प्रतिमा जी है तथा इनका अतिशय बहुत है। आप लोग बहुत सौभाग्यशाली है को इतने बड़े अतिशय क्षेत्र में निवास करते है। संघस्थ ब्र पल्लवी दीदी ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा की गुरुदेव के शाश्वत तीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी का 261 लगातार वंदना किए है इसके पश्चात गुरुदेव ने गेंहू, चीनी एवं चना के साथ कई रसों का आजीवन त्याग किए ऐसे तपस्वी साधु का दर्शन मात्र से ही जीवन धन्य हो जाता है। मुनीसंघ के सचिव अजय कुमार जैन ने बताया कि गुरुदेव श्री जयकीर्ति महाराज जी परम पूज्य आचार्य रत्न श्री 108 देवनंदी जी महाराज के सुयोग्य शिष्य है जोकि पंचतीर्थ की यात्रा के क्रम में आरा में अल्प समय का प्रवास हुआ है ये हमसभी के पुण्य प्रताप का प्रभाव है। आचार्य संघ का दर्शन लाभ लेने के लिए लोगों में बहुत ही उत्साह है आचार्य संघ की आगवानी करने में रौशन चंद्र जैन, नीरज किशोर जैन, जूही जैन, भावेश जैन, वैभव जैन, रीना जैन, साहू जैन, अजय जैन, शशि जैन, साक्षी जैन, परिमल जैन, अशोक जैन, रंकित जैन, अनीश जैन के साथ सैकड़ो की संख्या में भक्त शामिल थे।

अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा आरा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा आरा के तत्वाधान में पारिकारक होली मिलन सह सम्मान समारोह नगर अध्यक्ष श्रीकिशुन प्रसाद गुप्ता के अध्यक्षता में बहुत ही धूमधाम से आरा नगर के आर्य समाज मंदिर हॉल के प्रांगण में पारम्परिक तरीके से गुलाल व गीत-संगीत के धुन पर मनाया गया। समारोह का मंच संचालन जहाँ उमाशंकर साहू ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन जिला मीडिया प्रभारी राजू कुमार नारायण ने की। समारोह में रौनियार समाज के 70 वर्ष से उपर के गार्जियन (महिला एवं पुरुष) तथा आरा नगर के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्यों को अंगवस्त्र व फूल-माला से सम्मानित किया गया। सम्मानित राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों में रामकुमार गुप्ता, राजू कुमार नारायण, संतन रौनियार एवं राजेश गुप्ता शामिल थे। समारोह में आरा नगर के लगभग सभी वार्डों से सैकड़ों परिवार के महिला पुरुष सहित बच्चों ने बहुत ही बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा० विनोद प्रसाद तथा भोला प्रसाद का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में निम्न विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। संगठन की मजबूती, कोष संग्रह सहित विस्तार पर चर्चा नये सत्र के लिए अध्यक्ष का चुनाव सहित अगली बैठक की सूचना जिसमें नगर कार्यकारिणी सदस्यों का चयन करना आदि। वही समारोह को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने वालो में घनश्याम गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, शंकर प्रसाद, राजू कुमार नामायण, संतन रौनियार शामिल थे।

होली मिलन समारोह का किया गया आयोजनः संपूर्ण वैश्य महासभा की ओर से होली मिलन सामारोह आयोजन किया गया स्थानीय मौला बाग में साहू धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस होली मिलने में भोजपुर जिले के गांव गांव से आए होली मिलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया होली मिलन समारोह करने का एक ही मकसद था की वैशयएकता को मजबूत करना इस समारोह में आए हुए सभी अतिथियों ने अपना अपना विचार रखा इस कार्यक्रम के संयोजक रंजन महाजन गुप्ता ने कहा कि एक मंच पर आने की जरूरत है होली का मतलब होता है कि हम लोग मिलजुल कर रहे इस कार्यक्रम में डॉक्टर महावीर प्रसाद गुप्ता डॉक्टर विजय गुप्ता राजद नेता शिवकुमार शाह भाजपा नेता आलोक अंजन उर्फ छोटे सोनू कुमार गुप्ता सतीश कुमार गुप्ता डॉ नरेश प्रसाद गुप्ता संजय महाशेठ रामेश्वर प्रसाद सभी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामना दी आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र एवं माला पहनकर स्वागत किया गया भोजपुरी में जितने भी बेस्ट समाज के मुखिया वार्ड पार्षद जनप्रतिनिधि है।

पुलिस ने शराब के विरुद्ध की छापेमारी

डुमरांव (बक्सर) लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही पुलिस ने शराब की धर-पकड़ को लेकर छापेमारी तेज कर दिया। इसी दरम्यान कोरानसराय पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव स्थित अनुसूचित बस्ती में शराब के अड्डे पर छापेमारी की, जहां से पुलिस ने तीन गैलन अर्द्धनिर्मित शराब को गिराकर विनष्ट किया। इस दौरान पुलिस को देखते ही शराब के धंधेबाज भागने में सफल रहे। पुलिस को सूचना मिली थी कि अनुसूचित बस्ती में अवैध शराब निर्माण और बिक्री का धंधा चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने अवैध शराब के अड्डे पर धावा बोल दिया, जहां परती जमीन में गंदगी के बीच गाड़कर रखी गयी अर्द्धनिर्मित शराब से भरे गैलन मिले।

महिला कॉलेज से कर्मचारी व छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। भभुआ नगर स्थित शहीद संजय सिंह महिला महाविद्यालय में सोमवार को मतदाता जागरूकता को लेकर कर्मचारी व छात्राओं को द्वारा रैली निकाली गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं इकाई दो के संयुक्त तत्वाधान में हमारा पहला वोट देश के लिए समर्पित है। इस कार्यक्रम अंतर्गत महाविद्यालय परिसर से एकता चौक तक रैली निकाली गई है। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ तारा सिंह ने बताया कि लोकतंत्र में भागीदारी हम सब की जिम्मेदारी नारा के साथ महाविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक कर्मचारियों तथा छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर जागरूकता करने का काम किया गया था। जिसमें खुद मतदान करने तथा अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने का जागरूक किया गया है। जो हमारे देश के युवा युवती भी मतदाता जागरूकता में चढ़ बढ़कर कर हिस्सा ले और एक दूसरे को मतदान करने को प्रोत्साहित करें। इससे संबंधित मतदाता जागरूकता पर कई नारे लगाकर छात्राओं ने रैली निकाली। मौके पर डॉ सुमन सिंह डॉक्टर अंजु सिंह डॉक्टर शिव कुमार पांडे अमित कुमार डॉक्टर नीलम श्रीवास्तव डॉक्टर उपेंद्र नारायण सिंह डॉक्टर राजन सिंह विकेश कुमार सच्चिदानंद चौबे एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मी मौजूद रहे।

राजेश्वर पासवान ने शिष्टमंडल के साथ मृतक के परिजनों से की मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर लोजपा रामविलास के शिष्टमंडल के द्वारा विगत दिनों बिहिया में सड़क दुर्घटना में चना केवटिया निवासी रमाशंकर सिंह के पुत्र आकाश सिंह की मृत्यु हो गई थी। लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान शिष्टमंडल के साथ मृतक के परिजनों से मुलाकात की एवम हर संभव मदद की भरोसा दिए। शिष्टमंडल में शामिल प्रदेश महासचिव एससी एसटी संतोष पासवान, जिला उपाध्यक्ष बिनोद पासवान, प्रधान महासचिव विशाल चौधरी, जिला महासचिव प्रमोद पासवान, उदवंतनगर प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, अजीत कुमार जिला उपाध्यक्ष, संसदीय बोर्ड बिहिया के प्रखंड अध्यक्ष धनजी प्रसाद, आरा प्रखंड महासचिव धनलाल पासवान, मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार अविनाश सिसोदिया आदि लोग शामिल रहे।

चार घंटे में चोरी की घटना का पुलिस ने किया उद्भेदन

डुमरांव (बक्सर) स्थानीय पुलिस ने चोरी के एक मामले का मात्र चार घंटे में उद्भेदन करते हुए चोर को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी गए सामान को भी बरामद कर लिया। हालांकि इस मामले में पीड़ित के दरवाजे पर लगे सीसीटीवी कैमरे ने भी पुलिस की मदद की। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव बंधन पटवा रोड निवासी लव कुमार पटवा के पिता टेम्पो चलाते है। वे हर दिन की तरह शनिवार की रात भी अपने दरवाजे पर अपनी टेम्पो खड़ी कर सोने चले गए थे। इसी दौरान पड़ोस का ही एक युवक उनकी टेम्पो की बैट्री व एक टायर चुरा लिया। हालांकि, उसकी हरकत उनके गेट के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। सुबह में जब घरवालों की नींद खुली तथा चोरी की बात समझ में आई तो उनलोगों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला जिसमें चोर की हरकत कैद हो गई थी।

कोईलवर मे चला लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर। कोईलवर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी संदेश विधानसभा क्षेत्र के कोइलवर दक्षिणी मंडल मंडल के बुथ संख्या 154,155,162,163 में एवं संदेश विधानसभा के गजराजगंज मंडल में बुथ संख्या 85,86,87,88 मे लाभार्थी संपर्क अभियान किया गया। जिसमें उपस्थित रहे इस लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम के सह संयोजक एव खनगाँव पंचायत मुखिया सह जिला महिला मोर्चा मंत्री श्रीमती शालिनी सिंह जी, संदेश विधानसभा विस्तारक संधीर कुमार यादव जी कोइलवर दक्षिणी मंडल के महामंत्री कमलेश कुमार यादव जी, गजराजगंज मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उपरोक्त कार्यक्रम की जानकरी जिला सह मिडिया प्रमुख सतीश गुप्ता दे दी।

प्रशासन ने धूमधाम से जिला स्थापना दिवस मनाया

केसठ (बक्सर) प्रखंड क्षेत्रीय बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने नेतृत्व में जिले का 34वां स्थापना दिवस रविवर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मध्य विद्यालय केसठ, अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय केसठ, उर्दू विद्यालय केसठ और उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाल गया। प्रभात फेरी अपने अपने विद्यालय से होते हुए नया बाजार, पुराना बाजार समाप्त हो गई। इस मौके पर अरुण कुमार, मुकेश यादव, लालबाबू प्रसाद, सुनील कुमार, सतेंद्र कुमार, संतोष कुमार सहित अन्य शिक्षक शामिल थे। इस दौरान बीडीओ ने कहा की बक्सर जिले को 17 मार्च 1991 को जिले का दर्जा मिला था। बक्सर को जिले का दर्जा प्राप्त करने के लिए 1980 से 1991 तक आंदोलन करना पड़ा था। करीब 11 वर्षो तक के लंबे आंदोलन करने के बाद बक्सर को जिला का दर्जा प्राप्त हुआ था। इस दौरान ग्रामीणों और छात्रों को जिले के इतिहास को विस्तार रूप से अवगत कराया।

दुर्गावती नदी एवं हाईवे के पास तेंदुआ के पांव मिलने पर वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की किया फरमान

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर – ग्राम मिडिया में दुर्गावती नदी और ठल्2 के समीप तेंदुआ का पग मार्क मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी मोहनिया, मनोज कुमार के नेतृत्व में दल द्वारा ड्रोन कैमरा के मदद से लगातार नजर रखी जा रही है। तेंदुए के संभावित जगह पर कैमरा ट्रैप एवं केज के सहारे तेंदुआ को सुरक्षित पकड़ने की कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि छोटे बच्चो को अकेले बाहर नहीं जाने दे। भीड़ न लगाए एवं टीम को शांतिपूर्वक कार्य करने में सहयोग करें।

रक्तदान के साथ मतदान भी करना जरूरी: परिवहन पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूरः भभुआ सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में परिवहन विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां इस रक्तदान शिविर में सभी विभाग के कर्मियों ने रक्तदान किया है। जहां इस रक्तदान शिविर में परिवहन विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों ने चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया था। जहां एक दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया है। वही परिवहन पदाधिकारी चंदन चौहान ने बताया कि इन दिनों काफी सड़क दुर्घटना हो रही है। जो दुर्घटना के समय जो भी घायल होते हैं उनको काफी मदद मिलती है जब रक्त आसानी से उनको उपलब्ध होता है। वही जीवन रक्षा के लिए रक्तदान करना बहुत ही महत्वपूर्ण है और विभाग का भी निर्देश है विभागीय निर्देश के आलोक में एवं डीएम साहब के आलोक में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उम्मीद है कि इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक भाग लेकर लोग रक्तदान करेंगे। इसमें परिवहन विभाग उत्पाद विभाग शिक्षा विभाग और समाहरणालय के सभी कर्मी भाग लेकर रक्तदान करने वाले हैं। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता को लेकर एक थीम तैयार किया गया है। जिसमें रक्तदान जीवन दान मतदान राष्ट्रीय निर्माण को लेकर जागरूकता हो रहा है।

नवसाक्षर की साक्षरता परीक्षा में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता

बक्सर (शाहाबाद) महादलित दलित अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत नवसाक्षर महिलाओं का बुनियादी साक्षरता परीक्षा रविवार को आयोजित हुआ। यह परीक्षा सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक संचालित हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए केआरपी लालसा कुमारी ने बताया कि इटाढ़ी प्रखंड में इस परीक्षा के तहत कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रत्येक केन्द्र पर 20-20 नव साक्षरों ने परीक्षा दिया। पूरे प्रखंड में कुल 120 नव साक्षर महिलाओं ने बढ़कर चढ़कर इस परीक्षा में हिस्सा लिया। वही सदर बक्सर में चार परीक्षा केन्द्रों पर 80 नवासाक्षरों ने यह परीक्षा दी। परीक्षा देने वाली महिलाओं में साक्षर बनने की ललक देखी गई। इस दौरान उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। इस परीक्षा को संपन्न कराने में शिक्षा सेवक संतोष कुमार, वीर बहादुर राम, उमेश कुमार, श्रीभगवान, सीमा देवी, लालबिहारी राम, लाल बहादुर राम, विनोद राम, मंजू देवी, रानी देवी आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

स्व. शान्ति देवी की 30वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

आरा। स्थानीय शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवाँ, आरा में स्व० शान्ति देवी की 30वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्व० शान्ति देवी पूर्व सहकारिता पदाधिकारी सह सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय के संस्थापक स्व० शारदा प्रसाद सिंह की धर्म पत्नी थीं। वर्ष 1994 में उनकी स्वर्गवास के बाद उनकी स्मृति में संभावना स्कूल की नींव रखी गई थी।

श्रद्धांजलि सभा का उद्धघाटन विद्यालय के निदेशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र और प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर संयुक्त रूप से किया। दीप प्रज्जवलन के बाद स्व० शान्ति देवी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजली विद्यालय के शिक्षको तथा कर्मचारियों द्वारा अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने कहा कि स्व० शान्ति देवी मेरी सासू माँ थीं। उनकी स्मृति में ही विद्यालय की स्थापना वर्ष 1996 में की गई थी। विद्यालय की स्थापना का कारण उनका शिक्षा और कला-संस्कृति से लगाव था। स्त्री शिक्षा और कला-साहित्य में उनकी बहुत रूची थी। कैंसर से उनकी मृत्यु हो गयी थी।

इस अवसर विद्यालय के निदेशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि मातृ ऋण सबसे बड़ा ऋण है। माता-पिता को आज के युग में बच्चे ओल्ड एज होम में भेज देते हैं और छः महीने या साल में एक बार मिलने जाते है। वैसे समय में भी माता-पिता के सपनों को साकार करते हुए, उनका पुण्यतिथि मनाता आजकल के युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादाई है। इस अवसर विद्यालय के निदेशक और प्राचार्या द्वारा लगभग 125 गरीब महिलाओं, पुरुषों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के बीच वस्त्र और प्रसाद का वितरण किया गया। मंच संचालन कला शिक्षक संजीव सिन्हा ने किया।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। स्थानीय समाहरणालय के सभाकक्ष में आगामी लोक सभा आम चुनाव -2024 के मद्देनजर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम द्वारा संयुक्त रूप से बैठक किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के द्वारा औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र संबंधित तिथियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। और उन्होंने बताया गया की उपयुक्त कार्यक्रम के अनुसार 20 मार्च 2024 को प्रपत्र-1 में नोटिस निर्गत किया जाएगा। उसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन प्रपत्र- 2ए में दाखिल किया जाएगा। नामांकन एनआईएल एक्ट 1881 में घोषित अवकाश को छोड़कर पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 3 बजे तक प्राप्त किया जाएगा। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को एक प्रस्ताव की आवश्यकता होगी जबकि शेष अभ्यर्थी के लिए 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। नाम निर्देशन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 25000 एवं एससी एसटी के लिए 12500 रुपए निर्धारित है इसकी अतिरिक्त एससी एसटी के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति का जाति प्रमाण पत्र भी होनी चाहिए। निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में तीन गाड़ी अंदर आ सकती है।

निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देश कक्ष में अभ्यर्थी सहित पांच व्यक्ति अंदर आ सकते हैं। इसकी अतिरिक्त जिला निर्वाचन प्राधिकारी के द्वारा बताया गया कि आचार संहिता लगने के पश्चात राजनीतिक दलों का किस प्रकार भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में प्रचार प्रसार, रैली, आम सभा किया जाना है, इसके लिए जो भी दिशा निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए हैं, उसी के अनुरूप पालन करने को कहा है। इसके अतिरिक्त सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव के लिए व्यय कोषांग द्वारा चुनाव प्रचार एवं चुनाव से संबंधित उपकरण/ वाहन प्रयोग में लाने हेतु रेट (दर) का निर्धारण हुआ है, उसकी सूची सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया है। सभी ने उक्त निर्धारित दरों को इसकी सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय के बाहर किसी भी प्रचार-प्रसार में होर्डिंग फ्लेक्स के लिये हर हाल में अनुमति लेनी होगी। पार्टी कार्यालय में 6 फीट लंबा और 4 फीट चौड़ा का बैनर लगा सकते हैं।

किसी किसी निजी मकान में झंडा लगाने के लिए मकान मालिक से अनुमति लेना अनिवार्य रहेगा। चुनाव प्रचार-प्रसार हेतु जिला प्रशासन द्वारा चयनित मैदान में ही सभा स्थल करने की अनुमति दिया जाएगा साथ ही साथ सभा स्थल हेतु उपयोग में लाये गए मैदान जितनी भीड़ एकत्रित करने की क्षमता रहेगी उतना ही भीड़ एकत्रित करने का ही अनुमति मिलेगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को कहा कि सभी प्रत्याशियों का खर्च के लिए राशि निर्धारित की गई है। किस मद में कितना खर्च प्रत्याशियों द्वारा किया जाएगा इसका प्रॉपर रजिस्टर संधारित रखें। इसके अतिरिक्त उन्हें कहा कि सभी अपना शस्त्रों का सत्यापन करवाकर उसे जमा कर दें या अपना घरों के अंदर ही रखें। कोई भी व्यक्ति के निजी अंगरक्षक शास्त्र के साथ बाहर नहीं रहेगा। स्क्रीनिंग कमेटी से अनुमति लेकर ही बाहर शस्त्र निजी अंगरक्ष के साथ रख सकते हैं। पुलिस अधीक्षक श्रीमती स्वप्ना गौतम मेश्राम ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को कहा कि चुनाव आम निर्वाचन-2024 पूरी निष्पक्ष भय मुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को बताया की पिछले लोकसभा चुनाव में 11 बुथों नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण किसी दूसरे जगह शिफ्ट हुए थे। जिसमें औरंगाबाद क्षेत्र के 8 गोपिंगाम क्षेत्र के 2 एवं कुटुंबा क्षेत्र के 1 को शिफ्ट किया गया था। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दल प्रतिनिधि से सलाह लिया गया कि कोई और बुथ नक्सली दृष्किोण से प्रभावित हो तो बताएं।

इस बैठक में उप निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद गजाली, अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

चैती छठ मेला 2024 की तैयारी के संबंध में निरीक्षणात्मक भ्रमण

औरंगाबाद। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री औरंगाबाद के द्वारा जिले के देव प्रखंड के चैती छठ मेला 2024 की तैयारी के संबंध में निरीक्षणात्मक भ्रमण किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय, दीवान बिघा, कन्हईया माड़, हाजी नगर, देव सूर्यकुंड एवं रुद्र कुंड छठ घाट, देव मेला क्षेत्र से संबंधित स्थानों को भ्रमण करते हुए विभिन्न स्थलों पर छठ व्रतियों पार्किंग एवं आवासन का स्थलों को चिन्हित करते हुए संबंधित विभागों को छठ महापर्व के दौरान आने वाले छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवासन, टेंट, पेयजल शौचालय, यातायात, पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। भ्रमण के दौरान अपर समाहर्ता ललित रंजन भूषण, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, जिला भूर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, डीसीएलआर स्वेतांक लाल, सिविल सर्जन औरंगाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी देव न्यास समिति के अध्यक्ष एवं सचिव तथा जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कोचिंग पढ़ने निकली छात्रा हुई गायब, छानबीन में जुटी पुलिस

शेरघाटी।घर से कोचिंग पढ़ने गई छात्रा के गायब हो जाने की परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज किया गया है। मामला शेरघाटी थाना क्षेत्र के चिलीम पंचायत से जुड़ा हुआ है।पुलिस से की गई शिकायत में लड़की के परिजनों ने कहा है, कि रोज की तरह लड़की घर से कोचिंग पढ़ने के लिए निकली थी।देर तक जवाब घर नहीं लौटी तो हम लोगों ने काफी खोज भी नहीं किया परंतु उसका कुछ भी पता नहीं चल सका।इधर थानाध्यक्ष सह आईपीएस अधिकारी शिवम धाकड़ ने बताया कि परिजन के शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

शराब पीकर हल्ला हंगामा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शेरघाटी।शराब पीकर हल्ला हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष सह आईपीएस अधिकारी शिवम धाकड़ ने बताया कि श्रीरामपुर गांव में प्रवीण कुमार नामक युवक शराब के नशे में धुत होकर हल्ला हंगामा कर रहा था। पुलिस ने उसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

होली पर्व को लेकर कलेर थाना परिसर में की गई शांति समिति कि बैठक

अरवल।कलेर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ शांति समिति की बैठक की गई।बैठक कि अध्यक्षता कलेर थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने कियो बैठक में थानाअध्यक्ष ने कहा होली का पर्व महान पर्व है।इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर के खुशी मानते हैं।उन्होंने कहा कि कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा। होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है।किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई। इस बैठक में समाजसेवी मुलायम यादव, राजद नेता डिम्पल यादव के अलावे अनेकों लोगों मौजूद थे।

सीसीटीवी का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए एसएसपी ने दिए निर्देश

गया।वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा सिविल लाइन थाना में स्थित गया शहरी क्षेत्र के सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, एक पुलिस पदाधिकारी को कंट्रोल रूम के निगरानी हेतु प्रभारी बनाया जाए। नगर निगम और जन सहयोग से, जहाँ भी आवश्यकता हो।और भी सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे।सीसीटीवी कंट्रोल रूम में कार्यरत सभी कर्मियों को तत्परतापूर्वक सभी सीसीटीवी की निगरानी रखने और कुछ भी संदिग्ध एवं आवश्यक पाए जाने पर संबंधित थानों एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया गया है।

इन्व्हीर कलब बोधगया द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

गया।इन्व्हीर कलब बोधगया द्वारा होली मिलन समारोह बौद्धी रेजीडेंसी मे पुरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ,इस होली मिलन समारोह में बोधगया के काफी संख्या में महिलाएं भाग ली साथ में पुरुष भी काफी संख्या में शामिल हुए ल्यज व्यंजनों को लुत्फ उठाया,होली के गीत पर सभी ने झुमा भी, कलब बोधगया के फाउंडर संगीता शर्मा भी शामिल हुई, साथ ही इन्व्हीर क्लब की अध्यक्ष रिमा देवी,वाइस प्रेसिडेंट पुनम गुप्ता, सेक्रेटरी डा वीणा पाठक,आइपीपी हर्षा सिन्हा,सी सी सरीता वर्मा, एडीटर आशा चोहान,एंजु गोपा,रीना खुशबू,सुधा सिंध शामिल हुई।

आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही एक्शन में निगम प्रशासन : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया। चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की तिथि की घोषणा करने के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई. इसके बाद शहरी क्षेत्र में नगर प्रशासन की ओर से लगाए गए विभिन्न राजनीतिक दलों के होर्डिंग, पोस्टर,बैनर को हटाने का काम शुरू कर दिया गया।

इधर नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में नगर निगम की ओर से क्षेत्र में लगाए गए तमाम पोस्टर, बैनर को हटाने के लिए एक टीम का गठन किया गया है। इसके साथ ही नगर निगम के सिटी प्रबंधक एवं अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी को इसकी जवाबदेही दी गई है। गया शहर में कहीं भी पोस्टर बैनर लगाए गए हो तो उनको त्वरित कार्रवाई करते हुए हटाया जाए। उन्होंने बताया कि टीम की ओर से पोस्टर बैनर हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही गया शहर में कहीं भी पोस्टर बैनर लगाए गए हो उनको त्वरित कार्रवाई करते हुए हटाया जाए।

कला एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

दाउदनगर (औरंगाबाद)। विगत 13 एवं 14 मार्च 2024 को डायट तरार में संपन्न तरंग- कार्यक्रम के अंतर्गत 'कला एवं खेलकूद प्रतियोगिता' में रा कादरी मध्य विद्यालय,दाउदनगर के छात्र-छात्राओं ने जो बेमिसाल उपलब्धियां हासिल की है, उससे पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है । उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय के लिए बेशकीमती 14 मेडल जीत कर लाने वाले छात्र-छात्राओं को हम विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उक्त बातें रा कादरी मध्य विद्यालय, दाऊदनगर के प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद ने विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस विद्यालय के वैसे छात्र-छात्राओं के पुरस्कार सह सम्मान समारोह को संबोधित एवं पुरस्कृत करते हुए कही जिन्होंने उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया है । इस समारोह में विद्यालय के वरीय शिक्षक सत्येन्द्र कुमार ने भी उक्त प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को इस शानदार सफलता के लिए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इनके अलावा इस अवसर पर वरीय शिक्षिका श्रीमती चंपा केशरी,शारीरिक शिक्षक शिवपूजन कुमार,विज्ञान शिक्षिका पुनिता अम्बष्ठा,उर्दू शिक्षक शाहनवाज आलम,रुकसाना प्रवीण,शिक्षा सेवक धर्मेन्द्र कुमार एवं बड़ी संख्या में इस विद्यालय के विद्यार्थी मौजूद थे । सभी ने हर्ष-ध्वनि के साथ तालियां बजाकर सफल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन एवं सम्मान किया। ज्ञातव्य हो कि उक्त तरंग-कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से अंकुश कुमार ने एकल-नृत्य प्रतियोगिता, बैडमिंटन(एकल) में प्रथम स्थान प्राप्त किया था जबकि उसने समूह-नृत्य में भी समीना माहेनुर,सकीना माहेनूर,मैहर कुलसुम एवं युसरा अमजद के साथ मिलकर अपनी शानदार प्रस्तुति के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया था । इसके अलावा निबंध प्रतियोगिता में- तपेश्वर कुमार तथा 100 मीटर फरार्टा दौड़ में- रौशन कुमार ने भी विद्यालय की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था जबकि लड़कियों के वर्ग के बैडमिंटन प्रतियोगिता में सना प्रवीण ने द्वितीय स्थान हासिल किया।इसके अलावा खुशबू कुमारी ने लड़कियों के वर्ग में 100 मीटर फरार्टा दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विधि व्यवस्था को लेकर एसडीओ ने अधिकारियों के साथ किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी।लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभा भवन में सोमवार को विधि व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सारा अशरफ के नेतृत्व में समीक्षा बैठक की आयोजित की गई।

बैठक में मतदान केंद्रों पर मूलभूत आवश्यक सुविधाएं, नक्सल गतिविधि, मतदाताओं को जागरूक करने, मतदाताओं को डराने धमकाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने, शराब एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने आदि पर समीक्षा की गई।

अशरफ ने कहा कि स्थानीय पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में इन सारी गतिविधियों पर नजर रखते हुए सख्त कार्रवाई शुरू करें। क्षेत्र के गुंडा रजिस्टर एवं धारा 107 के तहत आरोपियों पर नजर रखें। मतदान केंद्रों पर शौचालय पेयजल एवं पहुंचने का सुगम और सुरक्षित रास्ता अख्तियार करेंगे। अंतिम रूप से मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉक्टर के रामदास, बीडीओ स्नेहिल आनंद, सीओ उषा कुमारी, इंस्पेक्टर अजीत कुमार, डुमरिया थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सहित सभी थाना के थानाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी मौजूद रहे।

वैशाली के मझौली में आग से प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जन स्वास्थ्य कल्याण समिति के सचिव डॉ. एलबी सिंह ने मझौली में अग्निकांड से पीड़ित परिवार के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। आग लगने की खबर मिलते ही पटना से अपने टीम के साथ पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलने पहुंचे और उनके बीच तोसक, कपड़ा, भोजन सामग्री, चटाई, मच्छरदानी, बाल्टी समेत अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार के सदस्यों की मदद कर मन में सुखद अनूभूति हो रही है। हर कार्य के लिए सरकार की तरफ दृष्टि नहीं लगानी चाहिए। गांव के छोटे-मोटे कार्यों को गांवों के लोग ही संगठन बनाकर यदि पूरा कर ले तो इससे गांव, समाज एवं राष्ट्र की उन्नति होगी। समाजसेवा करना प्रत्येक मनुष्य का परम कर्तव्य है। समाजसेवा को पुनीत कर्तव्य मानकर करना चाहिए। समाजसेवा मानव की निःस्वार्थ भावना से किया जाना चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि संजीव सिंह, सुजीत कुमार ,समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

रमजान के मौके पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

करपी (अरवल)ज्योति नगर करपी मोहल्ले में रमजान महीने के शुभ अवसर पर गरीब निर्धन रोजेदारों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन हाफिज अमीरुद्दीन ने दीप प्रज्वलित कर किया .इस मौके पर हाफिज अमीरुद्दीन ने

मुल्क की तरक्की, खुशहाली व अमन-चैन कायम रखने के लिए खुदा से दुआएं मांगते हुए कहा कि जो इंसान दूसरे के दुखों को दूर करने का प्रयास करता है या दूर करता है वह असीम सुखों को प्राप्त करता है जिस तरह से डॉक्टर ज्योति 20 वर्षो से रमजान के मौके पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीबों का कल्याण कर रहे हैं.रमजान भूख प्यास को समझने का महीना है ताकि रोजेदारों में भले बुरे को समझने की सलाहियत पैदा हो. वहीं समाजसेवी डॉक्टर ज्योति प्रसाद ने कहा कि माह ए रमजान आपसी प्रेम भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। रमजान महीने में मैं भी रोजा रखता हूँ. इसके लिए उन्हें सिर्फ रोजा के समय का ध्यान रखना होता है सेहरी और इफ्तारी के वक्त का जरूर ख्याल रखना चाहिए रोजा रखते समय साफ-सफाई का ध्यान होना चाहिए.इस मौके पर हाजी मोहम्मद शमीम अंसारी सोनमती देवी जुबेदा खातून नूरऐसा खातून मोहम्मद मकसूद अंसारी विजय कुमार इमरान अंसारी रामजीवन प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की चुनाव अवधि के लिए निषेधाज्ञा जारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला दण्डाधिकारी, गया डॉ त्यागराजन एसएम द्वारा आदेश निर्गत करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा 16 मार्च 2024 को कि गयी है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है, इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जनसभा,जुलूस का आयोजन किया जाएगा।

इसमें आदेश में कहा कि जन-सभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्द्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित,आतंकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवांछित,असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है।पृष्ठभूमि के आलोक में डॉ० त्यागराजन एसएम, जिला दण्डाधिकारी, गया द्वारा चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक अथवा अधिकतम 60 दिनों तक, जो भी पहले हो दं.प्र.सं. की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण गया जिले में निम्नांकित निषेधाज्ञा जारी किया गया है।

किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम पदाधिकारी की पूवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जायेगा।पाँच या पाँच से अधिक व्यक्ति के साथ जमा होकर किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, बैठक एवं धरना-प्रदर्शन तथा ध्वनिविस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम पदाधिकारी की पूवार्नुमति के नहीं करेंगे। इसके साथ ही अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक वर्जित रहेगा।कोई भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल अथवा संगठन किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो आदि अथवा किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रकाशन नहीं करेंगे, इस संबंध में किसी प्रकार का आपत्तिजनक, विधि विरुद्ध संदेश, वार्टसएप या एसएमएस सोशल मीडिया अथवा अन्य इलोक्ट्रोनिक्स माध्यम से आदान-प्रदान नहीं करेंगे।

जिससे चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो।कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल का उपयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे एवं साम्प्रदायिक भावना को भडकाने का कार्य नहीं करेंगे।कोई भी व्यक्ति,राजनैतिक दल,संगठन , मतदाताओं को डराने, धमकाने एवं किसी भी प्रलोभन में लाने का कार्य नहीं करेंगे। प्रदूषण फैलाने वाले प्रचार-सागग्रियों का इस्तेमाल राजनैतिक प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही द्वारा जारी प्रावधानों का अनुपालन करना होगा। प्रतिबंधित श्रेणी के प्लास्टिक सामग्री के प्रचार सामग्री के रूप में प्रयोग पर भी समान रूप से ये प्रावधान लागू होंगे।

निर्वाचन संबंधी किसी भी गतिविधि, प्रचार-प्रसार इत्यादि में बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।कोई भी व्यक्ति किसी आग्नेयास्त्र, तीर-धनुप, लाठी, भाला, गड़ासा एवं मानव शरीर के लिए घातक कोई भी हथियार का प्रर्दशन सार्वजनिक रूप से नहीं करेंगे। यह आदेश परम्परागत ढंग से शस्त्र धारण करने वाले समुदाय, विधि व्यवस्था एवं निर्वाचन कर्तव्य पर लगे दंडाधिकारी,निर्वाचन कर्मियों और पुलिस कर्मियों पर लागू नहीं होगा ।यह आदेश जिला दंडाधिकारी द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन के अवसर पर निर्गत किये जाने वाले आदेश के आलोक में निर्दिष्ट तिथि को निर्दिष्ट स्थान पर शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र निरीक्षण कराने एवं शस्त्र जमा करने हेतु शस्त्र ले जाने वाले अनुज्ञप्तिधारियों पर शिथिल रहेगा।

सीमावर्ती झारखण्ड जिलों के पुलिस अधिकारियों की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने हेतु, सोमवार को झारखंड के सीमावर्ती जिलों के साथ एक बैठक की गई है। इस बैठक में आपसी समन्वय स्थापित करते हुए, संयुक्त नक्सल रोधी अभियान को चलाने का निर्णय लिया गया है। पूर्ण शराबबंदी के तहत शराब निमार्ताओं,तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, और अंतर्राज्यीय मार्गो पर चेकिंग बढ़ाई जाएगी। वांछित अपराधियों और नक्सलियों के विरुद्ध नक्सल रोधी अभियान को प्रभावी तरीके से लगातार चलाया जाएगा।

स्थानीय बाजार एवं दुकानों की खरीददारी से अर्थव्यवस्था होगी मजबूत : पूर्व जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के दो पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह बबुआ एवं रामानुज पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आने वाले त्योहारों को देखते हुए लोगों से स्थानीय बाजार एवं दुकानों से खरीददारी करने की अपील किया है और लोगों को इसके फायदे भी बताए हैं दोनो अध्यक्षों ने कहा है कि

हमेशा अपने ही शहर के और जिले के दुकानों से खरीददारी करें, ऑन लाइन और बड़े बाहरी शॉप से खरीददारी से बचें

ऑन लाइन से ज्यादा सस्ता और बढ़िया क्वालिटी स्वयं देख समझ कर अपने निकट के बाजार दुकान से खरीद सकते हैं। इसके कई फायदे भी हैं। लेने से पहले देखकर संतुष्टि हो सकते है और मोल भाव की गुंजाईस रहती है जिससे कम कीमत में संतोष जनक सामान ले सकते हैं। आपके मुनाफे से आपके जिले शहर के लोगो को रोजगार भी मिलेगा और पैसा अपने शहर और जिले में ही रहेगा। हर दुकानदार का परिवार तो इससे चलता ही है उसमे अपने जिले के लोगों को रोजगार भी मिलता है यानी लोगों को आप अपने जिले में रोजगार देने में बहुमूल्य सहयोग करते हैं। बाजार जाएंगे तो अपने आस पास के उत्पादों को देखेंगे खरीदेंगे "लोकल फॉर वोकल" यानी स्थानीय उत्पादकता को कृषि और छोटे कुटीर उद्योग को बढ़ावा भी मिलेगा। कभी पैसे पास नही हुए तो हमारे आस पास के दुकानदार हमे उधारी भी देते हैं यानी हमारे सुख दुख के सहभागी भी होते हैं, जो कि ऑन लाइन और मॉल वाले नही हो सकते।

सबसे बड़ी बात बड़े मॉल में हमे अपमान जनक तलाशी से गुजरना पड़ता है जबकि स्थानीय दुकानदार हमे इज्जत, इलायची, बच्चों को टॉफी और उपहार भी अवश्य देते हैं। सस्ता के चक्कर में कभी भी अनजान फेरी वालों से भी लेने से बचें जिन्हे आप नही जानते बाहरी होते हैं घटिया समान देकर गायब हो जाते हैं और बाद में पछताना पड़ता है।

बड़ी बड़ी कंपनियों के ऑन लाइन लुभावना में पड़ने से अच्छा है एक बार अपने बाजार भी जाएं और देखें समझें। हमारी सोच से हमारे जिले का बाजार रौनक हो सकता है या फिर उजड़ भी सकता है। स्थानीय बाजार सम्पन्न होंगे तो रोजगार के अवसर बने रहेंगे अन्यथा युवा पलायन को या फिर अपराध की ओर जाएंगे।

अतः हमारी छोटी सी पहल बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकती है। ऑन लाइन और मॉल में विदेशी सामान खूब बेचे जाते हैं और हम सस्ते के चक्कर में फसकर अपने धन विदेशों में भेज देते जिससे विदेशों के व्यापार उद्योग तो चलेंगे लेकिन अपने देश के व्यापार उद्योग चौपट हो रहे हैं। इसका खयाल रखते हुए हमे स्थानीय बाजार से खरीददारी को ही बढ़ावा देना चाहिए। आने वाले दिन में होली, छठ, रामनवमी और ईद है सभी लोग अपने परिवार के लिए बड़े खरीददारी करने वाले है इसलिए स्थानीय खरीददारी को बढ़ावा दें और मिलजुलकर खुशियां मनाएं अपने शहर और जिले को खुशहाल बनाएं।

सप्त दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में मगध विश्वविद्यालय के तरफ से कानपुर में प्रस्तुति

प्रात : किरण संवाददाता

गया।11 मार्च से लेकर 17 मार्च के मध्य आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर जो छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज इटावा में आयोजित किया जा रहा है,आज इसका समापन हो गया है। इसमें भारत के 12 राज्यों से लगभग 200 स्वयंसेवकों एवं 10 प्रोग्राम ऑफिसर में भागीदारी की है । मगध विश्वविद्यालय के गया कॉलेज, गया की तरफ से इसमें पांच स्वयंसेवको का चयन किया गया है। इस सप्त दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में मगध विश्वविद्यालय के तरफ से आर्यन कुमार, अभिजीत सिंह, अमित कुमार, सानू कुमारी और रोशनी कुमारी ने भागीदारी की है ।कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बिहार की तरफ से चयनित 10 छात्रों में पांच छात्र गया कॉलेज से चुने गए राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में बिहार की टीम का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक नृत्य में बिहार टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। बिहार के सांस्कृतिक पर्व छठ पूजा ने पूरे शिविर के लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया है। लघु भारत के रूप में उपस्थित स्वयंसेवकों ने छठ पूजा के पर्व को देखा गया है। स्वयंसेवकों के अच्छे प्रदर्शन पर मगर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार राय ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी और डॉ सतीश सिंह चंद्र, प्रधानाचार्य गया कॉलेज ,गया ने छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई दी और भविष्य में इसी प्रकार प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

बोधगया थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध शराब पकडा गया



गया ।आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली जैसे प्रमुख त्योहार के मद्देनजर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के निदेर्शानुसार अवैध शराब के परिवहन एवं व्यापार पर अंकुश लगाने के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग द्वारा बोधगया के मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत जिन्दापुर मुख्य मार्ग पर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब से लदे हुए महेंद्रा बोलेरो पिकअप जिसका निबंधन संख्या खल13ल 0692 को जप्त किया गया है। इस ट्रक में 101 काटून,पेटी इम्पीरियल ब्लू विदेशी शराब जिसकी मात्रा 909 लीटर 2004 बोतले जब्त की गई है। जिसका बाजार मूल्य लगभग 20 लाख रुपया है ।इस छापेमारी में चतरा झारखंड के नागेस्वर कुमार यादव चालक को गिरफ्तार भी किया गया है। शराब की खेप चतरा से लाया जा रहा था और हिल्सा नालंदा में डिलीवरी देने के लिए जा रहा था। इसी कड़ी में गुप्त सूचना पर नाका लगाकर वाहनों की जांच की जा रही थी। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के निर्देश पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा सहायक आयुक्त उत्पाद पदाधिकारी को कई सख्त आदेश भी दिए गए हैं।

उत्पाद विभाग की टीम ने लक्जरी कार से शराब किया बरामद

आरा। उत्पाद विभाग की टीम लगातार तीसरे दिन शराब बरामदगी में सफलता हासिल की है। दिलचस्प यह है कि यह कार्रवाई भी कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा पर हुई है। आगामी होली पर्व को लेकर दूसरे राज्यों से लाकर बिहार में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी की जा रही है। इसी क्रम में एक बार फिर उत्पाद विभाग की टीम ने पटना-बक्सर फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा से दो लक्जरी कार से काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। टीम ने यह कार्रवाई सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा से की है। मिली जानकारी के अनुसार मद्य निषेध विभाग को सूचना मिली थी कि दो कार उत्तर प्रदेश से विदेशी शराब लेकर पटना जा रही है।

मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का सख्ती से पालन करवायें : जिलाधिकारी



गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर 20 मार्च से प्रारंभ होकर 28 मार्च तक चलने वाले प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बहाल रहे इसे लेकर समाहरणालय गोलंबर पर स्वयं पहुच कर एकल मार्ग, ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन पड़ाव, नो एंट्री, ड्राप गेट, बैरिकेडिंग इत्यादि के बारे में अपर समाहर्ता राजस्व एव अनुमंडल पदाधिकारी सदर से जानकारी लिया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का सख्ती से पालन करवाये। प्रत्याशी सहित मात्र पांच व्यक्ति ही निवार्ची पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के कक्ष में अपना नामांकन पत्र समर्पित करने आ सकेंगे।

किसी भी प्रत्याशी के अधिकतम 03 वाहन ही 100 मीटर के परिधि में आ सकेंगे। डीएम ने स्पष्ट कहा कि नामांकन में भाग लेने के समय कोई भी जुलूस,रैली, सभा, रोड शो करेंगे तो उसका विधिवत अनुमति अनुमंडल पदाधिकारी से प्राप्त करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सह डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि जिला स्कूल एव जिला परिषद के मैदान में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था करवाये। किस किस जगह प्रवेश निषेध है। कहा पर एकल मार्ग,पैदल मार्ग रहेंगे, सभी जगह फ्लेक्स कर माध्यम से प्रदर्शित करवाना सुनिश्चित करें ।नामांकन को लेकर बनाये गए ट्रैफिक प्लान।

नामांकन के अवसर पर अभ्यर्थियों के साथ-साथ काफी संख्या में उनके समर्थक वाहन ,पैदल मार्ग से समाहरणलय गया आयेंगे। ऐसी स्थिति में यातायात नियंत्रण हेतु नाम निर्देशन अवधी में संवेदनशील स्थलों, ड्रॉप गेट,पार्किंग स्थल से संबंधित ट्रैफिक प्लान बनाया गया है ।जो निम्न प्रकार हैः - वाहनों के लिए नो इण्ट्री प्रवेश वर्जित गया शहरः-

काशीनाथ मोड़ से डी०एम० गोलम्बर के तरफ जाने वाली रोड में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। आपातकालीन सेवा को छोड़कर ।कोयरीबाड़ी मोड़ एवं दिग्घी तालाब मंदिर तीनमुहानी से डी०एम० गोलम्बर की ओर जाने वाली रोड में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

आपातकालीन सेवा को छोडकर। पीरमंसूर मोड़ से समाहरणालय डी०एम० गोलम्बर की ओर जाने वाली मार्ग में सभी प्रकार की वाहन पूर्णतः वर्जित रहेगा। आपातकालीन सेवा को छोड़कर। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय गेट के सटे सब्जी मंडी की ओर से सभी प्रकार क वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। *वाहनों का वैकल्पिक मार्गः- काशीनाथ मोड सीधे बाटा मोड से दहिने टेकारी रोड जी०बी० रोड जे०पी०एन० अस्पताल होते हुए जायेंगे।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में दो युवक हुआ घायल

नवगछिया (भागलपुर)। आदर्श थाना परिक्षेत्र अंतर्गत एनएच 31 पर हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी व घायल हो गया। घटना के बाद दोनों घायलों को त्वरित इलाज हेतु स्थानीय लोगों व राहगीरों द्वारा आनन फानन में अनुमंडल अस्पताल नवगछिया लेजाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा घायलों की पहचान तेतरी के चन्द्र किशोर पासवान के 22 बर्षीय पुत्र मिथुन कुमार और दूसरे युवक का नाम राजेश पासवान के 20 बर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में की है। वही दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के साथ चिकित्सक ने दोनो घायलों के जख्म जांच में पाया कि युवकों के सर व हाथ-पांव में गंभीर चोट लगी है। जिसे देखते हुए राहत की बात कही है।

साक्षरता परिक्षा का आयोजन रहा सफल: प्रशिक्षु

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड प्रांगण में अक्षर आंचल योजना के तहत नव साक्षर महिलाओं का बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा हेतु क्षेत्र में कुल 10 परीक्षा केंद्र स्कूल स्तर पर बनाए गए थे। परीक्षा केंद्र में कुल 619 प्रशिक्षुओं ने परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस दौरान महादलित के कुल 318 व दलित के कुल 171 अल्पसंख्यक के कुल 130 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। वही योजना के तहत कुल 61 नामांकित महिलाएं अनुपस्थित रही थी। इस मौके पर भागलपुर साक्षरता कार्यालय से परीक्षा हेतु कुल 680 महिला परीक्षार्थियों का लक्ष्य दिया गया था। मौके पर परीक्षा आयोजन के सहयोग हेतु आरिफ हुसैन, गोविंद रजक, मो. जहांगीर आलम, विनोद चौधरी, शहनाज खातून, प्रेमलता देवी, कल्पना कुमारी, अभिनन्दन कुमार रजक, मो. फरीद, उपेंद्र चौधरी सहित अन्य की भूमिका मुख्य रूप से रही थी। वहीं मो. तबरेज, चांदनी, अब्दुल कादिर ने अपने-अपने केंद्र पर परीक्षा के साथ मौजूद रहे थे। इस दौरान आरिफ हुसैन व विनोद चौधरी ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है।

अज्ञात युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गपुर थाना क्षेत्र के गंगटी नदी से रविवार की देर शाम एक अज्ञात युवक का शव नदी में तैरता हुआ बरामद किया है। रविवार की देर शाम गंगटी नदी में एक युवक के शव देखकर ग्रामीणों ने खड़गपुर पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस दल बल के साथ स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया। शव बरामद के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

मुंगेर। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 सहित होली पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं भूमि विवाद आदि विभिन्न बिंदुओं पर समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आसन्न लोक सभा 2024 के मद्देनजर विधि व्यवस्था आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुंगेर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक संजय कुमार, बेगूसराय क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक राशिदजमा, प्रमंडल के सभी छह जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित आयुक्त के सचिव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, सभी जिला परिवहन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। बैठक में आयुक्त द्वारा आसन्न लोक सभा निर्वाचन को लेकर जारी आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश सभी जिलाधिकारी को दिया गया। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन कराना तथा इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। आयुक्त द्वारा सभी जिलाधिकारी से निर्वाचन ड्यूटि में तैनात होने वाले कर्मियों की जानकारी ली गयी। चुंकि जमुई में प्रथम चरण में ही निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होनी है, इसे लेकर आयुक्त द्वारा जिलाधिकारी से वहां की पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। लखीसराय एवं शेखपुरा जिला में वैसे कर्मी गृह जिला के ही हैं, ऐसे में उन कर्मियों को संबंधित जिला में निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त नहीं किया जा सकता। इस परिपेक्ष्य में लखीसराय जिला के गृह जिला के कर्मियों को शेखपुरा तथा शेखपुरा के गृह जिला कर्मियों को लखीसराय में निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि महिला कर्मियों को निर्वाचन कार्य में शहरी क्षेत्रों में ही प्रतिनियुक्ति देने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि जिले में कार्यरत सभी कर्मियों को निर्वाचन के लिए समुचित प्रशिक्षण अवश्य दिलाएं। इसके अलावे मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया जिलों में निर्वाचन कार्य हेतु पर्याप्त दक्ष कर्मियों की सूची को जानकारी संबंधित जिलाधिकारी द्वारा दी गयी।

गरुड़ों के संरक्षण के लिए खुलेगा गरूड़ रेस्टोरेंट: डीएफओ

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों क्षेत्र इलाके में गरुड़ संरक्षण को लेकर जिला पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से वन्यजीव जागरूकता अभियान के तहत मध्य विद्यालय खैरपुर कदवा के प्रांगण में मंदार नेचर क्लब के बैनर तले गरूड़ समागम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर डीएफओ श्वेता कुमारी ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कदवा दियारा में गरूड़ का बसेरा होना एक बड़ी उपलब्धि है। जहां विलुप्तप्राय पक्षी भगवान विष्णु के वाहक गरुड़ों के संरक्षण के लिए क्षेत्र में गरूड़ रेस्टोरेंट खोला जाएगा। इस योजना कार्य को लेकर वृहित पैमाने पर मनरेगा के तहत अमृत सरोवर का निर्माण किये जाने के साथ गरुड़ों के भोजन के लिए मछली की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उन्होंने स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कहा कि भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड मैदान प्रांगण के जयप्रकाश उद्यान परिसर में सोविनियर शॉप का निर्माण किया जाएगा। इस सोविनियर शॉप में पर्यावरण और वन्यजीव से संबंधित विभिन्न प्रकार के उत्पादों को निर्मित कर नवगछिया के कोसी कदवा दियारा के लोग बेचकर अच्छा खासा मुनाफा कमा सकेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कदवा में भी एक सामुदायिक आवास का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए सभी कार्य योजनाओं को लेकर प्रस्ताव स्वीकृति हेतू जिलाधिकारी को भेजा गया है। इस मौके पर मंदार नेचर क्लब के संस्थापक अरविंद मिश्रा ने कहा कि कदवा दियारा में मंदार नेचर क्लब 2006 से ही गरूड़ पक्षी के संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य कर रही है। भागलपुर के सुंदरवन में गरुड़ पुनर्वास केंद्र की स्थापना की गई है। जिसमें घायल गरुड़ों की देखभाल व ईलाज होता है। वही मध्य विद्यालय खैरपुर क्षेत्र के पेड़ पर गरुड़ का घोंसला नहीं होने पर चिंता जताई है। जिसे लेकर प्रो. जय नंदन मंडल ने गरुड़ संरक्षण पर किए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यों को भी ग्रामीण के बीच साझा किया है। इस मौके पर खैरपुर कदवा के मुखिया पंकज जायसवाल, सरपंच सुबोध मिश्रा और पूर्व मुखिया अजय कुमार ने वरीय अधिकारियों से जल्द से जल्द जमीन मुहैया कर अमृत सरोवर का निर्माण कराने पर अपनी सहमति दी। साथ ही उन्होंने आम लोगों से सड़क किनारे लगें पेड़ों पर अवस्थित गरूड़ व उनके घोंसले के की अपील की।

'वोट करें देश गढ़' संदेश के साथ मतदाता को मतदान हेतु किया गया जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी हेतू मतदाता जागरूकता को लेकर जिले के चर्चित प्रिंट मीडिया प्रभात खबर द्वारा आयोजित ह्यवोट करें देश गढ़ेह्ल अभियान के तहत भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के मारवाड़ी महाविद्यालय भागलपुर के एनएसएस छात्रों ने कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय कुमार और डॉ. बासुकी कुमार की अगुवाई में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान स्वयं सेवक व स्वयं सेविका ने संयुक्त रूप से जिले भर में मतदान करने को लेकर भव्य रैली का आयोजन किया। रैली सीएमएस हाई स्कूल, भागलपुर प्रांगण से निकल कर आदमपुर होते हुए घंटाघर मार्ग होते हुए मशाकचक के रास्ते माणिक सरकार चौक होते हुए पुनः सीएमएस हाई स्कूल भागलपुर के प्रांगण में पहुंच कर रैली सम्पन्न हुई। उसके बाद इकाई 1 के स्वयं सेवक व स्वयं सेविका एमबीए विभाग के चहार दीवारी के बगल में अतिक्रमण हटाए गए स्थल पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय कुमार के साथ मिल कर वृक्षारोपण के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राहुल कुमार भी मौजूद थे।

वही वृक्षारोपण कार्यक्रम में हरिओम, अक्षय, दुर्गेश, आशिष, रुपेश, दीपशिखा, खुशी, निशा, निक्की, आनंद, रंजना आदि कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

शराब के नशे में धुत्त दो युवक धराया

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना पुलिस ने देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय अरसंडीह ढाला के समीप दबिश देकर शराब के नशे में धुत दो युवक को हिरासत में लिया है। मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान झंडापुर के नवीन चौधरी के पुत्र ज्ञान गौरव उर्फ राजा चौधरी और बिहपुर सोनवर्षा के उपेंद्र कुमार के पुत्र अजय कुमार के रूप में बताया गया है। दोनो युवकों के विरुद्ध बिहपुर थाना पंजी में मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

घटना के 24 घंटे के भीतर अपराधी को किया गिरफ्तार: एसडीपीओ

प्रात: किरण संवाददाता

- घटना में प्रयुक्त दो बाइक व एक खोखा को पुलिस ने किया बरामद

नवगछिया (भागलपुर)। विगत दिनों खरीक थाना परिक्षेत्र अंतर्गत खरीक मुख्य बाजार स्थित महादलित टोला के 50 बर्षीय महेश रिकियासन पिता स्व. सरयुग रिकियासन को अज्ञात बाइक सवार अपराधकर्मियों के द्वारा बच्चों के मामूली विवाद को लेकर हत्या की नीयत से गोली मारकर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया था। उक्त घटना मामले में स्थानीय खरीक थाना पुलिस ने अपराध पंजी में अज्ञात के विरुद्ध हत्या का प्रयास, एससी-एसटी व आर्म्स एक्ट समेत अन्य मामला दर्ज कर त्वरित कार्यवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर जख्मी महेश रिकियासन को त्वरित ईलाज के लिए स्थानीय अनुमंडल अस्पताल लेजाया गया था। जहां पुलिस ने पीड़ित के फर्द बयान के आधार पर घटना के 24 घँटे के भीतर कांड के प्राथमिकी अभियुक्त खरीक के पश्चिमी घरारी के राजा सिंह पिता अनिल सिंह को घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। वही पुलिस द्वारा घटना के फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। वही पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। उक्त आशय की जानकारी एसडीपीओ नवगछिया ने थाना प्रांगण में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में जानकारी साझा कर दी है। वही उन्होंने कहा कि जल्द ही पुलिस घटना के संबंधित अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

पीड़िता प्रमुख के घर मिलने जाप सुप्रीमो पप्पू यादव पहुँचे

- बेटे की हत्या के बाद आहत परिजनों के साथ बातचीत कर जाना हाल

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में विगत दिनों सदर अनुमंडल कार्यालय के समीप एनएच 31 पर बेलगाम अपराधियों ने प्रखंड प्रमुख के बेटे मिथुन यादव की हत्या मामले के बाद आहत हुई परिवार जनों की हाल जानने के लिए विगत देर रात जाप प्रमुख पप्पू यादव पीड़ित प्रमुख के आवास पर मिलने पहुंचे। जहां पप्पू यादव ने परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया, साथ ही घटना के जुड़े लोगों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के साथ न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। वही उन्होंने नवगछिया एसपी से बात कर जल्द से जल्द दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई व गिरफ्तारी करने का आग्रह किया। इस दौरान जाप सुप्रीमो ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह की वारदात दिनदहाड़े घटित होना बहुत ही चिंतनीय व दुःखद घटना है। इस मामले को लेकर एसपी से बात हुई है, उनके द्वारा 72 घण्टे के अंदर कार्रवाई की बात कही गयी है, अपराधी जो भी है उसे जेल में नहीं रहना चाहिए बल्कि उसका सरेआम एनकाउंटर होना चाहिए। जिससे क्षेत्र इलाके में अपराधियों व उनके साथ जुड़े लोगों के बीच दहशत और कानून का खोप बना रहेगा। ज्ञात हो कि विगत आठ मार्च को इस्माइलपुर प्रखंड प्रमुख मालती देवी के बेटे प्रोपर्टी डीलर मिथुन यादव डीएसपी कार्यालय के समीप गोदाम का निर्माण करवा रहे थे, इस दौरान तीन नकाबपोश अपराधियों ने कई राउंड गोली फायरिंग की वारदात को अंजाम दे मौके से फरार होने में सफल रहा था। इस दौरान अपराधियों द्वारा चलाई गई गोली से प्रोपर्टी डीलर मिथुन यादव को लगने के साथ मौके पर गिर पड़ा था। जिससे निर्माण कार्य में जुटे मजदूर द्वारा त्वरित इलाज के लिए आनन फानन में अनुमंडल अस्पताल नवगछिया लेजाया गया जहां से उसे त्वरित बेहतर इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच लेजाया गया जहां चिकित्सकों ने इसे मृत घोषित कर दिया था।

श्रवण यादव हत्याकांड का किया सफल उद्भेदन

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया। विगत माह 25 फरवरी को गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाईंगांव चौक के समीप मजदूरी कर रहे गोसाईंगांव के श्रवण यादव को दिनदहाड़े अपराधियों ने गोली मारकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। उक्त मामले को लेकर अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ उद्भेदन किये जाने हेतू नवगछिया पुलिस पदाधिकारी को एसपी पूरन झा द्वारा निर्देशित किया गया था। उक्त जारी आदेश के आलोक में नवगछिया पुलिस द्वारा घटना के अनुसंधान क्रम में एक माह के भीतर अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ सफल उद्भेदन किया है। मामले को लेकर नवगछिया एसडीपीओ कार्यालय वेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम एसडीपीओ ओमप्रकाश ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि हत्याकांड के पुलिस अनुसंधान जांच के क्रम में पता चला है कि अपराधी द्वारा प्रतिशोध लेने को लेकर श्रवण यादव की हत्या वारदात को अंजाम दिया गया था। साथ ही पुलिस जांच में हत्याकांड के मुख्य अपराधी की निशानदेही पर दबिश देकर गिरफ़्तार कर लिया गया है। वही नवगछिया एसडीपीओ ने बताया कि श्रवण यादव हत्याकांड का सफल उद्भेदन के साथ एसआईटी ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। अनुसंधान जांच के अनुसार श्रवण यादव हत्याकांड को लेकर विगत 27 फरवरी को गोपालपुर थाना अपराध पंजी में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हत्या व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। घटना के बाद इस हत्याकांड के उद्भेदन व अपराधियों की त्वरित गिरफ़्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। गठित एसआईटी द्वारा कांड अनुसंधान के क्रम में घटनास्थल पर पाए गए साक्ष्य एवं तकनीकी अनुसंधान व गुप्त सूचना के आधार पर हत्याकांड का सफल उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त कांड के अप्राथमिकी अभियूक्त धनंजय यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वही घटना में शामिल मुख्य गोली मारने वाला अपराधी गोसाईंगांव के अखिलेश यादव के पुत्र विकास यादव को स्थानीय पोखड़िया चौक से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के पश्चात पूछताछ में विकास ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि इनके भाई नीतीश कुमार की हत्या करके लाश को श्रवण यादव ने गायब कर दिया था। वही गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि श्रवण मुझे भी मारने का प्रयत्न कर रहा था। इतना ही नही पूछताछ में विकास ने पुलिस को बताया कि मृतक श्रवण यादव ने धनंजय यादव के पिता की हत्या की थी। वही विकास व धनंजय ने एक साथ मिलकर अपने पिता व भाई के हत्या के प्रतिशोध में अभियुक्त विकास यादव व धनंजय यादव ने बदला लेने की नीयत से श्रवण यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वही पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

एक बच्चे की मां ने प्रेमी संग रचाई शादी

- पति ने दिखाया बड़ा दिल पत्नी से कहा जा..जी ले अपनी जिंदगी

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिले के पूर्वी भाग स्थित घोघा थाना क्षेत्र इलाके से अजीबोगरीब मामला घटित होने की सूचना सामने आई हैं। जहां एक युवक के बेशुमार मोहब्बत के चक्कर में प्रेम विवाह के सूत्र में बंध गया है। मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि प्यार की जिसको बीमारी लगती है, दो बच्चे की मां भी उसे कुंवारी लगती है, जी हां ऐसा ही कुछ अजीबोगरीब वाक्या प्रत्यक्ष रूप में चरितार्थ होता दिखा है। घोघा थाना परिक्षेत्र के पक्कीसराय गांव इलाके में लव ट्राएंगल का जबरदस्त मामले को लेकर इलाके में चारो तरफ चर्चा का माहौल बना हुआ है। प्रेमी के बेसुमार मोहब्बत विवाह के परिणय सूत्र में बंधा, मिली जानकारी के मुताबिक घोंघा थाना क्षेत्र के पक्की सराय स्थित मायके में रह रही एक बच्ची की मां को अपने ही गांव के एक युवक से बेशुमार मोहब्बत हो गई, धीरे-धीरे दोनों के बीच सम्पर्क बढ़ने लगा और दोनों इस कदर प्रेम इस कदर हावी हुआ कि दोनों छिप छिपा कर मुलाकात करने लगे थे, इसी क्रम में दोनों का प्यार का शिलशिला परवान चढ़ता चला गया। और दोनों ने एक दूजे के साथ गांव समाज व रिश्तेदारों की प्रवाह न कर एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें भी खाई। नतीजा ये हुआ कि दोनों छिप छिपकर मिलने की बात आम लोगों के बीच चर्चित होने लगी तो इस मामले में एक दिलचस्प मोड़ तब सामने आया, जब एक बच्ची की मां नीतू ने परदेश में रह रहे अपने पति को फोन कर सारी हकीकत से वाकिफ करा दिया और अपने प्रेमी से ही शादी करने की बात कही। जिसके बाद महिला के पति ने भी बड़ा दिल दिखाते हुए फोन पर ही उसे सुखमय जीवन का आशीर्वाद दे दिया और कहा जा..जी ले अपनी जिंदगी इसके बाद महिला के प्रेमी श्यामलाल के खुशी का धैर्य बांध छलक गया और वह घूम-घूम कर गांव वालों को बाराती बनकर स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में पहुंचने का आग्रह किया। वहीं दूसरी तरफ एक बच्चे की मां के तन्हा दिल को महसूस करने वाले अपने पड़ोसी श्यामलाल के साथ रहने के लिए धड़कने लगी, तो फिर दोनों देर रात पक्की सराय के जनप्रतिनिधि मुखिया अंजो देवी के आवास पर अचानक मिलने पहुंच गई। जहां दोनों ने एक साथ मुखिया से शादी की गवाह बनने व आशीर्वाद देने का आग्रह किया। इसके बाद मुखिया ने दोनों के समक्ष उसके पति से फोन पर शादी की रजामंदी की जानकारी ली।

होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

बरियारपुर (मुंगेर)। होली त्योहारों को शान्ती पुर्ण ढंग से मनाने के लिये बरियारपुर थाना प्रांगण मे शान्ती समिति का बैठक आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड बिकास पदाधिकारी शशिभूषण कुमार ने उपस्थित अंचलाधिकारी रबिना गुप्ता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा बिजय कुमार पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार के साथ स्थानीय ग्रामीणों के साथ बातचीत किया। पंचायत के बुद्धिजीवी ने होली त्योहारों मे सघन गस्ती होने की बात बताया।डिजे पर पुर्ण रुपेन प्रतिबंध लगाने की बात बताया गया। इस त्योहारों मे सरारती तत्वो पर विशेष चौकसी रहने का हिदायत दिया गया । सर्व समिति ने बताया किचड़ व धुल की परम्परा समाप्त हो चुकी है। अतःयहाँ के युवाओं से संयम बरतने की अपील किया गया। आपने टोली मे ही धुल किचर के साथ होली मनाने का प्रयास करे। सम्मत जलाने के स्थानों को चिन्हित कर सादे लिवास मे पुलिस बल हर स्थानों पर चौकस रहेगी। दिनांक 24 मार्च को होलिका दहन सुनिश्चित किया गया हैं। वह रात्रि 10.30बजे से आरम्भ होनी सुनिश्चित किया गया है।

बीएन कॉलेज में बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ: प्राचार्य

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। बीएन कॉलेज में प्रांगण में बॉल बैडमिंटन टूनामेंट 2023-24 के तहत बॉल बैडमिंटन खेल का शुभारंभ किया गया। टूनामेंट आयोजन को लेकर बताया कि टूनामेंट में विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालय के कुल 11 प्रतिभागियों की टीम के बीच शानदार प्रदर्शन के साथ खेला जाएगा। इस टूनामेंट में प्रतिभागियों के रूप में कुल 11 टीम में चयनित कर खेल प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। जिसमें विश्वविद्यालय के बीएन कॉलेज भागलपुर, बीएलएस कॉलेज पीरपैंती, जेपी कॉलेज नवगछिया, जीव कॉलेज नवगछिया, एमएम कॉलेज भागलपुर, पुरुष सूची में शामिल है जबकि बीएन कॉलेज भागलपुर, एसएम कॉलेज भागलपुर, जेपी कॉलेज नवगछिया, जीबी कॉलेज नवगछिया, एमएम कॉलेज भागलपुर, बीएलएस कॉलेज पीरपैंती, महिला सूची में शामिल किया गया है, इन सभी कॉलेज के चयनित प्रतिभागियों के बीएन कॉलेज भागलपुर के प्रांगण में भव्य रूप में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ बीएन कॉलेज के प्रिंसिपल अशोक ठाकुर, प्रो. आशुतोष कुमार सिंह, पीटीआई के मो. कैसर व मि. अमर कुमार आहूजा ने संयुक्त रूप से रीबन काट व वृक्षारोपण के साथ उद्घाटन किया।इस मौके पर तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रो. विजेंदर कुमार के साथ साथ दर्जनों कर्मचारियों के अलावा प्रतिभागी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

जीएसटी वसूली से संबंधित शिविर का किया गया आयोजन

- राज्य कर आयुक्त योगेंद्र शर्मा एवं प्रदीप कुमार सिंह अपनी टीम के साथ शिविर में रहें मौजूद

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।प्रखंड मुख्यालय स्थित स्मृति भवन में चैंबर ऑफ कॉमर्स शाखा संग्रामपुर के सौजन्य से जीएसटी से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राज्य कर संयुक्त आयुक्त योगेंद्र शर्मा एवं राज्य कर उपायुक्त प्रदीप कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद थे। शिविर के दौरान मौजूद जीएसटी धारक व्यापारियों को जीएसटी से संबंधित कई जानकारी दी गई तथा जीएसटी जमा करने में आ रहे परेशानियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। शिविर में राज्य कर संयुक्त आयुक्त योगेंद्र शर्मा की जानकारी देते हुए बताया कि जीएसटी को समय पर जमा करने से आप कई तरह की परेशानियों से बच सकते हैं। इस दौरान व्यापारियों को जीएसटी जमा करने की ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार के द्वारा निर्धारित कमर्शियल टैक्स 2500 सभी व्यवसायियों को जमा करना है।इसी के मध्य नजर करीब 60 व्यापारियों ने चेक के माध्यम से पदाधिकारी के समक्ष यह शुल्क जमा भी की। इस मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स शाखा संग्रामपुर के अध्यक्ष मनोज शाह ने सभी व्यापारियों से आग्रह करते हुए कहा कि मार्च महीने में सभी व्यापारी अपना टैक्स समय पर जमा कर दें। इससे जहां व्यापारियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा वही देश के विकास में वह अपना अहम योगदान देंगे। शिविर में मनोज शाह अमरनाथ भगत पशुपति भगत राजेश केसरी अखिलेश गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

डीएम के आदेश पर अंचल अधिकारी ने अतिक्रमण को हटवाया

संग्रामपुर (मुंगेर)। जिलाधिकारी के आदेशानुसार सोमवार को प्रखंड के रामपुर गांव में अंचलाधिकारी निशीथ नंदन व थानाध्यक्ष रुबीकांत कच्छप के देखरेख में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। विदित हो कि मणियां गांव की वन्दना देवी ने लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी तारापुर के यहां लोक शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उसने गांव के ही शैलेन्द्र शर्मा पर सरकारी जमीन पर कब्जा करब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण करने कब्जा करने का आरोप लगाया गया था।जहां उन्हें न्याय नहीं मिल सका। दूसरी अपील जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के यहां की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाया तो गया। किन्तु लोग इसे खानापूर्ति कहते हैं। इस संदर्भ में पूछने पर अंचलाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। जिसमें उसकी झोपड़ी व वृक्ष को हटाया गया है। उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिला है।

वृद्धा आश्रम के वृद्ध जनों के बीच होली मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। इन दिनों जिले के कई क्षेत्र इलाके में कौशल विकास के क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतू स्वालंबन बनाने की दिशा में समाज के बीच चल रही दलित महिलाओं को मुख्य धारा से जोड़ने की कड़ी में कई महत्वकांक्षी योजना के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोड़ दे रही मा आनन्दी की संस्थापिका प्रिया सोनी ने एक मिसाल कायम की है। उन्होंने समाज के पिछड़े वर्गों में चल रहे लोगों के बीच समय समय पर राहत पहुंचाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम के आयोजन कर आम लोगों के बीच एक विश्वसनीय छबि के साथ उभरती हुई दिख रही हैं। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व में एक बार फिर शहर के सिकंदरपुर स्थित भी गार्डन मैरिज हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य यह रहा था कि समाज व घर परिवार के बीच से पिछड़े चल रहे लोगों को भी त्यौहार के रंग बिरंगी खुशियों के इस माहौल से नयी उमंगों के साथ उनके बीच खुशी साझा किया जा सकें। इसी कड़ी में जिला स्थित वृद्ध आश्रम में रहनेवाले वृद्ध जनों के बीच मा आनंदी संस्था के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ होली मनाने के साथ वृद्ध जनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर संस्था के संस्थापिका सह अध्यक्ष प्रिया सोनी ने कहा कि सभी लोग अपने घरों में तो हर त्यौहार को साथ मिलकर अपनों के बीच होली व अन्य त्यौहार मानते हैं, लेकिन हमारे संस्था ऐसे लोगों के साथ त्योहारों के उस खुशनुमा आनन्दित पल को समाज के पिछड़ेपन का दंस झेल रहे बड़े बुजुर्गों के बीच होली हो या फिर कोई अन्य त्यौहार जोश उमांग के साथ मनाते हैं। आज जिन लोगों ने समाज व अपने घर परिवार के बीच लाचार वृद्ध जनों को वृद्धावस्था के इस दौर में अकेला छोड़ दिया है। आज हमारी संस्था के हर एक सदस्यों द्वारा अलग तरह से इस वृद आश्रम के प्रांगण में रहने को मजबूर माता पिता के साथ खुशी साझा करने को आगे बढ़ कर हमेशा सहयोग करने पर बल दिया है।

पूर्व सहकारिता मंत्री के द्वितीय पुण्यतिथि पर मुंगेर विधायक ने की श्रद्धांजलि अर्पित

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर से लगातार तीन बार विधायक रह चुके बिहार सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री और गरीबों के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष करने वाले समाजवादी राजनेता स्वर्गीय रामदेव सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि उनके स्थानीय खोजा बाजार, मुंगेर में स्थित आवासीय परिसर में समारोह आयोजित कर मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता कामरेड सुखदेव यादव ने की । मंच संचालन जदयू प्रदेश राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनोरंजन मजुमदार ने किया। पुण्यतिथि समारोह के आयोजक देवाशीष देव थे। जो स्वर्गीय रामदेव सिंह यादव के बड़े पुत्र हैं। इस समारोह में मुंगेर विधायक प्रणव कुमार, जदयू के प्रदेश सचिव संतोष कुमार सहनी,राजद के प्रदेश सचिव पंकज यादव,वरीय अधिवक्ता सुरेश तांती मुंगेर विधिज्ञ संघ के उपाध्यक्ष निशिकांत यादव, मथुरा शर्मा, जदयू प्रदेश सलाहकार एवं लमार्ट उच्च विद्यालय के प्रबंध निदेशक डेविड बेन्जामिन, जे0आर0एस0कालेज के प्राचार्य देवराज सुमन, समाजसेवी श्री सार्जन यादव उर्फ हरि ओम जी,सुनिल कुमार, मुकेश कुमार,विसुनदेव यादव, आर0डी0एस0वाई0सायंस कालेज मुंगेर की प्राचार्या श्रीमती विनीता देवी सहित अनेकों प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत किया।

समारोह में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय रामदेव सिंह यादव के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक प्रणव कुमार ने स्वर्गीय रामदेव बाबू को जनता के लिए पूर्ण समर्पित राजनेता बताया। जदयू के प्रदेश सचिव श्री संतोष सहनी ने कहा कि स्वर्गीय रामदेव सिंह यादव सिर्फ मुंगेर ही नहीं सम्पूर्ण बिहार के समाजवादी विचारधारा के बड़े शख्सियत थे जिन्होंने भारतरत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी के सानिध्य में रह कर जीवनपर्यंत गरीबों, मजलूमों की सेवा किया और अन्याय, जुल्म के विरोध में अपने आवाज को हमेशा बुलंदी एवं मजबूती के साथ उठाया करते थे। समारोह को अनेकों लोगों ने संबोधित करते हुए स्वर्गीय रामदेव सिंह यादव के साहसिक कार्यों को याद करते हुए जात पात और धर्म से ऊपर उठकर मुंगेर वासीयों की सेवा करने वाले महान राजनेता को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया और उनके पदचिन्हों पर चलकर उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को किया बरामद

मॉंझी। मॉंझी थाना पुलिस ने सरयु नदी के किनारे फुलवरिया गाँव के समीप स्थित राम जानकी मंदिर के बगल में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ हीं पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया है। वहीं तस्करों के उपयोग में लाई गई उनकी बाइक को भी जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने बताया कि मॉंझी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फुलवरिया स्थित राम जानकी मंदिर के पास बाइक सवार शराब तस्कर मौजूद हैं। और वे शराब की सप्लाई के लिए निकलने वाले हैं। सूचना पाकर पुलिस द्वारा वहाँ छापेमारी की गई। अचानक पहुंची पुलिस को देखकर तस्करों ने भागने का भी प्रयास किया हालाँकि पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से लगभग लगभग एक सौ 30 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। वहीं उनकी बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार किये गए तस्कर क्रमशः मॉंझी थाना क्षेत्र के इमलिगढ़ निवासी प्रताप यादव का पुत्र रोहित कुमार यादव तथा दाउदपुर थाना क्षेत्र के गोबरही गाँव निवासी श्री निवास यादव के पुत्र सोनू कुमार यादव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष के अलावें पुअनि. प्रवीण कुमार व पुलिस बल के जवान आदि शामिल थे। थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने बताया कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में शराब बनाने, तस्करी व धंधा करने तथा सेवन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मशरक में अलग-अलग गांवों में सड़क दुर्घटना में 4 घायल

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में बाइक सवार नाबालिग छात्र की ऑटो से टक्कर हो गई जिसमें गंभीर रूप से घायल छात्र को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव निवासी सिकंदर राम का 15 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार है। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि छात्र मंटू कुमार पानापुर थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरलीमठ में वर्ग -8 में परीक्षा देने गया था वहीं पर स्कूल के प्रधानाध्यापक ने उसे अपनी बाइक देकर कुछ कागजात लाने को भेज दिया। छात्र बाइक पर सवार होकर लखनपुर की तरफ आया और अनियंत्रित हो ऑटो से टक्कर हो गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं यदु मोड़ पर बाइक दुर्घटना में मशरक थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी कमल सिंह का 47 वर्षीय पुत्र विनोद सिंह, डोरीगंज थाना क्षेत्र के डोरीगंज गांव निवासी स्वर्गीय अशोक कुमार की 45 वर्षीय पत्नी रीता कुंअर और 24 वर्षीय पुत्र अमित सिंह हो गये। घटना के क्रम में घायलों ने बताया कि विनोद कुमार सिंह अपने बहन एवं अपने भांजे को डोरीगंज जाने के लिए मशरक बस पकड़वाने जा रहे थे उसी क्रम में मशरक यदु मोड़ पर बाइक दुर्घटना हो गई। घायलों को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

तेंदुआ के पांव मिलने पर वन विभाग ने ग्रामीणों को किया सतर्क

कैमूर - ग्राम मिडिया में दुर्गावती नदी और NH2 के समीप तेंदुआ का पग मार्क मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी मोहनिया, मनोज कुमार के नेतृत्व में दल द्वारा ड्रोन कैमरा के मदद से लगातार नजर रखी जा रही है। तेंदुए के संभावित जगह पर कैमरा ट्रैप एवं केज के सहारे तेंदुआ को सुरक्षित पकड़ने की कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि छोटे बच्चों को अकेले बाहर नहीं जाने दे। भीड़ न लगाए एवं टीम को शांतिपूर्वक कार्य करने में सहयोग करें।

इसुआपुर में पोषण पखवाड़ा मेला आयोजित

इसुआपुर। प्रखंड मुख्यालय परिसर में समेकित बाल विकास परियोजना के अंतर्गत सोमवार को पोषण पखवाड़ा मेला का आयोजन किया गया। मेले में मोटे अनाज मक्का, जौ, मरुआ, टंगुनी, सावां से निर्मित व्यंजनों का प्रदर्शनी लगाया गया था। वहीं गोद भराई, अन्नप्राशन की गतिविधि कराई गई। साथ ही पोषण परी जो पोषण से संबंधित जानकारी देने के लिए लगाई गई थी। उन्हें भी प्रदर्शनी में जोड़ा गया था। वहीं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। जिसके लिए प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ इसुआपुर ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं सेविकाएं अपने हाथों में हुआ हो तुम देश की शान, जागो उठो करो मतदान। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है इत्यादि स्लोगन लिखे तख्ती ली हुई थी।

लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी की बैठक आयोजित

बैठक में चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने को लेकर चुनाव आयोग के दिशा निर्देश का पालन करने की बात कही गई

मधेपुरा संवाददाता

कुमारखंड प्रखंड परिसर स्थित बहुउद्देशीय सभागार में सोमवार को सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी की बैठक लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह एआरओ प्रियदर्शी राजेश पायरट ने की। बैठक के दौरान बीडीओ सह एआरओ ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट क्षेत्र में जितने दागी और चुनाव में खलल पैदा करने वाले व्यक्ति है उन्हें चिन्हित कर उनके ऊपर धारा 107 की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के तहत 72 घंटे के अंदर सभी सरकारी भवन और निजी भवन दीवाल, खंभे आदि पर से होर्डिंग बैनर पोस्टर को हटाने की कार्रवाई की जानी है। इसके बाद 72 घंटा बीत जाने पर अगर कहीं भी बैनर पोस्टर होर्डिंग पाए जाते हैं तो उच्चाधिकारी से निर्देश प्राप्त कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने को लेकर चुनाव आयोग के दिशा निर्देश का पालन करने की बात कही गई। मौके पर बीईओ कुमार गुणानंद सिंह, एमओ रूपेश कुमार, बीपीआरओ रोहन कुमार रत्न, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अमित कुमार साहा, थानाध्यक्ष श्रीनगर राघवेंद्र नारायण, थानाध्यक्ष बेलारी राजू कुमार, थानाध्यक्ष भतनी सत्यप्रकाश, एसआई नागेंद्र कुमार, एएसआई अंबिका शर्मा, एएसआई परशुराम कुमार, पीटीए किशोर झा, आशीष कुमार सिंह, जेई शकील अहमद, शशिकांत प्रसाद, नीरज कुमार ,पवन कुमार, कोऑर्डिनेटर विकास कुमार विक्रांत व सुमन सौरभ सहित सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

डॉ. के.पी. यादव को राज्यपाल के हाथों उत्कृष्ट शैक्षणिक उन्नयन सम्मान हुआ प्राप्त

प्रात : किरण संवाददाता

ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के पूर्व प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. के. पी. यादव को पटना में बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के हाथों उत्कृष्ट शैक्षणिक उन्नयन सम्मान प्राप्त हुआ है। इससे संपूर्ण कोसी-सीमांचल एवं मिथिलांचल में हर्ष व्याप्त है। यह जानकारी महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि डॉ. यादव ने 1983 में बी. एन. एम. वी. कॉलेज, मधेपुरा के मैथिली विभाग में व्याख्याता के रूप में योगदान दिया था। फिर वे विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव (स्थापना) एवं विकास पदाधिकारी सहित कई पदों पर रहे। वे वर्ष 2009 में वे कमीशंड प्रिंसिपल बने। तदुपरांत उन्होंने क्रमशः पार्वती विज्ञान महाविद्यालय, मधेपुरा, एम. एल. टी. कॉलेज, सहरसा और ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में प्रधानाचार्य के रूप में अविस्मरणीय कार्य किया। उन्होंने बताया कि डॉ. यादव भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत संचालित साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के मैथिली परामर्शदात्री समिति के सदस्य तथा अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन के विजिटिंग प्रोफेसर भी रहे हैं। इनकी पुस्तक भारत दुर्दशा एवं मिथिला नाटक तुलनात्मक भारत दुर्दशा एवं मिथिला नाटक : तुलनात्मक काफी चर्चित है। इनके निर्देशन में एक दर्जन से अधिक शोधार्थियों ने पीएच. डी. उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि डॉ. यादव अनवरत साहित्य साधना में मन वचन एवं कम से संलग्न हैं। विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए भी उन्होंने कभी भी सरस्वती की आराधना नहीं छोड़ी। खासकर ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के रूप में उन्होंने शैक्षणिक उन्नयन में काफी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

क्रिकेट टूनार्मेंट में पूर्णिया ने अररिया को 30 से हराया

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा। शहर के बीएल हाई स्कूल मैदान पर रविवार की शाम न्यू टॉउन स्पोर्ट कल्ब के तत्वाधान में सात दिवसीय जिला स्तरीय टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच पूर्णिया बनाम अररिया टीम के बीच खेला गया। जिसमें पूर्णिया टीम ने 30 से अररिया को पराजित कर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टॉस जीतकर पूर्णिया टीम के खिलाड़ियों निर्धारित ओवर में 162 रन बनाकर आल आउट हो गए। जबाव में अररिया टीम के खिलाड़ियों ने 19 वें ओवर में 132 रन पर आल आउट हो गए। इस तरह अररिया टीम टुनामेंट से बाहर हो गए। पहला लीग मैच में पूर्णिया टीम के बिट्टू यादव द्वारा 49 गेंद में 73 रन बनाने पर मेन ऑफ द मैच घोषित हुआ। टूनामेंट में अम्पायर नीरज कुमार बंटी और राहुल कुमार थे। कमेंट्री अजीत कुमार, सुरज कुमार और स्कोरिंग लोकनाथ ने किया। इससे पहले टूनामेंट का उद्घाटन नपं मुख्य पार्षद सर्जना सिद्धि ने किया। इस दौरान मुख्य पार्षद ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का हौसला वर्धन किया। मौके पर नवीन साह, गुंजन कुमार, बच्चन कुमार, भाष्कर यादव, निखिल सिंह, रोहित यादव, राहुल यादव, अमित यादव सहित न्यू टॉउन स्पोर्ट कल्ब के सदस्य मौजूद रहे।

चमकी बुखार से बचाव को ले किया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्त्ररोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर गैलेक्सी के द्वारा चमकी बुखार के लक्षण एवं बचाव से संबंधित जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों एवं सुदूर इलाकों से आई155 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट कौशलेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।

होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

इस प्रकार अब कुल 64 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। होली के अवसर पर पूर्व में घोषित ट्रेनों के अलावा और 13 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी । विदित हो कि इसके पूर्व 51 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों की सूचना दी जा चुकी है । इस प्रकार अब कुल 64 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी । पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने/समाप्त होने वाली ट्रेनें- 1. गाड़ी सं. 05293/05294 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल (हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-जबलपुर-नागपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 05293 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल मुजफ्फरपुर से 19 मार्च से 02 अप्रैल, 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को 13.00 बजे प्रस्थान कर बुधवार को 22.00 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05294 सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल सिकंदराबाद से 21 मार्च से 04 अप्रैल, 2024 तक प्रत्येक गुरूवार को 10.00 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को 21.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । 2.गाड़ी सं. 05565/05566 सहरसा-सरहिंद-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल (समस्तीपुर-दरभंगा-सीतामढ़ी-नरकटियागंज-गोरखपुर-मुरादाबाद के रास्ते) - गाड़ी सं. 05565 सहरसा-सरहिंद एक्सप्रेस स्पेशल सहरसा से 21 एवं 28 मार्च (गुरूवार) को 19.30 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 00.05 बजे सरहिंद पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05566 सरहिंद-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल सरहिंद से 23 एवं 30 मार्च (शनिवार) को 02.00 बजे प्रस्थान कर रविवार को 09.45 बजे सहरसा पहुंचेगी । 3. गाड़ी सं. 08517/08518 विशाखपट्टणम-पटना-विशाखपट्टणम एक्सप्रेस स्पेशल (मोकामा-झाझा-आसनसोल-आद्रा-भुवनेश्वर के रास्ते) - गाड़ी सं. 08517 विशाखपट्टणम-पटना एक्सप्रेस स्पेशल विशाखपट्टणम से 20 एवं 27 मार्च, 2024 (बुधवार) को 09.25 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 09.35 बजे पटना पहुंचेगी । गाड़ी सं. 08518 पटना-विशाखपट्टणम एक्सप्रेस स्पेशल पटना से 21 एवं 28 मार्च (गुरूवार) को 13.00 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को 14.30 बजे विशाखपट्टणम पहुंचेगी। 4. गाड़ी सं. 08477/08478 पुरी-पटना-पुरी एक्सप्रेस स्पेशल (मोकामा-झाझा- आसनसोल-आद्रा-भुवनेश्वर के रास्ते) - गाड़ी सं. 08477 पुरी-पटना एक्सप्रेस स्पेशल पुरी से 25 मार्च, 2024 (सोमवार) को 16.45 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को 10.00 बजे पटना पहुंचेगी । गाड़ी सं. 08478 पटना-पुरी एक्सप्रेस स्पेशल पटना से 19 एवं 26 मार्च (मंगलवार) को 13.15 बजे प्रस्थान कर बुधवार को 08.30 बजे पुरी पहुंचेगी । 5. गाड़ी सं. 05974/05973 न्यू तिनसुकिया-जयनगर-न्यु तिनसुकिया होली स्पेशल (मधुबनी-दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते) - गाड़ी सं. 05974 न्यू तिनसुकिया-जयनगर होली स्पेशल न्यू तिनसुकिया से 19 एवं 26 मार्च, 2024 (मंगलवार) को 05.00 बजे प्रस्थान कर बुधवार को 09.30 बजे जयनगर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05973 जयनगर-न्यु तिनसुकिया होली स्पेशल जयनगर से 20 एवं 27 मार्च (बुधवार) को 12.10 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 21.00 बजे न्यू तिनसुकिया पहुंचेगी । 6. गाड़ी सं. 03185/03186 कोलकाता-जयनगर-कोलकाता होली स्पेशल (दरभंगा- समस्तीपुर-बरौनी-किउल-झाझा के रास्ते) - गाड़ी सं. 03185 कोलकाता- जयनगर होली स्पेशल कोलकाता से 22 मार्च, 2024 (शुक्रवार) को 23.55 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 14.15 बजे जयनगर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03186 जयनगर-कोलकाता होली स्पेशल जयनगर से 23 मार्च (शनिवार) को 15.25 बजे प्रस्थान कर रविवार को 05.15 बजे कोलकाता पहुंचेगी । 7. गाड़ी सं. 03133/03134 सियालदह-गया-सियालदह होली स्पेशल (भागलपुर-जमालपुर -किउल-नवादा के रास्ते) - गाड़ी सं. 03133 सियालदह-गया होली स्पेशल सियालदह से 24 मार्च, 2024 (रविवार) को 21.15 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 14.00 बजे गया पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03134 गया-सियालदह होली स्पेशल गया से 25 मार्च (सोमवार) को 17.15 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को 10.55 बजे सियालदह पहुंचेगी । 8. गाड़ी सं. 09343/09344 डा.अम्बेडकरनगर-पटना-डा.अम्बेडकरनगर (इंदौर) होली स्पेशल (प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-आरा के रास्ते) - गाड़ी सं. 09343 डा.अम्बेडकरनगर-पटना होली स्पेशल डा.अम्बेडकरनगर से 22 एवं 29 मार्च तथा 05, 12 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को 04.05 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 03.30 बजे पटना पहुंचेगी । गाड़ी सं. 09344 पटना-डा.अम्बेडकरनगर होली स्पेशल पटना से 23 एवं 30 मार्च तथा 06, 13 अप्रैल, 2024(शनिवार) को 06.00 बजे प्रस्थान कर रविवार को 07.00 बजे डा.अम्बेडकरनगर पहुंचेगी । पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली ट्रेनें - 9.गाड़ी संख्या 05978/05777/05778/05977 डिब्रूगढ़-गोरखपुर-न्यू जलपाईगुड़ी -गोरखपुर-डिब्रूगढ़ होली स्पेशल (हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते)- गाड़ी संख्या 05978 डिब्रूगढ़-गोरखपुर होली स्पेशल डिब्रूगढ़ से दिनांक 21 एवं 28 मार्च, 2024 (गुरूवार) को 19.25 बजे खुलकर शनिवार को 06.25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी ।

बिजली बिल सुधार व बकाया वसूली को लेकर विशेष शिविर आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज, मधेपुरा। उदाकिशुन-गंज अनुमंडल अंतर्गत पंचायत वार शिविर लगाने को लेकर तिथि निर्धारित विधुत आपूर्ति में सुधार और बकाया बिल वसूली को लेकर विशेष शिविर लगाया जाएगा.शिविर मंगलवार से लगाया जाएगा.इसके लिए पंचायत स्तर पर तिथि का निर्धारण किया गया है.विधुत विभाग के सहायक अभियंता विजय कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023- 24 में निर्धारित लक्ष्य के साथ शतप्रतिशत वसूली प्राप्ति हेतु विभाग द्वारा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न पंचायतो में विशेष शिविर का आयोजन किया जाना है.पंचायतवार विशेष शिविर में उपभोक्ता के विद्युत विपत्र सुधार,बकाया राशि का भुगतान,जले हुए मीटर के बदलने तथा नाम एवं पता सुधार आदि से संबंधित शिकायत का निवारण किया जाएगा.उपभोक्ताओं से अपील किया गया है कि वह अपने-अपने बकाया विद्युत विपत्ति की राशि का भुगतान करें.साथ ही अपने शिकायत का निवारण कराकर लाभ उठावें.उन्होंने बताया कि 19 मार्च 2024 को बिहारीगंज प्रशाखा अंतर्गत ब्लाक कैंपस में 20 मार्च 2024 को उदाकिशुनगंज प्रखंड अंतर्गत उदा पूर्वी प्रशाखा अंतर्गत मध्य विद्यालय मधुबन में, 22 मार्च 2024 को आलमनगर प्रशाखा अंतर्गत इटहरी पंचायत के झंडापुर मिडल स्कूल में, 23 मार्च 2024 उदाकिशुनगंज प्रखंड अंतर्गत उदा पश्चिमी प्रशाखा के बराही आनंदपुरा पंचायत के पंचायत भवन आनंदपुरा में, 24 मार्च 2024 को आलमनगर प्रशाखा के बड़गाव पंचायत के लिए खुरहान मिडल स्कूल में, इसी दिन चौसा प्रशाखा अन्तर्गत लौआ लगान पंचायत के पंचायत भवन में विशेष शिविर लगाया जाएगा.

मतदाता जागरूकता रैली

● निर्वाचन आयोग का वोटिंग सिंबल बना कर किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। सदर प्रखंड मुख्यालय से सोमवार को प्रखंड निवार्ची सह प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री निवास के नेत्वृत में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें सभी प्रखंड कर्मी एवम विभिन्न पंचायतों से आए सेविका ने भाग लियो सर्वप्रथम आए हुए सभी लोगों को मतदान को लेकर शपथ दिलाया गयो तत्पश्चात मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की गईं वहीं मतदाता को जागरूक करने के लिए प्रखंड मुख्यालय परिसर में मानव श्रृंखला बनाया गया और इसके साथ ही निर्वाचन आयोग का वोटिंग सिंबल बनाया गया जो मतदताओं को आकर्षित कर रहा थो इन सारे गतिविधियों के माध्यम से तमाम लोगों से मतदान करने की अपील की गई साथ ही साथ 19 अप्रैल को जमुई (सु०) लोकसभा का होने वाले प्रथम चरण के चुनाव में भाग लेने की अपील की गई इस अवसर पर प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी श्री निवास, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आभा कुमारी, एवम सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, प्रखंड के तमाम अधिकारी एवम सभी कर्मी उपस्थित थे।

सनातन संस्था की सभी गतिविधियां समाज के आध्यात्मिक कल्याण के लिए हैं! : श्री चेतन राजहंस

प्रात : किरण संवाददाता

वाराणसी। सनातन संस्था एक आध्यात्मिक संगठन है और इसकी सभी गतिविधियों का उद्देश्य समाज का आध्यात्मिक कल्याण करना है। सनातन संस्था के 25 वर्ष का अर्थ है समाज की 25 वर्ष की आध्यात्मिक सेवा । समाज को सुखी जीवन का मार्ग दिखानेवाली सनातन संस्था के रजत जयंती वर्ष के रूप में सनातन संस्था ने समाज को आनंदमय बनाने का निर्णय लिया है । उत्तर प्रदेश राज्य में संस्था ह्यआनंदमय जीवन हेतु अध्यात्मह्ण, ह्यतनावमुक्ति हेतु अध्यात्मह्ण, ह्यव्यसनमुक्ति हेतु अध्यात्मह्ण, ह्यव्यक्तित्व विकास हेतु अध्यात्मह्ण आदि विषयों पर व्याख्यान, कार्यशालाएं, अध्यात्म संबंधी अभ्यासवर्ग, साधना सत्संग, बच्चों के संस्कार वर्ग आदि के माध्यम से समाज-उन्मुख कार्य करेगी, ऐसा प्रतिपादन सनातन संस्था के प्रवक्ता श्री. चेतन राजहंस ने किया। सनातन संस्था की रजत जयंती के अवसर पर यहां जैतपुरा क्षेत्र में पत्रकारों के लिए मुक्त संवाद आयोजित किया गया था । इस समय सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. चेतन राजहंस ने पत्रकारों से बातचीत की। इस समय श्री. चेतन राजहंस ने सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवलेजी का परिचय और सनातन संस्था की स्थापना का उद्देश्य विस्तार से बताया । इसके बाद पत्रकारों ने संगठन की गतिविधियों, उद्देश्यों, विचारों आदि से संबंधित प्रश्न पूछकर शंका-समाधान करवा लिया। कार्यक्रम का संचालन सनातन संस्था की साधक श्रीमती सानिका सिंह ने किया ।

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा ने महिला रेलकर्मियों को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा आज पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में आयोजित कार्यक्रम में महिला रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा द्वारा 25 महिला रेल कर्मचारियों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया । इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती मीनाक्षी कुमार एवं संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं ।

मशरक के खजुरी में शराब पीकर गाली ग्लौज करने पर मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक थाना क्षेत्र के खजुरी गांव में पड़ोसी के द्वारा शराब पीकर गाली गलौज करने का विरोध करने पर मारपीट की घटना में 3 शख्स घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उनकी पहचान खजुरी गांव निवासी यदु महंतों, रितु देवी और मनोज महतो के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि पड़ोसी के द्वारा शराब पीकर गाली गलौज की जा रही थी उसी का विरोध करने पर मारपीट की जानें लगीं जिसमें सभी घायल हो गए।

भारत में कैंसर देखभाल के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए साझेदारी

● एक्सिस बैंक ने एनसीजी में 100 करोड़ रुपये का योगदान का किया वादा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक ने नेशनल कैंसर ग्रिड (एनसीजी) में 100 करोड़ रुपये का योगदान देने का वादा किया है। यह ग्रिड भारत में 300 से अधिक कैंसर केंद्रों का एक बड़ा नेटवर्क है, जो देश में कैंसर देखभाल के मानक में सुधार के लिए काम कर रहा है। नेटवर्क का समन्वय टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (टीएमएच) करता है। 5 साल की यह साझेदारी कैंसर देखभाल की पहुंच बढ़ाने, कैंसर अनुसंधान को आगे बढ़ाने और एनसीजी से संबद्ध कैंसर केंद्रों में डिजिटल स्वास्थ्य अपनाने में क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में काम करेगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये पहल देश भर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के उपयोग सहित डिजिटल स्वास्थ्य अपनाने की प्रक्रिया बढ़ाने के केंद्र सरकार के प्रयासों के अनुरूप है। इस सहयोग के एमओयू पर हस्ताक्षर से जुड़े समारोह में एक्सिस बैंक के उप प्रबंध निदेशक राजीव आनंद और अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. सुदीप गुप्ता, निदेशक, टीएमसी, डॉ. सीएस प्रमेश, निदेशक, टीएमएच और संयोजक, एनसीजी, डॉ. मंजू सेंगर, प्रोफेसर एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी प्रमुख, टीएमएच, डॉ. निकेश आर. शाह, सीईओ, नेशनल कैंसर ग्रिड-कोइता सेंटर फॉर डिजिटल ऑन्कोलॉजी (एनसीजी-केसीडीओ), रिजवान कोइता, निदेशक, कोइता फाउंडेशन, सुश्री सुनीता राव, महाप्रबंधक, धन संचय, टीएमएच और सुश्री सुरभि गोयल, सीओओ, कोइता फाउंडेशन मौजूद रहे।

होली मार्च क्लोजिंग, चुनाव के मद्देनजर पंच सरपंच का मानदेय भत्ता जल्द भुगतान की जाय : किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता

अलौली। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने होली एवं चुनाव के मद्देनजर पंच सरपंचों का लंबित मानदेय वेतन जल्द भुगतान करने की मांग किया है। श्री यादव ने कहा कि पंच सरपंच का नियत एवं विशेष भत्ता, भवन किराया राशि, कंटीन्जेंसी राशि, एक अरब 12 करोड़ 32 लाख रुपए विगत 8 फरवरी 2024 को ही आवंटन निर्गत हो चुकी है, जिसमें पूर्व बकाया राशि भी सन्निहित है। त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ के सहसंयोजक किरण देव यादव ने कहा कि जिलाधिकारी, डीपीआरओ, बीडीओ, बीपीआरओ को कई बार ध्यानाकर्षण के बावजूद पदाधिकारी की लापरवाही के कारण जनप्रतिनिधियों के खाते पर ट्रांसफर भुगतान नहीं की गई है। सामने होली, मार्च क्लोजिंग एवं लोक सभा चुनाव है। जिससे तीन महीना व्यवधान होने से अनावश्यक विलंब हो जाएगी, लंबित रह जायेगी, जिससे जनप्रतिनिधियों को काफी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा तथा रंगीन होली रंगहीन बेरंग हो जाएगा। लंबित वेतन भत्ता भुगतान हेतु समीक्षात्मक बैठक यशवंत होटल सभागार में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक में राजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, रंजू कुमारी, अनुराधा देवी, आदि जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

संक्षिप्त समाचार

हैदराबाद में चड्डी गैंग ने स्कूल से 7.85 लाख रुपये लूटे

हैदराबाद, एजेंसी। कुख्यात चड्डी गैंग ने हैदराबाद में हमला कर हफीजपेट के एक निजी स्कूल से 7.85 लाख रुपये नकद लूट लिए।साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट के मियापुर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत वर्ल्ड वन स्कूल में रविवार रात को लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में अंडरवियर और दस्ताने पहने दो नकाबपोश अपराधियों को स्कूल में घुसते और कीमती सामान खोजते हुए देखा गया है।स्कूल प्रबंधन द्वारा रविवार को शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की।चड्डी गैंग के सदस्य अलग-अलग इलाकों, खासकर बाहरी इलाकों में फिर से वारदात करने लगे हैं। पिछले साल अगस्त में गिरोह को माधापुर में देखा गया था। यह गिरोह पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में तिरुपति के बाहरी इलाके में भी सक्रिय पाया गया।पुलिस का मानना है कि चड्डी गैंग के सदस्य दूसरे राज्यों के रहने वाले हैं। वे अक्सर कस्बों और शहरों के बाहरी इलाकों में बंद घरों और व्यावसायिक इमारतों को निशाना बनाते हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षा बलों की बेहतर तैनाती की जाएगी- जम्मू-कश्मीर के डीजीपी

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने रविवार को कहा कि यूटी प्रशासन लोकसभा चुनाव के लिए जरूरी सुरक्षा कर्मियों की संख्या को लेकर केंद्र सरकार के संपर्क में है। लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षाबलों की बेहतर तैनाती की जाएगी।

डीजीपी ने डोडा जिले में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीदवारों और मतदाताओं को एक सुरक्षित माहौल और समान अवसर देना है। हम सुरक्षाबलों की जरूरत पर केंद्र सरकार के संपर्क में हैं। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सुरक्षित वातावरण देने लिए सुरक्षाबलों के समुचित उपयोग का आश्वासन दिया है।

डीजीपी से पत्रकारों ने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद कब खत्म होगा, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हम कोई सटीक समय-सीमा या निश्चित तारीख नहीं बता सकते कि यह कब खत्म होगा। हम व्यापक नीति और रोडमैप का पालन कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एसपीओ, पुलिस परिवार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव ध्यान रखा जाएगा।

कांग्रेस ने हिमाचल में मंत्रियों को बनाया चुनाव प्रभारी

शिमला, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने लोकसभा चुनावों के लिए प्रदेश के संसदीय क्षेत्र मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर और शिमला के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्तियां कर दी है। इसके साथ पब्लिसिटी, पब्लिकेशन एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए भी पार्टी नेताओं को तैनात किया गया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पांच कैबिनेट मंत्रियों को इन सीटों का जिम्मा सौंपा गया है। लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मंडी सीट के चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी मां प्रतिभा सिंह मंडी सीट से निवर्तमान सांसद हैं।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव संगठन रजनीश किमटा ने रविवार को बताया कि विक्रमादित्य सिंह को मंडी, चंद्र कुमार को कांगड़ा, मुकेश अग्निहोत्री को हमीरपुर और रोहित ठाकुर को शिमला संसदीय क्षेत्र का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा हर्ष बर्धन चौहान को पब्लिसिटी व पब्लिकेशन जबकि जगत सिंह नेगी को प्रशानिक एवं समन्वय का दायित्व सौंपा गया है। सुक्खू सरकार में चंद्र कुमार कृषि मंत्री, रोहित ठाकुर शिक्षा मंत्री, हर्षवर्धन चौहान उद्योग मंत्री और जगत सिंह नेगी बागवानी मंत्री का जिम्मा संभाल रहे हैं।

कांग्रेस ने चारों सीटों पर अभी अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। माना जा रहा है कि एक-दो दिन में हाईकमान चारों उम्मीदवारों का एलान कर देगा। बीते दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चारों सीटों पर पार्टी नेताओं से आवेदन मांगे थे। पूरे प्रदेश से लगभग 40 नेताओं ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जिताऊ उम्मीदवारों पर मंथन कर रहा है।

आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी प्रचार की संयुक्त रणनीति बनाएगी

नईदिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 में आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी प्रचार की संयुक्त रणनीति बनाएगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, इसे लेकर दोनों पार्टियों के बीच सहमति बनाई जा रही है। इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं की संयुक्त रैली दिल्ली में आयोजित करने की भी संभावना तलाशी जा रही है।

राजधानी में भाजपा सभी सातों सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। आम आदमी पार्टी ने भी गठबंधन के तहत मिली चार सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिए हैं, प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं होने के चलते कांग्रेस पार्टी का अभियान अभी गति नहीं पकड़ सका है।

दिल्ली में भाजपा का विजय रथ रोकने को विपक्ष ने इस बार बदला ये गेम प्लानः दिल्ली कांग्रेस की ओर से तीनों सीटों पर एक-एक उम्मीदवार का नाम तय करके पार्टी नेतृत्व को भेजा जा चुका है। माना जा रहा है कि सोमवार को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में दिल्ली के तीन उम्मीदवारों के नामों की भी घोषणा हो जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस का अभियान भी जोर पकड़ लेगा।

हम जीत के लिए पूरा जोर लगाएंगे - चोपड़ाः दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने बताया कि यह चुनाव इंडिया गठबंधन संयुक्त रूप से लड़ रहा है। इसलिए चुनाव प्रचार में भी इसकी झलक देखने को मिलेगी, जहां भी पार्टियों के अपने प्रत्याशी हैं, वहां पर तो वे पूरा जोर लगाकर लड़ेंगी ही, लेकिन जहां गठबंधन की पार्टी का प्रत्याशी होगा, वहां भी पूरा जोर लगाया जाएगा। दोनों पार्टियों के बड़े नेता साझी चुनाव रणनीति के लिए संपर्क में हैं और जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी। वहीं, इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं की रैली या आम सभा दिल्ली में आयोजित करने की संभावना भी तलाशी जा रही है।

दिल्ली में 25 मई को एक चरण में होंगे चुनावः दिल्ली की सात लोकसभा सीट के लिए 25 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी की जाएगी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर समझौता हो गया है।

'आप' ने पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। कांग्रेस ने अभी तक राजधानी की तीन सीट चांदनी चौक, उत्तर-पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिम दिल्ली से अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन की मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा पहले ही सातों सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

झाड़ू लगा रही महिला पर गिरीं अनाज की बोरियां, मसीहा बन गए मजदूर

मुंबई , एजेंसी। नवी मुंबई के वाशी इलाके में कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) बाजार में खौफनाक घटना घटी। सफाई के दौरान एक महिला अनाज की बोरियों के नीचे फंस गई। सौभाग्य से वहां मौजूद मजदूरों तुरंत उसे बचाने आए। यह घटना गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह डरावना वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो पर गौर करें तो महिला झाड़ू लगाते हुए उस स्थान पर पहुंच गई जहां अनाज की बीसियों बोरियां रखी हुई थीं। वीडियो में नजर आ रहा है कि महिला झाड़ू लगाते हुए उन बोरियों के पास पहुंची जहां एक पर एक लदी बोरियां थोड़ी टेढ़ी दिखाई दे रही हैं। संभवतः झाड़ू के स्पर्श से निचली बोरियों में हलचल हुई जिसके कारण बैलेंस बिगड़ गया। चिकनी प्लास्टिक से बनी बोरियों के बैलेंस बिगड़ने की वजह से वे भरभरा कर गिर गईं। इसके बाद देखते ही देखते अनाज की 30-40 बोरियां महिला के ऊपर गईं। बोरियों के गिरने के बाद महिला चिल्लाने लगी। महिला की चीख सुन वहां मौजूद मजदूरों ने आनन-फानन में उसकी की जान बचाने की कोशिश की। काफी जल्दी से मजदूरों महिला पर से बोरियां हटाईं। एक एक कर मजदूरों ने महिला के ऊपर से सारी बोरियां हटा दी। जिसके बाद महिला की जान बच गई। खबरें हैं कि महिला को मामूली चोटें आईं और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

एल्विश पर कसा शिकंजा, पुलिस पर तंज पड़ा महंगा

नईदिल्ली, एजेंसी। रेव पार्टी में सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में घिरे यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें तब बढ़ गईं जब यह पुष्टि हुई कि इस पार्टी में सांपों के जहर का इस्तेमाल हुआ था। इस मामले में नोएडा पुलिस ने रविवार को एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि 17 फरवरी को एल्विश यादव ने नोएडा पुलिस पर तंज कसा था। जयपुर से आई एफएसएल रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि जो नमूने भेजे गए थे, उनमें कोबरा के करैट प्रजाति के सांपों का जहर था। इसके अध्ययन के लिए छह सदस्यीय टीम बनाई गई। सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर एल्विश ने कहा था कि पुलिस ने सड़क से सपेरों को पकड़ा और उन पर रेव पार्टी में शामिल होने का आरोप लगा दिया।

खुली चुनौती देकर उसने रेव पार्टी में मौजूद होने की बात साबित करने को कहा था। इतना ही नहीं, उसने यह भी कहा था कि अगर नोएडा पुलिस ने आरोप साबित कर दिया तो वह कपड़े खोलकर नाचेगा।

जयपुर से आई एफएसएल रिपोर्ट के अध्ययन के लिए छह सदस्यीय टीम बनाई गई। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत जितने भी केस देशभर में दर्ज हुए, उनका भी अध्ययन किया ताकि सारे तथ्य और सबूत जुटाए जा सकें।

एनडीपीएस ऐक्ट में 20 वर्ष तक सजा का प्रावधानः कानून के जानकारों के अनुसार, सांपों का जहर सप्लाई करने और विष का कारोबार करने के आरोप में यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कई धाराएं बढ़ाई हैं। इनमें एनडीपीएस 8, 20, 27, 27ए, 29, 30, 32 शामिल है। इन धाराओं के तहत अगर एल्विश यादव दोषी पाए जाते हैं तो 20 साल तक की सजा हो सकती है। इसके साथ उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

यह है एनडीपीएस ऐक्टः एनडीपीएस ऐक्ट का मतलब होता है नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस ऐक्ट 1985, जिसे आम तौर पर एनडीपीएस ऐक्ट के रूप में जाना जाता है। भारतीय संसद का एक अधिनियम है, जो किसी भी व्यक्ति को उत्पादन, विनिर्माण, खेती, कब्जा, ब्रिकी, खरीद या किसी भी नशीली दवाई का सेवन करता है, उस पर यह ऐक्ट लगाया जाता है। एल्विश के खिलाफ जिस थाना प्रभारी ने केस दर्ज किया, उसे कुछ समय बाद ही हटा दिया गया था।

पहले मुस्कुराया, फिर चेहरे पर उदासी छाईः रविवार को यूट्यूबर एल्विश यादव को कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उसे 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कोर्ट में पेशी के लिए ले जाते वक्त मुस्कुराता दिखा। वह बॉलीवुड हीरो की तरह कोर्ट में पेश हुआ। कुछ देर बाद उसके चेहरे पर उदासी छा गई। उसकी आंखों में आंसू आ गए।

भारी ब्लंडर हो गया जी ! जिसे लूटने पहुंचे वह निकला एनकाउंटर स्पेशलिस्ट, अफसर ने चखा दिया मजा

नईदिल्ली, एजेंसी। कहते हैं जब वक्त बुरा होता है तो शिकार खुद शेर के मुंह में चला जाता है। ऐसा की एक मामला राजधानी दिल्ली के चाणक्यपुरी में देखने को मिला है। यहां ट्रैक सूट पहनकर एक पार्क में टहल रहे दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर से सोने की चेन लूटने की कोशिश दो लुटेरों को महंगी पड़ गई। इंस्पेक्टर ने बहादुरी के साथ अकेले ही दोनों हथियारबंद बदमाशों को धर दबोचा।

जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम जब को दो लुटेरों ने चाणक्यपुरी के नेहरू पार्क के गेट पर एक व्यक्ति को अपना निशाना बनाया तो उन्हें इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि वे क्या कर बैठे हैं। उन्होंने उस व्यक्ति की सोने की चेन छीनने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद उन्होंने गन निकाल ली और उस व्यक्ति पर हमला करते हुए उसे गोली मारने की धमकी दी। उन्होंने उसे बंदूक की नोंक उसके गले में पड़ी सोने की चेन तोड़ ली और भागने लगे।

हालांकि, यह घटना किसी और व्यक्ति के साथ होती तो आम झपटमारी के तौर पर छोटी सी खबर बनकर रह जाती। लेकिन लुटेरों ने यहां जिस शख्स को निशाना बनाया वह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के जांबाज एनकाउंटर स्पेशलिस्ट विनोद बडोला थे। कुछ ही सेकेंड में तब पासा पलट गया, जब निहत्थे बडोला अकेले ही उन हथियारबंद लुटेरों से भिड़ गए और सड़क पर पैदल ही उनके पीछे दौड़ने लगे। कुछ दूर भागने के बाद पुलिस अधिकारी ने उनमें से एक को धर दबोचा। हालांकि, दूसरा लुटेरा वहां से भागने में सफल रहा।

इसके बाद बडोला ने 112 नंबर डायल कर पीसीआर को घटना की सूचना दी। इस पर भी उन्होंने हार नहीं मानी और स्थानीय पुलिस के साथ दूसरे लुटेरे की तलाश शुरू कर दी। दूसरे अपराधी ने भागने की कोशिश की और राहगीरों के बीच छिपकर एक फव्वारे के पास बैठ गया। उन्होंने उसे भी ढूंढ़कर पकड़ लिया।

डीसीपी (नई दिल्ली) देवेश महला ने कहा कि दोनों लुटेरों की पहचान सरोजिनी नगर के गौरव और तुगलक रोड पर एक झुग्गी बस्ती में रहने वाले पवन देव के रूप में हुई है। दोनों पर हत्या के प्रयास के साथ डकैती की कड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कौन है विनोद बडोलाः 48 वर्षीय विनोद बडोला कई हाई-प्रोफाइल ऑपरेशनों और एनकाउंटरों में शामिल रहे हैं।

पांच महीने के बाद भी नहीं थम रहा गाजा में मौत का सिलसिला

अब तक मारे गए 31 हजार से अधिक फलस्तीनी

दुबई, एजेंसी। इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को पांच महीने से अधिक समय हो गया है। इजरायल लगातार गाजा में हमास के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इजरायल के हमले में गाजा में कम से कम 31,726 फलस्तीनी मारे गए हैं।

इजरायली कार्रवाई में मारे गए 81 फलस्तीनी नागरिकः गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि पिछले दिनों इजरायल के हमले में लगभग 81 फलस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। इसके अलावा 116 लोग घायल हुए हैं। साथ ही इस युद्ध में 31 हजार से अधिक नागरिकों की जान गई है।

7 अक्टूबर को किया इजरायल पर हमलाः बता दें कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था। इस हमले में एक हजार से अधिक इजरायली नागरिक मारे गए और 250 से अधिक नागरिकों को बंधक बना लिया था।

73,792 नागरिक हुए घायलः

इजरायल ने इस हमले का जवाब देते हुए गाजा में सैन्य कार्रवाई शुरू की। इजरायली सेना की कार्रवाई में अबतक 31,726 से अधिक नागरिकी मारे गए हैं। इसके अलावा 73,792 नागरिक भी घायल हो गए हैं।

अफगानिस्तान में घुसकर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक, आतंकी संगठन टीटीपी के ठिकानों को बनाया निशाना; कई लोगों की मौत

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी में दो दिन पहले हुए बम विस्फोट मामले में अब पाकिस्तान ने कड़ा एक्शन लिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों को निशाना बनाया है। पाकिस्तान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में स्थित पाकिस्तान तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की निंदा की है।

खोस्त और पक्तिका प्रांत में एयर स्ट्राइकः पाकिस्तानी सुरक्षा और खुफिया विभाग के दो अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की सीमा से लगे खोस्त और पक्तिका प्रांतों में हवाई हमले किए गए। उन्होंने यह नहीं बताया कि पाकिस्तानी फाइटर प्लेन अफगानिस्तान के अंदर तक गए थे या नहीं।

आतंकी संगठन ने कहा- हमले में मारे गए आठ लोगः वहीं, पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है। प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि पक्तिका के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए, जबकि खोस्त प्रांत में हुए हमले में दो अन्य महिलाएं मारी गई हैं।

आत्मघाती हमले में मारे गए थे सात सैनिकः बता दें कि दो दिन पहले उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी आतंकी संगठन द्वारा निशाना बनाया गया था। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी में घुसा दिया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

रूस पर अमेरिकी हमला हुआ तो चीन सेना भेजेगा

बीजिंग , एजेंसी। चीन की डिफेंस मिनिस्ट्री के एक रिप्रजेंटेटिव ने दावा किया है कि अगर अमेरिका या नाटो देश रूस पर हमला करते हैं तो चीन सेना भेजेगा। यह बात ऐसे समय सामने आई है जब फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा था कि ह्वञ्चह्र को यूक्रेन में सैनिक भेजने चाहिए।

वहीं, पिछले हफ्ते ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने अमेरिका को वॉर्निंग देते हुए कहा था- रूस परमाणु जंग के लिए तैयार है और यूक्रेन में अमेरिकी सेना की तैनाती को जंग बढ़ाने के तौर पर देखा जाएगा।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा था- यूक्रेन में ग्राउंड ऑपरेशन चलाने की जरूरतः पिछले महीने फ्रांस के राष्ट्रपति ने यूक्रेन में सेना उतारने की संभावनाओं को खारिज करने से इनकार कर दिया था। शुक्रवार को उन्होंने फिर से ये बात दोहराई। उन्होंने एक फ्रांसीसी



अखबार ला पेरिसियन से कहा- मैं भी नहीं चाहता की ऐसा हो। मैं इसकी पहल भी नहीं करूंगा पर हमें रूसी सेना को खदेड़ने के लिए यूक्रेन में ग्राउंड ऑपरेशन चलाने की जरूरत है चाहे वो जैसे भी हो।

इटली भी बोला- यूक्रेन में नाटो सैनिक भेजे तो विश्व युद्ध होगाः मैक्रों के बयान के बाद इटली ने 17 मार्च को चेतावनी दी कि अगर नाटो ने अपने सैनिक यूक्रेन भेजे तो तीसरा विश्व युद्ध छिड़ जाएगा। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा- मुझे नहीं लगता है कि नाटो को अपने सैनिक यूक्रेन भेजने चाहिए। अगर ऐसा हुआ तो ये बड़ी गलती होगी। हमें यूक्रेन की इतनी मदद करनी चाहिए जिससे वो अपनी रक्षा कर सके। यूक्रेन में घुसकर रूस के खिलाफ लड़ने का मतलब तीसरे विश्व युद्ध को न्यौता देना होगा।

न्यूक्लियर पावर से चलने वाला रॉकेट भी बनाएंगे रूस-चीनः इधर, रूस और चीन के बीच नजदीकी बढ़ रही हैं। दोनों देश मिलकर चांद पर परमाणु प्लांट बनाना चाहते हैं। इसके लिए दोनों मिलकर काम भी करेंगे। रूसी स्पेस एजेंसी रॉसकॉसमॉस के ष्टश्वह्र यूरी बोरिसोव ने कहा था कि 2033-35 में रूस और चीन मिलकर चांद की सतह पर न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाएंगे।

रूसी स्पेस एजेंसी रॉसकॉसमॉस के ष्टश्वह्र यूरी बोरिसोव ने कहा था- न्यूक्लियर पावर प्लांट को चांद की सतह तक पहुंचाने के लिए रूस न्यूक्लियर पावर से चलने वाला रॉकेट ज्यूस बनाएगा। ये एक कार्गो रॉकेट होगा और पूरी तरह से ऑटोमैटिक होगा। इसे चलाने के लिए इंसान की जरूरत नहीं होगी, सिर्फ लॉन्चिंग पर इंसानों को ध्यान देना होगा।

मार्च 2023 में रूस गए थे शी जिनपिंगः 19 मार्च 2023 को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 2 दिन के दौरे पर रूस पहुंचे थे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात की थी। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने माना था कि न्यूक्लियर वॉर कभी नहीं होना चाहिए। पुतिन ने कहा था कि चीन के पीस प्लान को जंग खत्म करने के आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। चीन के 12 प्वाइंट के पीस प्लान में सिर्फ बातचीत करने और राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करने की बात कही गई।

चीन की वन चाइना पॉलिसी का सपोर्ट करता है रूसः 4 फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन विंटर ओलिंपिक्स की इनॉगरेशन सेरेमनी के लिए बीजिंग पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा था कि रूस वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है। चीन वन ताइना पॉलिसी के तहत ताइवान को अपना हिस्सा बताता है।

वहीं, दोनों देशों ने एक दूसरे के हितों की रक्षा के लिए सहयोग की बात भी कही थी। इसमें उनकी संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और घरेलू मामलों में किसी अन्य देश का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करना शामिल है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129